www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 9 दिसंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –220 । पृष्ठ –12 मूल्य – 4.00




मौलवी को आतंकी तत्वों से जोड़कर पीएम मोदी को निशाना बनाना चाहते हैं भाजपा पृष्ठ 3

अभिमत
■ न्याय मिलने में देरी का मतलब न्याय से वंचित रखना है पृष्ठ 4

■ गाजा पट्टी में 36 में से 14 अस्पताल ही चालू
■ इजरायली सेना के हमले में 6 फिलिस्तीनियों की मौत पृष्ठ 9

खिताबी मुकाबले में भिड़ेंगे सुरेश रैना और हरभजन पृष्ठ 10

## सार संक्षेप

### राजकोट में वंदे भारत ट्रेन पर पथराव

**गुजरात।** देश की वंदे भारत ट्रेन को लेकर कई घटनाओं के सामने आने के बाद गुजरात के राजकोट में बीती रात गुरुवार को बड़ी घटना सामने आई थी जिसमें वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंके गए। इससे ट्रेन के दो कोच की खिड़कियों के कांच टूट गए। बताया जा रहा है, ट्रेन अहमदाबाद से राजकोट आ रही थी। उसी दौरान रात 9 बजे घटना हुई है। आपको बताते चलें, इस घटना को लेकर जहां पर जांच शुरू हुई तो इसे लेकर राजकोट रेलवे बोर्ड के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पथराव की यह वारदात राजकोट से 4 किमी दूर बिलेश्वर के पास हुई। इस हादसे वाली ट्रेन गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी भी इसी ट्रेन में सवार थे। वे अहमदाबाद से राजकोट आ रहे थे।

### राष्ट्रपति ने तोमर, पटेल व सरूता के इस्तीफे किए स्वीकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केंद्रीय मंत्रियों नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद सिंह पटेल और रेणुका सिंह सरुता के मंत्रिपरिषद से इस्तीफे तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिए हैं। इन सभी मंत्रियों ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में जीत के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। मुर्मू ने इन सभी मंत्रियों के इस्तीफे गत गुरुवार रात स्वीकार कर लिए। इसके अलावा राष्ट्रपति ने प्रधान मंत्री की सलाह के अनुसार कैबिनेट मंत्री अर्जुन मुंडा को उनके मौजूदा मंत्रालय के अलावा, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय का प्रभार संभालने का निर्देश दिया है।

### कच्छ में महसूस हुए भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** गुजरात के कच्छ में शुक्रवार की सुबह नौ बजे के करीब भूकंप के झटके महसूस हुए। नेशनल सेंटर फॉल सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार रेक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.9 दर्ज की गई है। कच्छ के अलावा कर्नाटक के विजयपुर जिले में 3.1 की तीव्रता से भूकंप आया। एनसीएस की डेटा के अनुसार शुक्रवार की सुबह 6:52 बजे क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके 1 किमी की गहराई पर आया। शुक्रवार की सुबह 3.8 की तीव्रता से मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग और उससे जुड़े क्षेत्रों में भुकंप के झटके महसूस किए गए। इसमें किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं दी गई है। भूकंप के झटके शहर के दक्षिण-पश्चिम में मॉफलंग इलाके में 14 किमी की गहराई पर आया।

### पुणे की फैक्ट्री में आग से छह महिला मजदूरों की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे के पिंपरी चिंचवड में फायर कैंडल बनाने वाली एक फैक्ट्री के गोदाम में आग लग लग गई। इस हादसे में 6 मजदूरों की मौत हो गई और 8 घायल हो गए। मृतकों में सभी 6 महिलाएं हैं। घायलों को पिंपरी चिंचवड के वाईसीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम के आयुक्त शेखर सिंह ने बताया कि अभी तक मृतकों का पहचान नहीं हो सकी है। आग इतनी भीषण थी कि मजदूरों को भागने का मौका तक नहीं मिला। वहीं, आग बुझाने में दमकल की 6 गाड़ियां लगानी पड़ीं। यह फैक्ट्री देहुरोड पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आती है। फैक्ट्री में बर्थडे पार्टी की फायर कैंडल बनाई जा रही थीं।

# महुआ की लोकसभा सदस्यता खत्म

## एथिक्स कमिटी की सिफारिश मंजूर, पैसे लेकर सवाल पूछने पर हुई कार्रवाई, लोकसभा अध्यक्ष ने किया निष्कासन प्रस्ताव पास

**नई दिल्ली,** 8 दिसम्बर (देशबन्धु)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को 'पैसे लेकर सवाल पूछने' के मामले में शुक्रवार को सदन की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इससे पहले सदन में लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट पर चर्चा के बाद उसे मंजूरी दी गई, जिसमें मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की गई थी। हालांकि महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने के लिए सदन में वोटिंग शुरू होते ही विपक्ष ने बॉयकॉट कर दिया। वोटिंग के बाद लोकसभा स्पीकर ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ निष्कासन प्रस्ताव पास कर दिया। इसके बाद लोकसभा को 11 दिसम्बर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा से निष्कासन के बाद महुआ मोइत्रा ने कहा कि लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने मुझे झुकाने के लिए बनाई गई अपनी रिपोर्ट में हर नियम तोड़ दिया। कैश या गिफ्ट कोई सबूत ही नहीं मिला। एथिक्स कमेटी ने भी जड़ तक पहुंचे बिना मेरे खिलाफ रिपोर्ट बनाई और कंगारू कोर्ट ने बिना सबूत के मुझे सजा दी। इससे पहले भी चर्चा के दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने महुआ मोइत्रा को सदन में बोलने की इजाजत नहीं दी थी। उन्होंने कहा था कि उन्हें पैनल मीटिंग में बोलने का मौका मिला था। मोइत्रा ने आगे कहा कि अगर इस मोदी सरकार ने सोचा कि मुझे चुप कराकर वे अदाणी मुद्दे को खत्म कर देंगे, मैं आपको यह बता दूं कि इस कंगारू कोर्ट ने पूरे भारत को केवल यह दिखाया है कि आपने जल्दबाजी और उचित प्रक्रिया का दुरुपयोग किया है। यह दर्शाता है कि अदाणी आपके लिए कितने महत्वपूर्ण है और आप एक महिला सांसद को रोकने के लिए उसे किस हद तक परेशान करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि एथिक्स कमेटी के पास निष्कासित करने का कोई अधिकार नहीं है। यह आपके अंत की शुरुआत है।



❛ .कैश या गिफ्ट का कोई सबूत ही नहीं मिला एथिक्स कमेटी ने भी जड़ तक पहुंचे बिना मेरे खिलाफ रिपोर्ट बनाई व बिना सबूत के मुझे सजा दी : **महुआ मोइत्रा**

### नौ नवम्बर को की गई थी रिपोर्ट

इससे पहले भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली आचार समिति ने गत नौ नवम्बर को अपनी एक बैठक में महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश वाली रिपोर्ट को स्वीकार किया था।

समिति के छह सदस्यों ने रिपोर्ट के पक्ष में मतदान किया था। समिति के छह सदस्यों ने रिपोर्ट के पक्ष में मतदान किया था। इनमें कांग्रेस से निलंबित सांसद परणीत कौर भी शामिल थीं। समिति के चार विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट पर असहमति जताई थी। विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट को फिक्स्ड मैच करार दिया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे शिकायत में कोई भी दम नहीं है।

### पांच सौ पेज की बनाई गई थी रिपोर्ट

समिति ने 500 पेज की रिपोर्ट बनाई थी। इसमें संसद की गरिमा को बचाने व राष्ट्रीय सुरक्षा को महत्व देने के लिए कई अहम सिफारिश की गई थीं। महुआ पर रिश्वत ले कर अदाणी समूह के खिलाफ कारोबारी हीरानंदानी को लाभ पहुंचाने के लिए सवाल पूछने के आरोप हैं। खुद महुआ ने स्वीकार किया था कि उन्होंने संसद में सवाल पूछने के पोर्टल से जुड़ी अपनी आईडी-पासवर्ड साझा किए थे। हीरानंदानी ने महुआ को रिश्वत देने की बात स्वीकारी थी। विपक्ष विशेषकर तृणमूल कांग्रेस ने आसन से कई बार यह आग्रह किया कि मोइत्रा को सदन में उनका पक्ष रखने का मौका मिले, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पहले की संसदीय परिपाटी का हवाला देते हुए इससे इनकार कर दिया। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने वकील जय अनंत देहाद्राई के माध्यम से मोइत्रा के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को शिकायत भेजी थी, जिसमें उन पर अडाणी समूह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाने के लिए कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर सदन में सवाल पूछने के बदले रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया है।

# प्रदेश में मुख्यमंत्री का चयन करने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**रायपुर,** 8 दिसम्बर (देशबन्धु)। देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने तीन राज्यों में अपने जीत का परचम लहराया है। चुनाव के रिजल्ट आने के पांच दिन बाद अभी तक तीनों जीते राज्यों में बीजेपी ने मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान नहीं किया है। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर सस्पेंस जारी है। इस बीच छत्तीसगढ़ समेत दो अन्य राज्यों के लिए बीजेपी ने पर्यवेक्षक की नियुक्ति कर दी गई है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लिए केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को पर्यवेक्षक बनाया है।







अब पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के बाद रायपुर में बीजेपी प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और नितिन नबीन के साथ विधायकों से रायशुमारी होगी। जल्द विधायक दल की बैठक होगी। इसके बाद बीजेपी मुख्यमंत्री के नाम का एक-दो दिन में ऐलान कर सकती है।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री की दौड़ में आधा दर्जन दावेदार है। सीएम पद को लेकर कई नामों पर चर्चा है। छत्तीसगढ़ में जिन नामों की चर्चा खूब रही है, वो विष्णुदेव साय, गोमती साय, रेणुका सिंह, डॉक्टर रमन सिंह, ओपी चौधरी और अरुण साव हैं। अब बीजेपी आलाकमान ही तय करेगा कि इन सभी में से किसे सीएम की कुर्सी में बिठाया जाएगा।

### राजस्थान मध्यप्रदेश के लिए भी पर्यवेक्षक नियुक्त

भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने राजस्थान मध्यप्रदेश में भी पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ती की है। जिसमें राजस्थान के लिए केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, रास सांसद सरोज पाण्डेय व राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े शामिल है। वहीं मध्यप्रदेश के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण व आशा लकड़ा को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

# लोन नहीं होंगे महंगे ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी

**मुंबई,** 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। भरतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार 5वीं बार ब्याज दरों बदलाव नहीं किया है। आरबीआई ने ब्याज दरों को 6.5 प्रतिशत पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत की थी। वहीं पिछले वित्त वर्ष में रेपो रेट 6 बार में 2.50 प्रतिशत बढ़ाई गई थी। 6 दिसम्बर से चल रही मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को दी। यह मीटिंग हर दो महीने में होती है। इस वित्त वर्ष की पहली मीटिंग अप्रैल में हुई थी। आरबीआई की एमपीसी में छह सदस्य होते हैं। इसमें बाहरी और आरबीआई अधिकारी दोनों होते हैं। गवर्नर दास के साथ, आरबीआई के अधिकारी राजीव रंजन, कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं, और माइकल देबब्रत पात्रा, डिप्टी गवर्नर के रूप में कार्यरत हैं। जबकि शशांक भिड़े, आशिमा गोयल और जयंत आर वर्मा बाहरी सदस्य हैं।




**मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी ने तीन और फैसले लिए**– रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की कमेटी ने लगातार 5वीं बार ब्याज दरों बदलाव नहीं किया है। आरबीआई ने ब्याज दरों को 6.5 प्रतिशत पर जस का तस रखा है। आरबीआई ने भारत में फाइनेंशियल सेक्टर के लिए डेटा सिक्योरिटी और प्राइवेसी बढ़ाने के लिए क्लाउड फैसिलिटी स्थापित करने पर काम कर रहा है। आरबीआई ने लोन प्रोडक्ट के वेब एग्रीगेशन के लिए एक रेगुलेटरी फ्रेमवर्क तैयार करने और एक फिनटेक डिपॉजिटरी स्थापित करने का निर्णय लिया है। इससे डिजिटल लोन देने में अधिक पारदर्शिता आएगी।

### अब यूपीआई से पांच लाख तक कर सकेंगे भुगतान

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए यूपीआई भुगतान सीमा को मौजूदा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपए करने की घोषणा की। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दिसम्बर की द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन की विभिन्न श्रेणियों की सीमा की समय-समय पर समीक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि अब अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों को भुगतान के लिए यूपीआई लेनदेन की सीमा को एक लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए प्रति लेनदेन करने का प्रस्ताव किया गया है।

# लालदुहोमा ने ली मिजोरम के मुख्यमंत्री पद की शपथ

**आइजोल,** 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के नेता लालदुहोमा ने शुक्रवार को मिजोरम के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने राजधानी आइजोल में राजभवन परिसर में लालदुहोमा और अन्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इससे पहले गत बुधवार को ही लालदुहोमा ने राज्यपाल से मिलकर सरकार गठन का दावा पेश कर दिया था। जेडपीएम ने राज्य की 40 में से 27 सीटों पर जीत हासिल कर एमएनएफ और कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया था। पूर्व आईपीएस लालदुहोमा ने जोराम नेशनलिस्ट पार्टी नाम से एक दल बनाया, जिसके जरिए वे राज्य की राजनीति में सक्रिय हुए।




**मिजोरम के पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं लालदुहोमा** – वहीं दूसरी ओर, राज्य के पांच अन्य छोटे दलों के साथ लालदुहोमा की पार्टी ने गठबंधन कर लिया। जिसके बाद वह गठबंधन राजनीतिक पार्टी में तब्दील हो गया, जो 2017 में जेडपीएम पार्टी के नाम से अस्तित्व में आया। मिजोरम में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी जेडपीएम के अध्यक्ष लालदुहोमा मिजोरम के एक पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं। एक स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक, 1972 से 1977 तक लालदुहोमा ने मिजोरम के मुख्यमंत्री के प्रधान सहायक के तौर पर काम किया था। अपनी स्नातक की पढ़ाई के बाद उन्होंने भारतीय सिविल सेवा परीक्षा दी। 1977 में आईपीएस बनने के बाद उन्होंने गोवा में एक स्क्वाड लीडर के तौर पर काम किया। तैनाती के दौरान उन्होंने तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधिकारी के तौर पर उनकी उपलब्धियां सामाचार पत्रों की सुर्खियां बनने लगी थीं। 1982 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना सुरक्षा प्रभारी नियुक्त किया था। पुलिस उपायुक्त के रूप में विशेष पदोन्नति दी गई थी। राजीव गांधी की अध्यक्षता में 1982 एशियाई खेलों की आयोजन समिति के सचिव भी थे।

# उत्तराखंड की तकदीर बदल देगा निवेश : मोदी

अमर नाथ तिवारी

**देहरादून,** 8 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश राजधानी के एफआरआई में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा की उत्तराखंड में निवेशकों के लिए अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। जो उत्तराखंड की तकदीर बदलकर रख देगा। पर्यटन से लेकर कई अन्य दूसरे क्षेत्र ऐसे हैं, जिनमें निवेश समृद्धि लेकर आएगा। इसमें कल्चर, नेचर, एडवेंचर स्पोर्ट्स और योग आदि क्षेत्र शामिल हैं। मोदी ने कहा कि देश भर के उद्योगपतियों को यह समझना होगा की अपने देश में निवेश से भारत के लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा और चहुंओर समृद्धि होगी, हमें परिस्थितियों को अवसरों में बदलना पड़ेगा तभी हम सफलता के नित नए कीर्तिमान स्थापित करते जाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में बेहद खूबसूरत दर्शनीय स्थल हैं, जो दुनिया के किसी भी देश के पर्यटक स्थलों से कमतर नहीं हैं। ऐसे में उत्तराखंड डेस्टिनेशन वेडिंग का एक हब बन सकता है। शादियों पर बेशुमार धन खर्च करने वालों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह परिवार की कम से कम एक शादी उत्तराखंड में करेंगे तो राज्य डेस्टिनेशन वेडिंग का केंद्र बन जाएगा। विदेश में शादियों के स्थान पर देश में विवाह को प्राथमिकता दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में आकांक्षी भारत का निर्माण हुआ है। बड़ी आबादी नए अवसरों से स्वयं को निरंतर जोड़ रही है और देश की प्रगति में योगदान दे रही है। विगत 5 वर्षों में 13.5 करोड लोग गरीबी से बाहर आए हैं और उन्होंने अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के मध्य वर्ग को अपनी क्षमताओं का आकलन करना होगा और उस पर विशऔर उस पर विश्वास जताना होगा तभी एक नया और शक्तिशाली भारत विश्व के पटल पर उभरेगा। उत्तराखंड के स्थानीय ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



### प्रधानमंत्री 11 को विकसित भारत 2047 आइडियास पोर्टल का शुभारंभ करेंगे

**रायपुर,** 8 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 11 दिसंबर को विकसित भारत ञ्च 2047 आइडियास पोर्टल का शुभारंभ करेंगे और वर्चुअल संबोधन देंगे। इस कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण राजभवन में आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री के संबोधन के पश्चात राजभवन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की अध्यक्षता में एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी जिसमें राज्य के सभी शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण उपस्थित रहेंगे।

इस संबंध में आज नीति आयोग नई दिल्ली द्वारा वीडियो कॉफ्रेंसिंग आयोजित कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, उप सचिव दीपक अग्रवाल उपस्थित थे।

### हिमाचल में मंत्रिमंडल विस्तार जल्द : सुक्खू

**शिमला,** 8 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि मंत्रिमंडल विस्तार इसी साल होगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मंत्रिमंडल में खाली पड़े पदों को भरा जाएगा।

विधानसभा में पार्टी की ओर से दी गई दस गारंटियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन गारंटियां पूरी कर दी है। सरकार बनते ही सबसे पहले एनपीएस कर्मचारियों को ओपीएस लागू किया गया। प्रदेश के बेरोजगारों के लिए स्टार्टअप योजना शुरू की गई है। 680 करोड़ की स्टार्टअप योजना के तहत प्रदेश सरकार ई-टैक्सी खरीदकर देगी और सभी टैक्सियां सरकारी विभागों में सेवाएं ली जाएंगी। तीसरी गारंटी के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में इंग्लिस मीडियम स्कूल खोलने को पूरा किया गया है।

# फैसला देते समय अपने विचार न रखें जज : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। दुष्कर्म के एक मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले की भाषा पर सुप्रीम कोर्ट ने आपत्ति जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के कुछ हिस्से बेहद आपत्तिजनक और अनुचित हैं। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने इस पर संज्ञान लेते हुए आपत्ति जताई। बेंच ने कहा कि जज से उम्मीद नहीं की जाती है कि वे फैसला सुनाते वक्त अपने विचार व्यक्त करें। दरअसल कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि किशोर लड़कियों को अपनी यौन इच्छाओं को नियंत्रण में रखना चाहिए और दो मिनट आनंद के फेर में नहीं पड़ना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह की भाषा के इस्तेमाल को आपत्तिजनक बताया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 20 अक्टूबर को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) के एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा था किशोरियों को अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को जारी किया नोटिस**–सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों से यह उम्मीद नहीं की जाती कि वह अपने निजी विचार साझा करें या भाषण दें। यह पूरी तरह से संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत किशोरों के अधिकारों का उललंघन है।

# सहायक शिक्षकों की नियुक्ति 10 दिन के भीतर करे : हाईकोर्ट

**रायपुर,** 8 दिसम्बर (देशबन्धुं)। सहायक शिक्षकों की पोस्टिंग के मामले में हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने सरकार को 10 दिनों के भीतर शिक्षकों को संशोधित शालाओं में ज्वाइनिंग देने के निर्देश दिया है। इससे पहले संशोधन पर राज्य सरकार ने निरस्तीकरण की कार्रवाई की थी, जिसके खिलाफ कई शिक्षकों ने हाईकोर्ट में खाचिका लगाई थी।



प्रदेश के सहायक शिक्षकों को शिक्षकों के पदों में प्रमोशन दिया गया था> प्रमोशन के बाद उनका पदांकन कर विभिन्न स्कूलों में करते हुए पोस्टिंग दी गई थी। सैकड़ों शिक्षकों को दूरस्थ स्कूलों में पदस्थ किया गया था, जिसके खिलाफ शिक्षा विभाग में आवेदन देकर अपनी पोस्टिंग संशोधित करवाते हुए पास के स्कूलों में करवा ली थी। । संशोधन आदेश के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## मिशन सूर्य

### भारत के पहले सूर्य मिशन पर इसरो की बड़ी उपलब्धि

# आदित्य एल-1 ने खींची सूर्य की पहली फुल डिस्क तस्वीरें

**बेंगलुरु, 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 में लगे पेलोड सूट सोलर अल्ट्रॉवायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (सूट) ने सूर्य की फुल डिस्क तस्वीरें खींची हैं। इन तस्वीरों को कैद करने के लिए पेलोड ने कुल 11 फिल्टर का इस्तेमाल किया है। तस्वीरों की डीटेलिंग शेयर करते हुए इसरो ने लिखा है-सूट ने जो तस्वीरें खींची हैं, उनमें सनस्पॉट, ब्लैक स्पॉट, सूर्य का शांत क्षेत्र नजर आ रहा है।**

*इन्हेंइसरो ने शुक्रवार को आधिकारिक हैंडल एक्स पर शेयर किया है। इसरो ने लिखा है- सोलर अल्ट्रॉवायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप पेलोड ने अल्ट्रवॉयलेट वेवलेंथ्स के पास सूर्य की फुल डिस्क इमेज कैप्चर की हैं। इनमें 200 से 400 नैनो मीटर तक की वेवलेंथ में सूर्य की पहली फुल-डिस्क रिप्रजेंटेशन शामिल है। तस्वीरें सूर्य के फोटोस्फीयर और क्रोमोस्फीयर के क्रिटिकल डीटेल्स दिखा रही हैं। सूर्य के वायुमंडल की स्टडी के लिए 2 सितम्बर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन स्पेस स्टेशन से पोलर सैटेलाइट व्हीकल (पीएसएलवी-सी 57) के जरिए आदित्य एल1 मिशन को लॉन्च किया गया था।*

***तस्वीरों से मिलेगा फायदा**–सूट के जरिए भेजी गई तस्वीरों की स्टडी से वैज्ञानिकों को मैग्नेटिक सोलर एटमॉस्फीयर की डायनैमिक कपलिंग की स्टडी में मदद मिलेगी। इससे पृथ्वी की जलवायु पर सोलर रेडिएशन के असर को रोकने में भी मदद मिलेगी। इसके पहले इसरो ने 7 सितम्बर 2023 को आदित्य-एल-1 पर लगे कैमरे से ली गई सेल्फी के साथ पृथ्वी और चंद्रमा की तस्वीरेंशेयर की थीं। आदित्य ने 4 सितम्बर को ये फोटो खींची थीं। फोटो में आदित्य पर लगे 2 इंस्ट्रूमेंट वीईएलसी और सूट भी दिखाई दे रहे थे।*

*लैगरेंज पॉइंट-1 (एल-1) क्या है*

*लैगरेंज पॉइंट का नाम इतालवी-फ्रेंच मैथमैटीशियन जोसेफी-लुई लैगरेंज के नाम पर रखा गया है। इसे बोलचाल में रु नाम से जाना जाता है। ऐसे पांच पॉइंट धरती और सूर्य के बीच हैं, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल बैलेंस हो जाता है और सेंट्रिफ्यूगल फोर्स बन जाती है। ऐसे में इस जगह पर अगर किसी ऑब्जेक्ट को रखा जाता है तो वह आसानी उस पॉइंट के चारों तरफ चक्कर लगाना शुरू कर देता है। पहला लैगरेंज पॉइंट धरती और सूर्य के बीच 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है।*

# भाजपा सरकार में होगा बिलासपुर जिले का दबदबा?

- धरम, अमर तथा मोहले को मंत्री मंडल में फिर मिल सकती है जगह






**बिलासपुर,** 8 दिसंबर(देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद अब प्रदेश में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। एक-दो दिनों में मुख्यमंत्री की घोषणा हो जाएगी और केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा यहां पर मुख्यमंत्री बनाने की रणनीति तैयार की जा रही है। बिलासपुर जिले में दिग्गज बीजेपी नेता इस बार चुनाव जीते हैं। और सत्ता और संगठन में बिलासपुर जिले का इस बार फिर दबदबा होगा। जिसमें मुंगेली लोरमी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पुन्नू लाल मोहले, बिलासपुर जिले से बिल्हा विधानसभा से धरमलाल कौशिक बिलासपुर विधानसभा से अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, धर्मजीत सिंह ने इस बार चुनाव जीता है। वैसे ही भाजपा शासन मैं मंत्रिमंडल में बिलासपुर दुर्ग रायपुर और बस्तर क्षेत्र का दबदबा रहा है। लेकिन इस बार सभी जिलों में खासकर अंबिकापुर सरगुजा क्षेत्र में भाजपा अधिकांश सीट जीती है। इस बार रायगढ़ जिले से भी भाजपा के विधायक सत्ता में होंगे। चुनाव नतीजे घोषित होने के बाद भाजपा के सारे विधायक रायपुर में है और कल केंद्रीय पर्यवेक्षक की मौजूदगी में विधायक दल की बैठक होगी। और कल शाम तक मुख्यमंत्री का फैसला हो सकता है। सोमवार तक मुख्यमंत्री तथा मंत्री पद का शपथ ग्रहण समारोह भी होने की चर्चा है। भाजपा सरकार में इस बार बिलासपुर जिले का वजन ज्यादा होगा। जिले की 6 सीटों में से तीन सीटों पर भाजपा के दिग्गज नेता चुनाव जीते हैं। वहीं मुंगेली जिले में भी दोनों दिग्गज चुनाव जीत गए। इसके पहले भी भाजपा शासन काल में 15 साल तक बिलासपुर जिले के ही विधायक मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष रहे हैं। भाजपा के दिग्गज नेता धरमलाल कौशिक तो भाजपा की दूसरी पारी में विधानसभा अध्यक्ष रहे हैं। पुन्नुलाल मोहले और अमर अग्रवाल भाजपा शासन काल में मंत्री भी रहे हैं। पुन्नूलाल मोहले तो लगातार मंत्री बने अमर अग्रवाल भी लगातार मंत्री बनते रहे जब 2018 में कांग्रेस की सरकार आई थी। तब अमर अग्रवाल यहां चुनाव हार गए थे और धरमलाल कौशिक को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया था, लेकिन तीन पारी में लगातार अमर अग्रवाल ने भाजपा शासन काल में मंत्री पद का दायित्व संभाला था। धरमलाल कौशिक भाजपा की दूसरी पारी में 2008 में विधानसभा अध्यक्ष बने थे। और उसके बाद उन्हें 2013 में भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया गया था। बिलासपुर जिले का दबदबा संगठन और सतता दोनों में रहा है। और इस बार भी भाजपा में सरकार और संगठन में बिलासपुर जिले का दबदबा होगा। अब भाजपा में चर्चा चल रही है कि आदिवासी महिला मुख्यमंत्री के साथ दो उपमुख्यमंत्री प्रदेश सरकार में होंगे। इस बार भी भाजपा शासन काल में बिलासपुर जिले का कद बड़ा होगा और यहीं से सबसे ज्यादा मंत्री भी होंगे जिसमें उपमुख्यमंत्री के रूप में अरुण साहू का नाम शामिल हो सकता है वही धरमलाल कौशिक अमर अग्रवाल और पुन्नूलाल मोहले का मंत्री बनना लगभग तय माना जा रहा है। धर्मजीत सिंह को भी बड़ा पद सरकार में मिल सकता है धर्मजीत पहले कांग्रेस में थे फिर जोगी कांग्रेस में शामिल हुए और अब भाजपा से तखतपुर से विधायक है। वे रमन सिंह के गरीबी भी हैं। वही बिल्हा में लगातार जीत जीत का रिकॉर्ड बनाने वाले धरमलाल कौशिक को भी मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की चर्चा है। बेलतरा विधानसभा की जनता ने पिछले 4 चुनाव से लगातार यहां से भाजपा का विधायक ही सदन में भेजा है और इस बार भाजपा ने अपनी ही पार्टी के विधायक रणजीत सिंह को टिकट नहीं दी और ब्राह्मण उम्मीदवार के रूप में सुशांत शुक्ला को चुनाव मैदान में उतारा और सुशांत यहां से जीत का रिकॉर्ड भी बनाते हुए विधायक निर्वाचित हुए चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के दिग्गज नेताओं ने मेरी तरह की जनता तथा कार्यकर्ताओं से कहा था कि रजनीश सिंह को पार्टी में बड़ा पद मिल सकता है और सरकार बनती है तो सरकार में भी उनकी ताजपोसी की जा सकती है। बेलतरा से भाजपा का प्रतिनिधित्व सरकार में होना चाहिए।

विजय धर दीवान एवं रजनीश सिंह को निगम मंडल तथा प्राधिकरण में जगह मिल सकती है। वही तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक राजू सिंह छत्रिय लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहे और धर्मजीत को जिताने में उनकी अहम भूमिका रही उन्हें भी कोई बड़ा पद भाजपा दे सकती है।

## प्रभावित ट्रेनों के परिचालन में संशोधन

**बिलासपुर**, 8 दिसम्बर (देशबन्धु)। दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद रेल मण्डल के काजीपेट जं-कोंडापल्ली सेक्शन एवं विजयवाड़ा रेल मण्डल के विजयवाड़ा -गोधरा जं के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य जाएगा, इस लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेनि की घोषणा की गयी थी, इस में कुछ संशोधन किया गया है।



इस कार्य के फलस्वरुप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे होकर चलने वाली कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा है, जिसकी जानकारी इस प्रकार है। परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी एवं यात्रियो की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये इन गाड़ियो का ठहराव भी कुछ स्टेशनों दिया जा रहा है।

1 दिनांक 17 दिसम्बर, 2023 को तिरुनेलवेली से चलने वाली गाड़ी संख्या 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग काटपाडी जंक्शन-पाकाला जंक्शन-धर्मवरम जंक्शन-रेणिगुंटा जंक्शन-गुंतकल जंक्शन-सुलेहल्ली-सिकंदराबाद-काजीपेट-बल्हारशाह होकर रवाना होगी एवं इस गाड़ी का ठहराव रेणिगुंटा जंक्शन-विजयवाड़ा-वारंगल स्टेशनों में दिया जायेगा। 2दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 को बिलासपुर चलने वाली गाड़ी संख्या 22815 बिलासपुर-एर्णाकुलम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बल्हारशाह-काजीपेट-सिकंदराबाद-सुलेहल्ली-गुंतकल जंक्शन-रेणिगुंटा जंक्शन-धर्मवरम जंक्शन-पाकाला जंक्शन-काटपाडी जंक्शन होकर रवाना होगी एवं इस गाड़ी का ठहराव वारंगल-विजयवाड़ा- रेणिगुंटा जंक्शन स्टेशनों में दिया जायेगा।

3.दिनांक 10 एवं 17 दिसम्बर, 2023 को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12851 बिलासपुर-चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बिलासपुरङ्करायपुर-लखोली- विजयनगरम-दुव्वाडा-विजयवाड़ा होकर रवाना होगी एवं इस गाड़ी का ठहराव दुर्ग-राजनांदगाँव-गोंदिया-वडसा-नागभीड़-बल्हारशाह-सिरपुर कागजनगर-वारंगल स्टेशनों में दिया जायेगा। 4.दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 को चेन्नई से चलने वाली गाड़ी संख्या 12852 चेन्नई-बिलासपुर सेंट्रल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयवाड़ा-दुव्वाडा-विजयनगरम-बिलासपुर होकर रवाना होगी एवं इस गाड़ी का ठहराव वारंगल- सिरपुर कागजनगर- बल्हारशाह- नागभीड़-वडसा- गोंदिया-राजनांदगाँव-दुर्ग स्टेशनों में दिया जायेगा।

## सार-संक्षेप

### मां परमेश्वरी जयंती आज

**तखतपुर** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। मां परमेश्वरी जयंती पर 9 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे बाईक रैली एवं शाम 4 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी अध्यक्ष रामाधार देवांगन ने दी।

### मैजिक के चालक ने ठेले को मारी ठोकर

**तखतपुर** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मैजिक वाहन के चालक ने ठेला चालक को ठोकर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खम्हरिया निवासी कु कुंती गेंदले ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 6 दिसम्बर को उसका पिता गौतरिहा गेंदले तखतपुर काम करने आए थे पिकअप से समान उतारकर ठेले में दोपहर 3 बजे पहुंचा रहे थे तभी नया बस स्टैण्ड के पास मैजिक क्रमांक सीजी 10 एनसी 7479 का चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया। जिससे उसके पैर में गंभीर चोंटे आयी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### छत्तीसगढ स्कूल पहुंचे बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला

**बिलासपुर,** 8 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर के भूतपूर्व छात्र व बेलतरा विधयाक सुशांत शुक्ला स्वयं शाला आकर शिक्षको व कर्मचारियों से कुशल क्षेम पूछी,इस अवसर पर शाला के प्राचार्य प्रशांत चिपडे ने व समस्त शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ व पुष्पहार से उनका स्वागत किया।इस अवसर पर उन्होंने अनुदान प्राप्त शालाओ की समस्याओ के निराकरण के लिये आश्वस्त किया।

### फीस वृद्धि का छात्रों ने किया विरोध

**बिलासपुर,** 8 दिसंबर (देशबन्धु)।अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलसचिव को विश्वविद्यालय द्वारा अनियमित रूप से बढ़ाई गई छात्रों के परीक्षा फीस को कम करने एवं फार्म भरने की तिथि मे वृद्धि करने के लिए एन.एस.यू.आई.साथियों के साथ सौंपा ज्ञापन। एन एस यू आई छात्रनेता सवितेश ने बताया कि फीस बढ़ने से किस तरह छात्र परेशान हैं, एवं वेबसाइट मे फार्म भरने मे भी बहुत सारी दिक्कतें आ रही है जिससे अभी अधिकांश छात्रों का फार्म भराया नही है। जिसको लेकर एन एस यू आई के साथियों के साथ कुलसचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। और मांग पूरी नही पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौपने मे मुख्य रुप से डिगेश्वर पटेल, किशोर पटेल, दीपक पटेल, किशोर पटेल (दादू) सवितेश गढ़ेवाल, सूर्या आदि छात्र शामिल रहे।

# मरवाही की जनता के साथ जुल्म और अन्याय होने पर पूरी ताकत से जनता के साथ खड़ा रहूंगा

### मरवाही से हार के बावजूद जेसीसी प्रत्याशी गुलाब राज ने जताया जनता का आभार

**गौरला पेंड्रा मरवाही** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। मरवाही से जीसीसी प्रत्याशी रहे गुलाब राज ने कहा है कि मरवाही विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ जब भी कोई जोर जुल्म होगा अन्याय अत्याचार होता मैं पूरी ताकत से जनता के साथ खड़े रहूंगा और अन्य का विरोध करूंगा। आपने अपना, स्नेह व आशीर्वाद दिया मै अभिभूत हूं आप सबका ऋणी हूं। गुलाब राज ने कहा है कि लोकतंत्र में जनता जनार्दन का निर्णय ही सर्वोपरि है जिसे मैं पूरी विनम्रता से स्वीकार करता हूं और सभी मतदाताओं के प्रति अपना आभार प्रकट करता हूं। गुलाब राज ने कहा कि मरवाही के लगभग 40000 मतदाताओं ने मुझ पर विश्वास जताया मेरे पास कोई संसाधन नही था न तो राष्ट्रीय पार्टी का कोई फंडिंग था मेरे पास बस आप लोगों का आशीर्वाद था, प्यार था, जिसके सहारे मै स्वाभिमान की लडाई में एक गांव का आम किसान का आदिवासी बेटा अपनी मिट्टी के अभिमान के रक्षा के लिए इस कर्मयुद्ध मे कूद पड़ा। कम समय में जो जनसमर्थन मुझे मिला यही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है मै जिन्होंने साथ दिया उनका और जिन्होंने नही दिया उनका भी आभारी हूं मै मरवाही के जनता के समक्ष नतमस्तक हूं।



इस चुनाव के दौरान मुझे पूरे क्षेत्र में भ्रमण करने अपनो से मिलने का अवसर मिला यह मेरे जीवन का सबसे बहुमूल्य पल था। यह पूरा क्षेत्र मेरा परिवार है यंहा के जनता जनार्दन से मेरा रिश्ता अटूट है। विश्वास गहरा है

यह रिश्ता एक चुनाव का नही जब जब किसी गरीब, मजलूम, असहाय के साथ जुल्म होगा आपका यह सेवक, आपका भाई,आपका बेटा सदैव आपके सेवा में तत्पर रहेगा। मै आप सभी से वादा करता हूं जब तक मेरी सांस है मै अंतिम दम तक मरवाही के जनता की सेवा करता रहूंगा। इस चुनाव में जिन्होंने मेरी मदद की उन सभी मित्रों का सभी शुभचिंतकों का मीडिया के साथियों का मैं सह्दय के गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूं। गुलाब राज ने कहा कि मै जिंदगी भर मे आप लोगों का कर्ज नही उतार पाऊंगा। इस विषम परिस्थिति में भी आप लोगों ने मेरा साथ दिया। 39882 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे गुलाब राज

उल्लेखनीय की विधानसभा चुनाव 2023 में मरवाही विधानसभा क्षेत्र से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के प्रत्याशी गुलाब राज 39882 मत प्राप्त करके दूसरे स्थान पर रहे जबकि विजय प्रत्याशी भाजपा के प्रणव मरपच्ची 51960 मत पाकर 12078 मत से विजई रहे जबकि मरवाही से कांग्रेस विधायक रहे कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर के के ध्रुव 39 22 1 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे वही गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की प्रत्याशी रितु पंद्राम को 10188 मत से ही संतोष करना पड़ा।

### कांग्रेस प्रत्याशी को हराने में निर्णायक भूमिका रही गुलाब राज की

मरवाही विधानसभा के चुनाव परिणाम को प्रभावित करने में छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी के प्रत्याशी गुलाब राज की निर्णायक भूमिका रही। दरअसल गुलाब राज जेसीसी प्रत्याशी बनने के पूर्व कांग्रेस में थे तथा कांग्रेस की टिकट वितरण प्रणाली से नाराज होकर छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस में प्रवेश लेकर मरवाही से जीसीसी प्रत्याशी बने थे जिसके कारण कांग्रेस का चुनावी समीकरण गड़बड़ा गया था। हालांकि चुनाव के पूर्व तक जिन आदिवासी कांग्रेसी नेताओं ने गुलाब राज के साथ मिलकर कांग्रेस के खिलाफ खुलकर बगावत की थी उनमें से अधिकांश नेता गुलाब राज को चुनावी समर में छोड़कर डुप्लीकेटिंग राजनीति कर रहे थे तथा जीसीसी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे, गुलाब राज का खुलकर साथ नहीं दिया जिसके कारण गुलाब राज 12078 मतों का अंतर पाट नहीं पाए। इसके बावजूद वह कांग्रेस प्रत्याशी को हराने में कामयाब रहे।

# जांजगीर-नैला व पेंड्रारोड स्टेशन में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र की होगी स्थापना

**रोजगार के अवसर के साथ ही आमजनों को किफायती मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण जनऔषधि उत्पाद होंगी उपलब्ध**

### स्टॉल के आबंटन हेतु ई.नीलामी की प्रक्रिया प्रारम्भ

### आबंटन 19 दिसम्बर को होगा

**बिलासपुर**, 8 दिसंबर (देशबन्धु)। रेलवे स्टेशनों पर आने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य और जन कल्याण को बढ़ाने के प्रयास मेंए भारतीय रेलवे ने स्टेशनों के सर्कुलेटिंग क्षेत्रों में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र ;पीएमबीजेकेद्ध स्थापित करने के लिए एक नीतिगत ढांचे की संकल्पना के आधार पर कार्य कर रही है। जो लाइसेंसधारियों द्वारा संचालित किया जाएगा। दैनिक आगंतुकों और यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारतीय रेलवे अपने स्टेशनों पर लगातार सुविधाओं का उन्नयन कर रहा है।

रेलवे स्टेशनों पर पीएमबीजेके स्थापित करने का उद्देश्य सभी को सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण जनऔषधि उत्पाद उपलब्ध कराने के भारत सरकार के मिशन को बढ़ावा देना है। पायलट प्रोजेक्ट के लिए 50 स्टेशनों की पहचान की गई हैए जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के जांजगीर.नैला व पेंड्रारोड स्टेशन भी शामिल है। इसी संदर्भ में लोगों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु मंडल के जांजगीर.नैला व पेंड्रारोड स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र खोलने के लिए स्टॉल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है द्य ज्यादा से ज्यादा यात्रियों के स्टॉल तक पहुँच सुनिश्चित करने हेतु स्टॉल ;आउटलेट सर्कुलेटिंग एरिया के सुविधाजनक स्थानों पर बनाए जाएंगे द्य इन दोनों स्टेशनों में स्टालों का आबंटन हेतु ई.नीलामी की प्रक्रिया रेलवे के निविदा पोर्टल आईआरईपीएस के माध्यम से होगी द्य इन दोनों स्टेशनों में स्टॉल आबंटन के लिए ऑनलाइन नीलामी दिनांक 19 दिसम्बर 2023 को दोपहर 3 बजे निर्धारित की गई है द्य स्टॉल रेलवे प्रशासन द्वारा तैयार कर लाइसेंसधारियों को उपलब्ध कराई जाएगी द्य लाइसेंसधारियों के पास बी फार्मा की डिग्री होना अनिवार्य है अथवा वह बी फार्मा डिग्रीधारी को नौकरी पर रख सकता है द्य साथ ही दवाओं के भंडारण के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि योजना में निहित सभी वैधानिक आवश्यकताओं का पालन करना होगा। इच्छुक व्यक्ति प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र खोलने के लिए स्टॉल आबंटन की इस ई.नीलामी की प्रक्रिया में भाग अवश्य लें द्य यह योजना रोजगार का एक बेहतरीन मौका है इसमें आय के साथ ही जनसेवा करने का सुनहरा अवसर भी प्राप्त होगा। विस्तृत जानकारी बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय के एनएफ़आर अनुभाग में से प्राप्त किया जा सकता है द्य साथ ही 9981198501 नंबर पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी ली जा सकती है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**सहायक शिक्षकों की नियुक्ति...**

एवज में लाखों रुपए के लेन-देन के आरोपों के बाद सरकार ने संशोधन आदेश को 4 सितंबर को निरस्त कर शिक्षकों को एकतरफा कार्यमुक्त कर दिया था।

संशोधन आदेश निरस्तीकरण को लेकर सैकड़ों शिक्षकों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस अरविंद चंदेल ने ट्रांसफर पर 11 सितंबर को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए थे। कोर्ट के निर्देश के बाद शिक्षक ना तो पदांकन वाली शालाओं में ज्वाइन कर पा रहे थे, और न ही संशोधित स्कूलों में। इससे शिक्षकों को वेतन भी जारी नहीं हो पा रहा था, जिसके लिए एक बार फिर शिक्षक कोर्ट पहुंचे थे।

**उत्तराखंड की तकदीर बदल देगा ...**

उत्पादों को विदेशी बाजारों में स्थापित करने से राज्य व यहां के निवासियों को आर्थिक रूप में काफी मदद मिलेगी। उत्तराखंड के कई उत्पाद ऐसे हैं जिनमें लोकल से ग्लोबल बनने की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार इस दिशा में सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्र हर संभव मदद प्रदान करेगा ताकि उत्तराखंड उन्नति के नए सोपान स्थापित कर सके।

# रोलिंग ब्लॉक सिस्टम रेल रखरखाव व मरम्मत का अनूठा अध्याय

### यात्रियों के सुरक्षित सफर एवं संरक्षित परिचालन के लिए प्रतिबद्ध दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**बिलासपुर**, 8 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे 66 हजार से भी अधिक मार्ग किलोमीटर के साथ एकल प्रबंधन के तहत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा रेलतंत्र है। रेल लाइनों के मेंटेनेंस में मुख्य रूप से रेल लाइनों की लाइनिंग, लेवलिंग एवं अलाइनमेंट बहुत ही महत्वपूर्ण है इसके साथ ही साथ रेल लाइनों के नीचे बिछा हुआ गिट्टी या बैलास्ट लाइनों के लिए कुशन का कार्य करती है तथा रेल लाइनों के ऊपर पड़ने वाली गाड़ियों के भार को सही मात्रा में बाँटकर रेल यात्रियों के आरामदायक यात्रा को सुनिश्चित करने में मदद करती है। इसके अतिरिक्त रेल लाइनों में और भी कई प्रकार के मेंटेनेंस जैसे पुराने रेलो को बदलने, प्वाइंट एंड क्रासिंग के रखरखाव तथा रेलवे पूलो आदि की भी मरम्मत एवं रखरखाव जैसी महत्वपूर्ण कार्यों की आवश्यकता को पूरी करने हेतु ट्रैफिक ब्लाक की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त विद्युतीकृत रेल लाइनों के ऊपर गुजरने वाली ओएचई विद्युत लाइनों का मेंटेनेंस रेलवे के विद्युत ट्रैकशन विभाग के द्वारा ब्लाक लेकर किया जाता है तथा सिग्नल एवं आटोमेटिक प्वाइंट एवं क्रासिंग तथा सिग्नल एवं दूरसंचार से संबंधित अन्य उपकरणो की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए ब्लाक की आवश्यकता होती है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत रेल लाइनों के मरम्मत एवं रखरखाव के लिए रोलिंग ब्लॉक सिस्टम अपनाया गया है। इस सिस्टम में रेल रखरखाव व मरम्मत के लिए विभिन्न संबन्धित विभागों द्वारा एक सप्ताह पहले ही ब्लॉक की योजना बनाई जाती है, जिससे समय पर एवं तीव्र गति से यह कार्य संपादित किया जाता है। इससे न केवल रखरखाव एवं मरम्मत कार्य समय पर सम्पन्न किया जाता है बल्कि इसका बेहतर प्रबंधन भी किया जाता है।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 26 सप्ताह का रोलिंग ब्लॉक पूरा किया जा चुका है, जिसमें इंजीनीरींग के 23000 घंटे से अधिक के कार्य पूरे किए गए, वहीं ओवर हैड ईक्विपमेंट के 6500 घंटे से अधिक के कार्य तथा सिग्नल एवं टेलीकॉम से संबन्धित 27000 घंटे से अधिक के मरम्मत एवं रखरखाव के कार्य किए गए। इन ब्लाक आवर के दौरान दिन हो या रात, सर्दी, धूप हो या फिर बरसात कभी भी रेल कर्मचारी ब्लाक में मिले समय का सदुपयोग करते हुए संरक्षित रेल परिचालन के लिए कार्य समापन्न किया गया। इसके साथ ही साथ इन्ही ब्लाक आवर में रेलवे लाइनों पर ट्रैको के मेंटेनेंस करनेवाली मशीनों से भी कार्य लिया जाता है। रेल लाइनों पर जितना जरूरी रेलों का परिचालन, गाड़ियों का समय से चलना है। उतना ही जरूरी रेल परिचालन में संरक्षा को सुनिश्चित करना भी है। हमारे लाखो करोड़ों रेल यात्रियों के विश्वास और भरोसे पर खरा उतरने के लिए जरूरी है कि हमारे यात्रियों के ट्रेनों पर चढ़ने से लेकर उनके गंतव्य तक पहुँचने तक भारतीय रेलवे की विश्वसनीय एवं भरोसे की मुस्कान हमारे रेल यात्रियों के चेहरे पर लगातार बनी रहे।

**न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ क/ तह./ वाचक/ 2023
बिलासपुर, दिनांक 24/11/ 2023

ग्राम खमतराई के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम खमतराई प.ह.नं. 25 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 559/2/त/1, 559/2/त/4 रकबा 1308, 3052 वर्गफुट भूमि की नामांतरण विक्रय विलेख/ फौती/ वसीयतनामा/ दानपत्र के आधार पर किये जाने के लिए श्री गौतम शर्मा आ. गणेश प्रसाद शर्मा निवासी क्रांति नगर बिलासपुर द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 21/12/2023 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 24/11/2023 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

फा.क./ संपदा/ 15/ लीज हस्तां./ 2023 — कोरबा, दिनांक 05.12.2023

**लीज हस्तांतरण हेतु आम सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों के द्वारा भूखण्ड के लीज हस्तांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर नगर पालिक निगम कोरबा कार्यालय साकेत भवन में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | लीजकर्ता का नाम | लीज ग्रहिता का नाम | योजना का नाम | भूखण्ड का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| भूखण्ड | | | | |
| 1/ | 1/ श्री राकेश कुमार लाम्बा, 2/ श्रीमती किरण झा पिता- स्व. देवेन्द्र कुमार लाम्बा स्वयं एवं श्री गोपाल झुनझुनवाला आ. श्री कमला प्रसाद झुनझुनवाला वास्ते आम मुख्तियार श्रीमती पूनम साहनी आ. स्व. देवेन्द्र कुमार लाम्बा, निवासी- भूखण्ड क-महाराणा प्रताप नगर कोरबा, तह. व जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्री दिनेश लाम्बा आ. स्व. देवेन्द्र कुमार लाम्बा, निवासी- भूखण्ड क्र.-104, इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा तह. व जिला- कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 140 साईज 50'×90'= 4500 वर्गफुट (बिना प्रतिफल के हकत्याग) |
| 2/ | श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा आ. स्व. हरिराम शर्मा एवं श्रीमती ममता शर्मा पति श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा, निवासी-मेन रोड कोरबा, तह.व जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती शिरीन हुसैन पति काजी रूखसार हुसैन निवासी- मकान नं.-320, पुरानी बस्ती दर्री,तह.-दर्री जिला-कोरबा (छ.ग.) | पश्चिमी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 202 साईज 50'×60'= 3000 वर्गफुट |
| 3/ | श्रीमती सुरजीत कौर पति स्व. एस. सज्जन सिंह, निवासी-साकेत नगर, लालू राम कॉलोनी कोरबा तह. व जिला- कोरबा (छ.ग.) | श्री गुरविंदर सिंह आ. स्व. एस.सज्जन सिंह, निवासी- साकेत नगर, लालू राम कौलोनी कोरबा तह. व जिला-कोरबा (छ.ग.) | परिवहन नगर कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 67 साईज 30'×50' = 1500 वर्गफुट (बिना प्रतिफल के) |
| 4/ | श्री शिव कुमार अग्रवाल आ. स्व. सत्य नारायण अग्रवाल, निवासी- दर्री रोड कोरबा, तह. व जिला- कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती किरण पारीक पति श्री घनश्याम पारिक, निवासी- मकान नं.- 287/1, टी.पी.नगर कोरबा,तह. व जिला- कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 268 साईज 40'×60'= 2400 वर्गफुट |
| 5/ | श्रीमती देव प्रिया सानबड पति श्री सजिब कुमार सानबड, निवासी- सी/ 763, कावेरी विहार, एन.टी.पी.सी. जमनीपाली, दर्री, तह. -दर्री जिला- कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती सहिस्ता मलिक पति मुनाजिर अहमद मलिक, निवासी- म.नं. 51/4, वार्ड नं.- 43 हसदेव बरॉज डैम, अमन नगर दर्री, कोरबा तह.- दर्री जिला- कोरबा (छ.ग.) | पश्चिमी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 138 साईज 40'×50'= 2000 वर्गफुट |
| 6/ | श्री मुकेश गोयल आ.श्री महावीर प्रसाद गोयल, निवासी- टी.पी. नगर कोरबा तह. व जिला-कोरबा (छ.ग.) | मेसर्स एन.के.एच,मेडिकल प्राईवेट लिमिटेड डायरेक्टर श्री शोभराज चंदानी आ.श्री आर. एल.चंदानी, निवासी- सी1 सी2, एच.आई.जी. / 10 महाराणा प्रताप नगर कोरबा, तह. व जिला- कोरबा (छ.ग.) | पश्चिमी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 122 साईज 40'×50'= 2000 वर्गफुट |
| 7/ | श्री मोतीलाल चन्द्रा आ. स्व. रामबहोर चन्द्रा एवं श्रीमती सुमित्रा देवी चन्द्रा पति श्री मोतीलाल चन्द्रा, निवासी- वार्ड नं.- 26, जगदल्ला, चाम्पा तह.- चाम्पा जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) | श्री रामरूप दुबे आ. स्व. रामस्नेही दुबे, निवासी- ए-1557, कावेरी विहार,एन.टी.पी. सी. जमनीपाली, वार्ड नं.- 43, दर्री, जमनीपाली, तह.-दर्री, जिला-कोरबा (छ.ग.) | पश्चिमी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 275/ई.डब्ल्यू.एस. साईज 20'×40' = 800 वर्गफुट |
| 8/ | 1/ श्री संजीव पी.बोपापुरकर, 2/ श्री राजीव बोपापुरकर एवं 3/ श्री प्रशांत बोपापुरकर पिसरान- स्व. पी.एम. बोपापुरकर, निवासी-जी/ 12 नगर निगम आवासीय कॉलोनी कोरबा, तह. व जिला - कोरबा (छ.ग.) | श्री संजीव पी. बोपापुरकर, आ. स्व. पी.एम. बोपापुरकर, निवासी- जी/ 12, नगर निगम आवासीय कॉलोनी, कोरबा- तह. व जिला-कोरबा (छ.ग.) | कोसाबाड़ी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 1939 साईज 20'×50'= 1000 वर्गफुट |

नोट:- निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन/ आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**

# देश

**उवाच**



"मुझे चार दशक पहले का समय याद आ रहा है, जब मैं कार्यकर्ता के रूप में पिछली पंक्ति में बैठा करता था। चीन युद्ध के बाद पूर्वोत्तर को देश से जोड़े रखने का कार्य करने में परिषद की भूमिका महत्वपूर्ण है। अभाविप वह मूर्ति है, जिसे यशवंतराव केलकर, मदनदास देवी, दत्ताजी डिडोलकर जैसे अनेकों महान शिल्पियों ने 75 वर्षों की इस यात्रा में गढ़ा है:-**अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.7 | `9.4 |
| मुंबई | 32.9 | 22.` |
| कोलकाता | 23.` | 19.` |
| चेन्नई | 28.6 | 26.2 |

# 'लोगों की शिकायतें सुनने के लिए लगा 'प्रजा दरबार'

## तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री ने प्रजा दरबार में सुनीं जनता की शिकायतें



**हैदराबाद**, 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने पद संभालने के एक दिन बाद शुक्रवार को लोगों की शिकायतें सुनने के लिए 'प्रजा दरबार' आयोजित किया जो एक नियमित व्यवस्था होगी। उन्हें मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर सुबह से कतार में लगे लोगों से आवेदन प्राप्त हुए। मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी के साथ रेवंत रेड्डी ने लोगों की शिकायतें सुनीं और उनकी याचिकाएं लेने के बाद उन्हें अधिकारियों को सौंप दिया। महिलाओं सहित सैकड़ों लोग मुख्यमंत्री को विभिन्न समस्याओं के बारे में अपना ज्ञापन सौंपने के लिए शुक्रवार सुबह बेगमपेट में ज्योतिराव फुले प्रजा भवन पहुंचे। रेवंत रेड्डी, जो अभी भी जुबली हिल्स में अपने घर पर रह रहे हैं, सुबह 10 बजे के आसपास प्रजा भवन पहुंचे और व्यक्तिगत रूप से नागरिकों की शिकायतें सुनीं। सीएम से मिलने वालों में व्हीलचेयर पर बैठे कुछ मरीज और दिव्यांग भी शामिल थे।

मुख्यमंत्री को वृद्धावस्था पेंशन और घर के लिए अपनी याचिका देने वाले नागरिकों में से एक नागेश ने मीडियाकर्मियों से कहा कि उन्हें खुशी है कि लंबे समय के बाद कोई मुख्यमंत्री जनता की शिकायतें सुन रहा है। उन्होंने संयुक्त आंध्र प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी का जिक्र करते हुए कहा, 'ऐसा लगता है जैसे वाईएसआर सर का पुनर्जन्म हो गया है।' नारायण रेड्डी, जिन्होंने एक दशक से भी अधिक समय पहले बिजली के झटके के कारण दोनों हाथ और एक पैर खो दिया था, ने मुख्यमंत्री से कृत्रिम अंगों की व्यवस्था करने का अनुरोध किया। कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनाव घोषणापत्र में प्रजा दरबार को पुनर्जीवित करने का वादा किया था। गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद रेवंत रेड्डी ने प्रगति भवन का नाम बदलकर ज्योतिराव फुले प्रजा भवन करने की घोषणा की थी। सत्ता संभालने के तुरंत बाद, नई सरकार ने इमारत के सामने लगी लोहे की बाड़ को भी हटा दिया, ताकि लोगों को सीएम के आधिकारिक आवास तक बिना रोक-टोक पहुंच मिल सके।

### कैबिनेट विस्तार पर चर्चा के लिए तेलंगाना सीएम दिल्ली में

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी मंत्रियों को विभागों के आवंटन और मंत्रिमंडल विस्तार के बारे में कांग्रेस नेतृत्व के साथ चर्चा करने के लिए शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद, वह बेगमपेट हवाई अड्डे से एक विशेष विमान से राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। गुरुवार को शपथ लेने वाले 11 मंत्रियों के बीच वितरित किए जाने वाले विभागों पर वो एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। एक-दो दिन में छह मंत्रियों के नाम फाइनल होने की संभावना है। तेलंगाना में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 18 मंत्री हो सकते हैं। मंत्री पद के लिए विभिन्न हलकों से मांग आ रही है।

## दलितों, आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार पर एनसीआरबी रिपोर्ट भाजपा-आरएसएस के षड्यंत्र को उजागर करती है: कांग्रेस



'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार, यह एससी, एसटी समुदायों के जीवन को असुरक्षित बनाने के लिए भाजपा का काला पत्र है:-**मल्लिकार्जुन खड़गे**

**नई दिल्ली**, 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दलितों, एससी, एसटी समुदायों के खिलाफ अपराधों को लेकर सरकार पर कटाक्ष करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह समाज को विभाजित करने के भाजपा-आरएसएस के षड्यंत्रकारी एजेंडे को उजागर करता है। खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार, यह एससी, एसटी समुदायों के जीवन को असुरक्षित बनाने के लिए भाजपा का काला पत्र है। अन्याय, अत्याचार और उत्पीड़न समाज को बांटने के लिए एक दशक से भाजपा का षड्यंत्रकारी एजेंडा रहा है।' खड़गे ने एनसीआरबी रिपोर्ट के ग्राफिक्स संलग्न करते हुए कहा, 'दलितों और आदिवासियों पर नियमित अत्याचार भाजपा-आरएसएस के 'सबका साथ' के पाखंड को उजागर करता है।' ग्राफिक्स में उन्होंने पोस्ट किया कि 2013 की तुलना में दलित समुदायों के खिलाफ अपराध में 46.11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि आदिवासी समुदायों के खिलाफ अपराध में 48.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कांग्रेस देश में दलितों, आदिवासियों, एससी और एसटी समुदायों के खिलाफ अपराध को लेकर सरकार की आलोचना करती रही है।

## संसद से

### राज्यसभा में वक्फ बोर्ड एक्ट निरस्त करने के लिए प्राइवेट मेंबर बिल

**नई दिल्ली**, 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। राज्यसभा में शुक्रवार को वक्फ बोर्ड (एक्ट) अधिनियम 1995 को निरस्त करने का प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया गया। यह बिल भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने पेश किया। सदन में इस बिल को पेश करने के संबंध में मतदान भी कराया गया। इस बिल को पेश करने के समर्थन में 53 सदस्य थे। जबकि, इसके विरोध में 32 सदस्यों ने अपना मत प्रदान किया। उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद यादव ने यह बिल पेश करने की अनुमति मांगते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड अधिनियम 1995 समाज में द्वेष और नफरत पैदा करता है। यह अपनी अकूत ताकत का दुरुपयोग करता है। समाज की एकता और सद्भाव को विभाजित करता है। अपनी अकूत शक्तियों के आधार पर सरकारी, निजी संपत्तियों तथा मठ, मंदिरों पर मनमाने तरीके से कब्जा करता है। यादव ने राज्यसभा सभापति से कहा कि यह एक्ट पीड़ित पक्षों को उनके अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ अदालत जाने से रोकता है। न्यायपालिका और अदालत की सर्वोच्चता को खंडित करता है। अतः मैं आपकी अनुमति से देश हित में वक्फ बोर्ड अधिनियम 1995 को निरस्त करने के वाले विधेयक को पुनर्स्थापित करने की इजाजत देने की मांग करता हूं। राज्यसभा के कई सांसद इस प्राइवेट मेंबर बिल के खिलाफ खड़े नजर आए। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने बिना अनुमति के बोलते हुए कई बार प्राइवेट मेंबर बिल पर डिवीजन की मांग की। यह मांग दोहराने पर सभापति ने जयराम रमेश को फटकार लगाते हुए कहा कि जयराम रमेश यह सदन है कोई मछली बाजार नहीं है, यह काफी महत्वपूर्ण स्थान है। थोड़ी देर बाद इस विषय पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने मत विभाजन की बात फिर से कही। इस पर सभापति ने कहा, 'मैं जयराम रमेश को कहूंगा कि मेरी कुर्सी पर आकर बैठ जाएं। मुझे लगता है कि वह स्थिति को बेहतर नियंत्रित कर सकते हैं, या मुझे अपना काम करने दीजिए। जयराम आप दूसरे सदस्यों के बोलने के अधिकार को प्रभावित कर रहे हैं।'

### कोरोना के बाद कम उम्र के 6 लाख लोगों को आया हार्ट अटैक

नई दिल्ली। भारत में 50 वर्ष से कम आयु के 5 लाख से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु हार्ट अटैक से हुई है। शुक्रवार को यह जानकारी राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने दी। उन्होंने कहा कि फाईजर की वैक्सीन जो अमेरिका में कई लोगों को लगाई गई थी, जब उन पर दबाव आया, तो अब जाकर उन्होंने बताया है कि इस वैक्सीन के क्या-क्या साइड इफेक्ट हैं। उन्होंने कहा कि शायद हमें इस पर भी आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। कोविड के गंभीर स्वरूप में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जो दवाइयां बताई गई, क्या उसमें कहीं कोई कमी रह गई। प्रियंका चतुर्वेदी ने राज्यसभा में कहा कि यह एक महत्वपूर्ण विषय है। इस पर खास तौर पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस विषय पर गाइडलाइंस दिए हैं लेकिन वह इतनी पुख्ता नहीं है कि इस समस्या का समाधान दे सकें। शुक्रवार को राज्यसभा में उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिन्हें हृदय रोग की कोई समस्या नहीं थी, लेकिन अचानक हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हो गई। राज्यसभा सांसद ने इसे कोरोना से जोड़ा। उन्होंने कहा कि भारत में हार्ट अटैक की बढ़ती घटनाएं चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को इस विषय पर थोड़ी और ज्यादा रिसर्च कर डाटा एकत्र करना चाहिए। इसके जरिए यह देखा जाना चाहिए कि कोरोना के उपरांत क्या प्रभाव हो रहे हैं।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति ने तोमर, पटेल और सरुता के इस्तीफे स्वीकार किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केंद्रीय मंत्रियों नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद सिंह पटेल और रेणुका सिंह सरुता के मंत्रिपरिषद से इस्तीफे तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिए हैं। इन सभी मंत्रियों ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में जीत के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार श्रीमती मुर्मू ने इन सभी मंत्रियों के इस्तीफे गुरुवार रात स्वीकार कर लिए। इसके अलावा राष्ट्रपति ने प्रधान मंत्री की सलाह के अनुसार कैबिनेट मंत्री अर्जुन मुंडा को उनके मौजूदा मंत्रालय के अलावा, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय का प्रभार संभालने का निर्देश दिया है। राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार और राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर को जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार संभालने को कहा है। राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार को जनजातीय मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव जीतने वाले अपने सभी 12 सांसदों से इस्तीफा देने के लिए कहा था।

### सीबीआई ने कर्नाटक बलात्कार के आरोपी को संयुक्त अरब अमीरात से वापस लाने में की मदद

नई दिल्ली। कर्नाटक पुलिस द्वारा वांछित बलात्कार के आरोपी को, जिसके खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी किया गया था, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के समन्वित प्रयासों के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात से वापस लाया गया। यहां सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि मिधुन वी.वी. चंद्रन की कर्नाटक पुलिस को बेंगलुरु शहर के महादेवपुरा थाने में बलात्कार, आपराधिक धमकी और अन्य अपराधों के मामले में तलाश थी। उन्होंने कहा, 'सीबीआई के ग्लोबल ऑपरेशंस सेंटर ने इंटरपोल एनसीबी - अबू धाबी; कर्नाटक पुलिस; और भारतीय दूतावास, अबू धाबी के साथ समन्वय किया और रेड नोटिस वाले आरोपी को कर्नाटक पुलिस की एक टीम के साथ संयुक्त अरब अमीरात से भारत वापस लाया गया है।' अधिकारी के अनुसार, सीबीआई ने उसके संयुक्त अरब अमीरात में होने का पता लगाया था। अधिकारी ने कहा कि कर्नाटक पुलिस के अनुरोध पर इस साल 2 जनवरी को इंटरपोल जनरल सचिवालय से उसके खिलाफ सीबीआई द्वारा एक रेड नोटिस जारी किया गया था।

### तेलंगाना में आदिवासियों पर पुलिस गोलीबारी की जगह पर मेमोरियल पार्क बनाया जाएगा

**हैदराबाद।** तेलंगाना की नई कांग्रेस सरकार ने आदिलाबाद जिले के इंदरवेल्ली गांव में उस स्थान पर एक स्मारक पार्क के बनाने के लिए एक एकड़ सरकारी जमीन आवंटित की है, जहां 42 साल पहले पुलिस गोलीबारी में कई आदिवासी मारे गए थे। ए. रेवंत रेड्डी के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभालने के कुछ घंटों बाद, सरकार ने अमरा वीरुला स्तूपम या शहीदों के स्मारक के पास 'स्मृति वनम' के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए भूमि आवंटित करने का आदेश जारी किया। इस तरह उन्होंने पिछले साल आदिलाबाद के आदिवासियों से किया अपना वादा पूरा कर दिया है।

## सियासी घमासान के बाद अजित पवार की एनसीपी ने जेल में बंद पूर्व मंत्री नवाब मलिक को 'खारिज' किया



मलिक 18 महीने तक जेल में रहे और मेडिकल जमानत पर रिहा हुए

**नागपुर (महाराष्ट्र)**, 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक दिन पहले हुए राजनीतिक विवाद से परेशान उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने उनकी सत्तारूढ़ सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एपी) ने शुक्रवार को अपने दागी पूर्व मंत्री नवाब मलिक को एक तरह से 'खारिज' कर दिया। मलिक, जो 18 महीने तक जेल में रहे और मेडिकल जमानत पर रिहा हुए, गुरुवार को महाराष्ट्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए नागपुर पहुंचे। विधानसभा में वह सत्ता पक्ष की सीट पर जाकर बैठ गये। नाराज फडणवीस ने गुरुवार शाम को अजित पवार पर निशाना साधा और मलिक के सत्ता पक्ष में शामिल होने पर कड़ी आपत्ति जताई, लेकिन शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन, उन्हें (मलिक को) सत्ता पक्ष की पिछली पंक्ति में बैठे देखा गया, जिससे उनकी भौहें तन गईं। राज्य राकांपा (एपी) के अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा, 'विधायक नवाब मलिक कई वर्षों से हमारे वरिष्ठ सहयोगी रहे हैं, उनका उन घटनाओं (एनसीपी विभाजन) से कोई लेना-देना नहीं था जो बीच की अवधि में हुई थीं (जब वह जेल में थे)। 'हमने उनके साथ कोई राजनीतिक चर्चा नहीं की है।'

अपनी पार्टी के कई नेताओं की मलिक से मुलाकात और बधाई का जिक्र करते हुए, तटकरे ने दावा किया कि चिकित्सा आधार पर उन्हें जमानत मिलने के बाद, 'हम उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए पुराने सहयोगियों के रूप में मिले थे, और विधानसभा में आने के बाद, यह स्वाभाविक था कि वह पुराने परिचितों से बातचीत करते और उनसे मिलते हैं। जैसे-जैसे यह मुद्दा गरमाया और सत्तारूढ़ महायुति सरकार को शर्मिंदा होना पड़ा, यह पता चला है कि राकांपा (एपी) के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल के आज दिन में फडणवीस से मिलने और इस पर चर्चा करने की संभावना है।

## मौलवी को आतंकी तत्वों से जोड़कर पीएम मोदी को निशाना बनाना चाहते हैं भाजपा विधायक: सिद्दारमैया



विधायक यतनाल ने मौलवी तनवीर हाशमी के साथ फोटो जारी कर उन पर आरोप लगाए हैं, लेकिन असली निशाना पीएम मोदी ही लगते हैं और यह बात धीरे-धीरे सामने आ रही है:-**सिद्दारमैया, मुख्यमंत्री**

**बेलगावी, (कर्नाटक)** 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा है कि भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने मौलवी सैयद तनवीर हाशमी, जिन्हें तनवीर पीर के नाम से जाना जाता है, के खिलाफ आतंकवाद से संबंध होने का आरोप लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने की कोशिश की। सिद्दारमैया ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा कि विधायक यतनाल ने मौलवी तनवीर हाशमी के साथ फोटो जारी कर उन पर आरोप लगाए हैं, लेकिन असली निशाना पीएम मोदी ही लगते हैं और यह बात धीरे-धीरे सामने आ रही है। उन्होंने तंज कसा, 'मीडिया में जारी तस्वीरें पीएम मोदी सहित भाजपा नेताओं के मौलवी हाशमी के साथ संबंधों को स्पष्ट रूप से बताती हैं। क्या यह विश्वास किया जा सकता है कि विधायक यतनाल, जो मौलवी हाशमी के पड़ोसी हैं और उनसे करीबी तौर पर जुड़े हुए हैं, को इसके बारे में पता नहीं था।'

कर्नाटक सीएम ने लिखा, 'भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष और विपक्ष के नेता (एलओपी) का पद गंवाने के बाद विधायक यतनाल गुस्से से उबल रहे हैं। पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इसका बदला लेने के लिए उन्होंने मुझ पर और मौलवी हाशमी पर आरोप लगाए।' उन्होंने कहा, 'विधायक यतनाल को यकीन था कि इस मुद्दे को उठाने और मेरे खिलाफ आरोप लगाने के बाद, पीएम मोदी के साथ मौलवी के रिश्ते भी सार्वजनिक हो जाएंगे। उन्होंने मेरे खिलाफ आरोप लगाकर नाटक रचा, लेकिन उनका असली इरादा पीएम और भाजपा नेतृत्व का अपमान करना था।' सिद्दारमैया ने कहा, 'सार्वजनिक रूप से मौलवी हाशमी के साथ मेरे मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं। हाशमी ने केंद्र सरकार के माध्यम से जांच को भी चुनौती दी है। अब, पीएम मोदी अपने खिलाफ आरोपों का जवाब देने के लिए मजबूर हैं। अगर हाशमी के आतंकी कनेक्शन हैं तो पीएम मोदी को तुरंत जांच का आदेश देना चाहिए और मौलवी हाशमी के साथ अपने रिश्ते को स्पष्ट करना चाहिए।'

**पीएम मोदी ने कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से करोड़ों की रकम बरामदगी पर कसा तंज**

## देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के 'भाषणों' को सुनें



जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है:-**मोदी**

**रांची**, 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और उनके करीबियों के ठिकानों से आयकर छापे में बरामद की गई रकम की गिनती 200 करोड़ से भी ज्यादा पहुंच गई है। आलमारियों में नोटों की गड्डियों की तस्वीरें सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गई हैं।

खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे जुड़ी मीडिया में प्रकाशित एक खबर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है, 'देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के 'भाषणों' को सुनें... जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।' प्रधानमंत्री ने अपने इस पोस्ट में हंसी वाली इमोजी भी डाली है। प्रधानमंत्री के इस पोस्ट को मात्र 50 मिनट के अंदर 10 हजार से ज्यादा लोग रिपोस्ट कर चुके हैं। भाजपा की केंद्रीय कमेटी और झारखंड राज्य इकाई ने भी इसे रिपोस्ट किया है। प्रधानमंत्री के इस पोस्ट के बाद झारखंड के भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग की है।

बता दें कि आयकर विभाग सांसद साहू और उनके रिश्तेदारों-करीबियों के ठिकानों पर पिछले तीन दिनों से छापेमारी कर रहा है। ओडिशा में बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड (बीडीपीएल) के ठिकानों से सबसे ज्यादा कैश बरामद किए गए हैं। सांसद साहू के झारखंड के रांची एवं लोहरदगा और ओडिशा स्थित आधा दर्जन ठिकानों पर भी साथ-साथ छापेमारी चल रही है। इसके अलावा बंगाल में भी कुछ ठिकानों पर छापा चल रहा है।

छापेमारी में आय-व्यय से जुड़े दस्तावेजों के अतिरिक्त और क्या मिला है, इसकी जानकारी आधिकारिक तौर पर जारी नहीं की गई है, लेकिन नोटों के गड्डियों की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। ओडिशा में धीरज साहू के रिश्तेदारों के नाम पर कई कंपनियां हैं। इनमें बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाई एश ब्रिक्स), क्वालिटी बाटलर्स प्राइवेट लिमिटेड व किशोर प्रसाद विजय प्रसाद बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

## दिग्विजय के गढ़ में शिवराज की हुंकार, बोले -'कांग्रेस को उसके अहंकार ने हराया'



ईवीएम ने नहीं, बल्कि, कांग्रेस को उसके अहंकार ने हराया है। जिन्होंने 10 साल प्रदेश और राघौगढ़ में राज किया वो प्रदेश और राघौगढ़ के अपराधी हैं:-**शिवराज सिंह चौहान**

■ शिवराज सिंह चौहान हार वाले स्थानों का दौरा कर रहे

**भोपाल**, 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक तरफ जहां प्रचंड जीत मिली है, कई स्थानों पर भाजपा को हार भी मिली है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हार वाले स्थानों का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के गढ़ राघौगढ़ पहुंचे और कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि ईवीएम ने नहीं, बल्कि, कांग्रेस को उसके अहंकार ने हराया है। राघौगढ़ में रोडशो करके कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस और दिग्विजय सिंह पर जमकर हमला करते हुए चौहान ने कहा कि जिन्होंने 10 साल प्रदेश और राघौगढ़ में राज किया वो प्रदेश और राघौगढ़ के अपराधी हैं। साल 2003 में मैंने राघौगढ़ से चुनाव लड़ा था। उस वक्त मुझे लगता था कि मुख्यमंत्री का क्षेत्र है तो विकास भी बेहतर ही हुआ होगा, लेकिन जैसे ही मैंने राघौगढ़ में प्रवेश किया तो पता ही नहीं चला कि, सड़कों में गड्ढे हैं या फिर गड्ढों में सड़कें। न बिजली थी, न पानी था, न ही सड़कें थी। कांग्रेस के जमाने में पूरा प्रदेश अंधेरे में डूबा हुआ था। शिवराज ने दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि राघौगढ़ को जो अपनी जागीर मानते थे और जिनके पास आस-पास की सीटों को जिताने का ठेका था, उनके जिले में भाजपा प्रत्याशी 60 हजार, 50 हजार वोटों से जीते हैं।

**लाइफ मिशन मामला**

## सुप्रीम कोर्ट ने केरल के सीएम के पूर्व सहयोगी को जेआईपीएमईआर में मेडिकल जांच कराने का आदेश दिया




**नई दिल्ली**, 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के पूर्व प्रधान सचिव एम. शिवशंकर को जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (जेआईपीएमईआर) पांडिचेरी में मेडिकल जांच कराने को कहा। सेवानिवृत्त नौकरशाह शिवशंकर को इस साल अगस्त में लाइफ मिशन मामले में उनके खिलाफ दायर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के सिलसिले में शीर्ष अदालत ने चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दी थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की अध्यक्षता वाली पीठ से आग्रह किया कि वह शिवशंकर की केरल के बाहर किसी सरकारी अस्पताल में जांच कराने का निर्देश दे। तदनुसार, पीठ ने, जिसमें न्यायमूर्ति अरविंद कुमार भी शामिल थे, पांडिचेरी के जेआईपीएमईआर में शिवशंकर की चिकित्सा जांच करने का आदेश दिया और कहा कि वह मामले की आगे की सुनवाई शीतकालीन अवकाश के बाद करेगी। इस बीच, उसने निर्देश दिया कि पहले दी गई अंतरिम जमानत को सुनवाई की अगली तारीख तक बढ़ाया जाए। शिवशंकर की ओर से अधिवक्ता ए. सेल्विन राजा की सहायता से वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मुथुराज उपस्थित हुए। पिछली सुनवाई में ईडी ने विस्तार देने का विरोध करते हुए कहा था कि शिवशंकर का आवेदन निजी अस्पतालों द्वारा जारी प्रमाणपत्रों पर आधारित है। शिवशंकर को 31 जनवरी को सेवा से सेवानिवृत्त होने के तुरंत बाद केंद्रीय एजेंसी ने लाइफ (आजीविका, समावेशन और वित्तीय सशक्तिकरण) मिशन से संबंधित रिश्वत मामले में गिरफ्तार कर लिया था। लाइफ मिशन केरल सरकार की एक आवास सुरक्षा योजना है जिसका उद्देश्य राज्य के सभी भूमिहीन और बेघर निवासियों को घर उपलब्ध कराना है। यह आरोप लगाया गया है कि कई व्यक्तियों, जिनमें शिवशंकर सहित सरकारी अधिकारी भी शामिल हैं, ने लाइफ मिशन परियोजना के माध्यम से केरल में बाढ़ पीड़ितों के लिए यूएई रेड क्रिसेंट से प्राप्त धन से आर्थिक लाभ और अवैध संतुष्टि प्राप्त की।

**तैयारी** | *16वीं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 69 सीटें ही जीत पाई*

# राजस्थान में आजादी के बाद छठी गैर कांग्रेसी सरकार बनेगी

**जयपुर, 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में सोलहवीं विधानसभा के चुनाव में 115 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार का शीघ्र ही गठन होने वाला है और यह प्रदेश में आजादी के बाद छठी गैर कांग्रेसी सरकार होगी।**

भाजपा ने राजस्थान में भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्य सभा सांसद सरोज पांडेय और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है और वे भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता का चुनाव कराएंगे और इसके बाद उस नेता के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी जो प्रदेश में अब तक हुए सोलह विधानसभा चुनावों में छठी गैर कांग्रेसी सरकार होगी जबकि आजादी के बाद अब तक दस बार कांग्रेस की सरकार रही है हाल में हुए 16वीं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 69 सीटें ही जीत पाई हैं। राजस्थान में आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए छठीं विधानसभा के चुनाव में पहली बार भारी बहुमत 150 सीट के साथ जनता पार्टी की भैंरो सिंह शेखावत के नेतृत्व में पहली गैर कांग्रेसी सरकार बनी। उस समय कांग्रेस केवल 41 सीट ही जीत पाई। इसके बाद वर्ष 1990 में नौवीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने जनता दल के साथ गठबंधन के साथ श्री शेखावत के नेतृत्व में दूसरी बार गैर कांग्रेसी सरकार बनी। नौवीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 85 सीटें जीती जबकि उसके सहयोगी दल जनता दल ने 55 सीटें जीतकर दूसरे और 50 सीट जीतकर कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। इसके बाद वर्ष 1993 में दसवीं विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 96 सीटें जीती और निर्दलीयों के सहयोग से भाजपा के श्री शेखावत ने प्रदेश में तीसरी बार गैर कांग्रेसी सरकार बनाई और उन्होंने राज्य में तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया। इस चुनाव में कांग्रेस ने 76 सीटें हासिल की जबकि 21 निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव जीता। इसके बाद वर्ष 2003 में 12वीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 120 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया और श्रीमती वसुंधरा राजे के नेतृत्व में प्रदेश में चौथी गैर कांग्रेसी सरकार बनी और श्रीमती राजे पहली बार एवं राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनी। इस चुनाव में कांग्रेस 56 सीटों पर ही जीत हासिल कर सकी। वर्ष 2013 में 14वीं विधानसभा के चुनाव में भाजपा को 163 सीटों के साथ प्रचंड बहुमत मिला और श्रीमती वसुंधरा राजे को दूसरी बार प्रदेश की मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ। यह राज्य में पांचवीं गैर कांग्रेसी सरकार थी। इस चुनाव में कांग्रेस अब तक की अपनी सबसे कम 21 सीटों पर ही सिमट गई।




**विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्य सभा सांसद सरोज पांडेय और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े को पर्यवेक्षक नियुक्त किया**

आजादी के बाद वर्ष 1952 में पहली विधानसभा चुनाव से लेकर वर्ष 1972 में हुए पांचवीं विधानसभा चुनाव तक लगातार पांच बार कांग्रेस की सरकार बनी।

# अभिमत

*आम वादी को न्याय भ्रामक और आर्थिक नजरिए से अवहनीय लगता है। मुकदमे के लिए पांच साल से अधिक समय से इंतजार कर रहे किसी भी व्यक्ति से मिलें तो उसके चेहरे पर जीवन और स्वतंत्रता पर अपरिवर्तनीय परिणामों का दर्द स्पष्ट दिखाई देगा। न्याय में देरी से पीड़ित लोगों की एक बड़ी संख्या प्रकारांतर से गरीब और वंचित है। फिर भी न्याय प्रणाली में देरी कुछ लोगों के लिए आर्थिक अर्थ रखती है। उदाहरण के लिए, मुकदमे में देरी से कुछ वकीलों को लाभ होगा।*

## न्याय मिलने में देरी का मतलब न्याय से वंचित रखना है



जीएन बाजपयी

**मामलों की प्रगति को उच्चतम स्तर पर ट्रैक किया जाना चाहिए और हर छह महीने में संसद में पेश किया जाना चाहिए। एक साल से अधिक पुराने मामलों को अलग-अलग अदालतों द्वारा निपटाया जाना चाहिए और जो एक वर्ष या उससे कम पुराने हैं, वे अलग से निपटाये जाएं। इन मामलों के लिए समय सीमा न्यूनतम होनी चाहिए जो मामले के प्रकार पर निर्भर करता है।**

भारत के लोकतंत्र के गर्भगृह के रूप में विख्यात ऐतिहासिक संसद भवन को नवीनतम सुविधाओं से लैस नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुरानी इमारत का अपना इतिहास, भावना और कहानी है। जैसा कि मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा- 'यहां तक कि उस इमारत की ईंटों और दीवारों में ब्रिटिश काल से लेकर आजादी के बाद भारत के 15 प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल तक की कहानियां और किस्से थे। पुरानी संसद लोकतंत्र की सर्वोच्च सीट के केंद्र के रूप में उभरी यह इमारत आने वाले समय के लिए अमर रहेगी।' इस जगह का नाम 'संविधान भवन' रखा गया है क्योंकि आखिरकार स्वतंत्र भारत का संविधान यहां पेश किया गया था, बहस की गई थी और उसे अपनाया गया था। जब हम बदलते हैं, अधिक आधुनिक बनते हैं, उपयोग और उपभोग करने के लिए रिक्त स्थान का विस्तार करते हैं, शाब्दिक रूप से बिल्डिंग शिफ्ट के मामले में और रूपक रूप से हमारे दृष्टिकोण और विचारों के संदर्भ में तो गंभीर वादों पर फिर से विचार करना उचित है। संविधान की प्रस्तावना में अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रतिष्ठापित किया गया है, हम भारत के लोग, सत्यनिष्ठा से संकल्प कर रहे हैं..., अपने सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए।'

4 अप्रैल 2023 को जारी तीसरी भारतीय न्याय रिपोर्ट में दर्ज किया गया कि दिसंबर 2020 तक उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में कुल 490 लाख मामले लंबित रहे। इनमें से 190,000 मामले 30 वर्षों से लंबित थे और 56 लाख मामले10 से अधिक वर्षों से लंबित हैं। इसके अलावा जेल में बंद कैदियों में से 77 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं जिन्हें मुकदमों की प्रतीक्षा में हिरासत में रखा गया है। 2021 में हिरासत में बंद 88,725 विचाराधीन कैदियों ने औसतन 1-3 साल का समय हिरासत में गुजारा था। 24,033 से अधिक विचाराधीन कैदियों ने पांच साल और 11,049 ने पांच साल से अधिक समय हिरासत में बिताया। 2 अगस्त, 2022 तक सुप्रीम कोर्ट में कुल 71,411 (56,365 सिविल और 15,076 आपराधिक) मामले लंबित थे।

ये आंकड़े न्याय नहीं मिलने की एक खतरनाक तस्वीर पेश करते हैं। इसे कहने का सबसे आसान तरीका है कि 'न्याय में देरी न्याय से वंचित रखना है'। मैग्ना कार्टा की धारा 40 में कहा गया है- 'किसी को भी हम न्याय के अधिकार से इनकार या देने में देरी नहीं करेंगे।' 1948 में अपनाई गई मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा भी न्याय के अधिकार की गारंटी देती है। अत्यधिक देरी अपरिवर्तनीय दीर्घकालिक परिणाम देती है। न्याय प्रणाली में भरोसे को यह लगातार और धीरे-धीरे, चुपके से मार देता है।

देश की विभिन्न सरकारों ने फास्ट ट्रैक अदालतों, विशेष न्यायाधिकरणों, उपभोक्ता अदालतों, लोक अदालतों आदि की स्थापना जैसे कदम उठाए हैं। देरी के कारणों की भी पहचान की गई है- जैसे कि सरकार सबसे बड़ी वादी है, न्याय प्रणाली के लिए अपर्याप्त बजट, जनसंख्या के लिहाज से न्यायाधीशों का कम अनुपात, क्षमता और प्रतिबद्धता की कमी, मानदंड के रूप में स्थगन, लंबी न्यायिक प्रक्रिया, कार्य संस्कृति आदि।

शीघ्र न्याय प्रदान करने के लिए एक विशेष बुनियादी ढांचा निगम, न्याय प्रशासन की निगरानी और प्रशासनिक सुधार करने के लिए एक अलग प्राधिकरण की स्थापना, प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों को अलग करने, सरकार के साथ सहयोग और समन्वय आदि जैसे सुझाव दिए गए हैं।

हालांकि आम वादी को न्याय भ्रामक और आर्थिक नजरिए से अवहनीय लगता है। मुकदमे के लिए पांच साल से अधिक समय से इंतजार कर रहे किसी भी व्यक्ति से मिलें तो उसके चेहरे पर जीवन और स्वतंत्रता पर अपरिवर्तनीय परिणामों का दर्द स्पष्ट दिखाई देगा। न्याय में देरी से पीड़ित लोगों की एक बड़ी संख्या प्रकारांतर से गरीब और वंचित है।

फिर भी न्याय प्रणाली में देरी कुछ लोगों के लिए आर्थिक अर्थ रखती है। उदाहरण के लिए, मुकदमे में देरी से कुछ वकीलों को लाभ होगा। इसे देखते हुए इस क्षेत्र में पुनर्विचार की तत्काल आवश्यकता है।

कहा जाता है कि आज सरकार प्राथमिकताओं के शीघ्र निष्पादन के लिए खड़ी है और 'मिशन मोड' में लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की बात करती है। इसका एक उदाहरण सभी के लिए नल के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने या सरकार का 'नल से जल' कार्यक्रम है।

इसी तरह न्याय प्रदान करना भी एक मिशन होना चाहिए। इस तरह के मिशन की यात्रा इस पहचान के साथ शुरू होनी चाहिए कि मामलों के निपटान में कौन, कैसे और क्या देरी करता है। देरी से निपटने के लिए, विशेष रूप से अनियमित मामलों में, अपरंपरागत तरीकों पर विचार किया जाना चाहिए। यदि आवश्यक हो तो कानूनों, संहिताओं, नियमों, विनियमों, प्रक्रियाओं में संशोधन पर विचार किया जाना चाहिए। यह संभव है। जैसा कि 'महिला आरक्षण विधेयक' के मामले में हुआ जिसे संसद के दोनों सदनों ने बिना किसी देरी के पारित कर दिया।

निपटान में तेजी लाने के लिए मामलों को श्रेणियों में अलग करना भी संभव होना चाहिए। इस तरह के वर्गीकरण के आधार पर मामलों के निपटान के लिए एक समय सीमा तय की जानी और लागू की जानी चाहिए। विभिन्न प्रक्रियाओं में विलंब के लिए जवाबदेही निर्धारित की जानी चाहिए और तेजी से कार्रवाई की जानी चाहिए। न्यायपालिका को भी इस जवाबदेही के अधीन किया जाना चाहिए।

हर जिले में कम से कम एक दर्जन मॉनिटर नियुक्त किए जा सकते हैं। उन्हें सीमित प्रशासनिक कर्मियों की मदद से कम्प्यूटरीकरण, वर्गीकरण और सुनवाई की करीबी निगरानी, साक्ष्य एकत्र करने/प्रस्तुतिकरण, तर्क और अंतिम आदेश के लेखन और वितरण के लिए सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है। मामलों की प्रगति को उच्चतम स्तर पर ट्रैक किया जाना चाहिए और हर छह महीने में संसद में पेश किया जाना चाहिए।

एक साल से अधिक पुराने मामलों को अलग-अलग अदालतों द्वारा निपटाया जाना चाहिए और जो एक वर्ष या उससे कम पुराने हैं, वे अलग से निपटाये जाएं। इन मामलों के लिए समय सीमा न्यूनतम होनी चाहिए जो मामले के प्रकार पर निर्भर करता है। सरकार को अपने विवादों के निपटारे के लिए न्यायिक प्रणाली को बंद करने के बजाय वैकल्पिक तंत्र पर विचार करना चाहिए।

आने वाले वर्षों में बड़े पैमाने पर भर्ती, प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे के निर्माण आदि की आवश्यकता हो सकती है और तभी मामलों के निपटान की कवायद को आगे बढ़ाया जा सकता है। समय पर तथा कम खर्च पर न्याय प्रदान करने के साथ-साथ वास्तविकताओं और वादियों के दर्द को समझने के लिए विशेष रूप से वरिष्ठ अधिवक्ताओं से सेवा आमंत्रित की जानी चाहिए।

सुधारों का विरोध होना तय है लेकिन पूरी प्रक्रिया के लिए खुले दिमाग की जरूरत, विश्वास निर्माण के लिए सर्वदलीय सहमति, सुझावों को स्वीकार करने की इच्छा और निष्पक्षता व पारदर्शिता के हित में दिशा बदलने की आवश्यकता होगी।

जब न्याय देने की बात आती है तो अब आधे-अधूरे प्रयासों या पारंपरिक तरीकों का समय बीत चुका है। ऐसी कार्रवाई की जरूरत है जो बड़ी संख्या में पीड़ित लोगों के हित में सावधानीपूर्वक, साहसिक, त्वरित लेकिन निष्पक्ष हो लेकिन ये कानूनी प्रक्रिया को किसी भी तरह से शॉर्ट सर्किट किए बिना किए जाने चाहिए। यह किसी और काम की तरह का एक कठिन कार्य होगा, लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसे अवश्य ही किया जाना चाहिए।

***( लेखक सेबी और एलआईसी के पूर्व चेयरमैन हैं। सिंडिकेट : द बिलियन प्रेस )***

## बीता सप्ताह

**2 दिसंबर**

- रायपुर में चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आस्ट्रेलिया को 20 रनों से हराकर सीरीज जीता।
- संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने सीओपी-33 की मेजबानी का प्रस्ताव रखा।
- वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरिकुमार ने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में टकराव का रूप ले सकते हैं।
- रूस ने अंतरराष्ट्रीय चरमपंथी संगठन 4जीबीटी आंदोलन को प्रतिबंधित किया।

**3 दिसंबर**

- छत्तीसगढ़ राजस्थान, मध्यप्रदेश में और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों के वोटों गिनती शुरु हुई।
- केंद्र सरकार के सर्वदलीय बैठक में 23 विपक्षी दल शामिल हुए। बैठक 4 दिसंबर से शुरु हो रहे शीतकालीन सत्र के सुचारू संचालन के लिए आयोजित।
- चीन के हिमालय एयरलाइंस ने नेपाल की राजधानी काठमांडु से शंघाई तक नई उड़ान सेवा शुरु की।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन सीओपी-28 प्रेसीडेंसी ने 120 से अधिक देशों ने जलवायु व स्वास्थ्य घोषणा का समर्थन किया।

**4 दिसंबर**

- विधानसभा चुनावों की गिनती में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश में भाजपा को बहुमत मिला। तेलंगाना में कांग्रेस जीती।
- मिजोरम विधानसभा के लिए वोटों की गिनती शुरु हुई।
- कांग्रेस की करारी हार के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिया इस्तीफा।

0 फिलीपींस विश्वविद्यालय के जिम में विश्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई।

**5 दिसंबर**

- मिजोरम में राजनीतिक दल जीरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडीपीएम) ने विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल की।
- हैदराबाद के पास वायुसेना का ट्रेनी विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से दो पायलटों की मौत हो गई।
- राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 2022 की रिपोर्ट अनुसार दिल्ली को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर बताया गया।
- भारतीय मूल के देव शर्मा ने आस्ट्रेलिया संसद में न्यू साऊथ वेतस (एनएसडब्ल्यू) के सीनेटर के तौर पर शपथ ली।

**6 दिसंबर**

- राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगागेंडी की हत्या कर दी गई।
- छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, मिजोरम और तेलंगाना में जारी आदर्श आचार संहिता खत्म कर दी गई।
- मिचौंग तूफान आंध्र के तट से टकराया और मचाई तबाही। 12 लोगों की मौत।
- नासा के मार्स हेलीकॉप्टर ने मंगल ग्रह पर 67 उड़ानें पूरी की।

**7 दिसंबर**

- मिचौंग तूफान से चैन्नई में भारी तबाही से 20 लोगों की मौत हो गई।
- राजस्थान में करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगागेड़ी हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई।
- तेलंगाना में रेवंत रेड्डी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- अमित शाह ने संसद में कहा कि जम्मू-कश्मीर में नेहरू की गलतियों की वजह से समस्याएं झेलीं।

**8 दिसंबर**

- कम दूरी की बैलिस्टिक मिलाइल अग्नि-1 का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण किया गया।
- महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक अजित पवार के एनसीपी गुट में शामिल हो गए।
- कांग्रेस समर्थित छत्तीसगढ़ पांडातराई नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान अविश्वास प्रस्ताव नहीं जीत पाने से कुर्सी खो दिए।
- पेरू की संवैधानिक न्यायालय ने आदेश कर पेरू के पूर्व राष्ट्रपति फुजीमोटी को जेल से रिहा कर दिया।

## चीन की अर्थव्यवस्था अभी भी कोविड सिंड्रोम से बाहर नहीं

■ **अंजन रॉय**

सबसे शक्तिशाली वैश्विक क्रेडिट एजेंसियों में से एक, मूडीज़ ने चीन के आर्थिक दृष्टिकोण को स्थिर से घटाकर नकारात्मक कर दिया है। किसी देश के वित्तीय बाज़ारों और वैश्विक निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय गंतव्य के रूप में इसका प्रमुख निहितार्थ है।

तत्काल, यह परिवर्तन चीन के निवेश या उधार को प्रभावित नहीं कर सकता है। लेकिन दृष्टिकोण का नीचे की ओर संशोधन किसी देश के लिए प्रतिष्ठा का विषय है। इसका तात्पर्य यह है कि चीनी अर्थव्यवस्था के लिए संभावनाएं बहुत उज्ज्वल नहीं हैं और इससे चीन में नये धन का प्रवाह रुक सकता है।

चीन के वित्त मंत्रालय ने मूडी के दृष्टिकोण का विरोध किया है और बताया है कि चीन के पास वित्त का भंडार है और देश की अर्थव्यवस्था को नयी गति देने के लिए सुधार शुरू किये जा सकते हैं।

माना जाता है कि मूडीज़ ने अभी तक चीन की क्रेडिट रेटिंग में कटौती नहीं की थी। इसने अपनी सॉवरेन बॉन्ड रेटिंग के लिए ए-1 रेटिंग बरकरार रखी है, जिसका अर्थ है कि ऐसे बॉन्ड अच्छे निवेश हैं और इन्हें चुकाया जा सकता है। क्रेडिट रेटिंग में बदलाव एक संकेतक है कि संबंधित इकाई अपनी उधारी चुकाने की स्थिति में नहीं हो सकती है।

मूडी, दो वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में से एक, जिनकी बातों को निवेशकों और ऋणदाताओं द्वारा सुसमाचार सत्य के रूप में लिया जाता है, उस दर को बहुत प्रभावित करती है जिस पर एक इकाई (जो एक वाणिज्यिक निकाय है) या एक देश उधार ले सकता है। कम रेटिंग स्पष्ट रूप से उच्च ब्याज दर को आकर्षित करेगी।

मूडीज़ के लिए निकट भविष्य में चीन के दृष्टिकोण को संशोधित करने के लिए तात्कालिक उकसावे की वजह कुछ समय से देखे गये कई प्रतिकूल रुझान हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारक चीन के संपत्ति बाजार में गहरी गिरावट और देश के वित्तीय स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव है।

> **क्षमता के कृत्रिम निर्माण के माध्यम से अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए बढ़ावा देने के इन चीनी अधिकारियों के मौलिक दृष्टिकोण के किसी न किसी समय समस्या में पड़ना तय है। यही कारण है कि चीन की उच्च विकास अवधि फिलहाल खत्म हो गई है, लेकिन भारत से काफी ऊपर अपना स्थान बरकरार रखते हुए दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा।**

इस प्रकार, अर्थव्यवस्था की समग्र वृद्धि धीमी हो गई है। चीन दशकों से 8 प्रतिशत या उससे ऊपर की दर से दुनिया को पछाड़ते हुए आगे बढ़ रहा था। कथित तौर पर तेज़ गति वाले विकास ने करोड़ों लोगों को अत्यंत गरीबी से उठाकर आर्थिक कल्याण की ओर अग्रसर किया है। मध्यम वर्ग में वृद्धि हुई है और यह दुनिया में सबसे बड़े में से एक है।

हालांकि, महामारी के बाद से अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है। देश के सर्वोच्च नेता शी जिनपिंग के निर्देशन में लगाये गये कठोर लॉक-डाऊन ने वस्तुत: सभी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों का गला घोंट दिया था। इसने कई क्षेत्रों को पंगु बना दिया था और मानवीय लागत बहुत अधिक थी। विभिन्न प्रांतों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद ही शीर्ष नेताओं ने नुकसान की सीमा को देखा और कुछ सुधारात्मक कदम उठाये गये।

लेकिन फिर, बंदी की सख्ती जितनी ही अचानक और हैरान करने वाली बात रही उसे खोलना। सभी प्रतिबंधों को अचानक वापस लेने और सावधानीपूर्वक तैयार किये गये अलगाव के परिणामस्वरूप कोविड मामलों में ताजा उछाल आया। कोविड से शुरुआती मौतों के साथ-साथ प्रतिबंध खुलने के बाद हुई मौतों ने देश की अर्थव्यवस्था पर भारी कीमत चुकाई।

व्यक्तियों के कुछ मामलों की तरह, चीन भी लंबे समय से चल रहे कोविड के दुष्प्रभावों से पीड़ित है। कोविड की अधिकता से दीर्घकालिक प्रभाव के लक्षण स्पष्ट हैं। महामारी के तुरंत बाद 8 प्रतिशत और उससे अधिक की वृद्धि दर बीच में 3.5प्रतिशत से भी कम हो गई है। लेकिन अब, रुक-रुक कर ही सही, विकास फिर से शुरू हो रहा है।

मूडीज़ ने अनुमान लगाया है कि चीन 2024 और 2025 दोनों में लगभग 4 प्रतिशत और 2026 से 2030 तक प्रति वर्ष औसतन 3.8 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। कमजोर जनसांख्यिकी सहित संरचनात्मक कारक, 2030 तक संभावित विकास में लगभग 3.5प्रतिशत की गिरावट ला सकते हैं। आधिकारिक तौर पर, चीन को चालू वर्ष के दौरान 5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।

विकास में अचानक गिरावट का मतलब घरेलू मांग को झटका है। वैश्विक सुस्ती और प्रतिकूल भू-राजनीतिक माहौल के कारण निर्यात में मजबूत वृद्धि के अभाव में, चीन घरेलू खपत मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा था और इस तरह घरेलू मांग में बढ़ोतरी होगी। अपनी नयी रणनीति में, उसे निर्यात में गिरावट की भरपाई करनी चाहिए थी। हालांकि, वास्तव में ऐसा नहीं हो रहा है। चीनी अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में मांग अचानक कम हो गई है।

रियल एस्टेट और आवास निर्माण उद्योग देश की अर्थव्यवस्था का लगभग एक तिहाई हिस्सा था। अतीत में देखा गया भारी निर्माण उछाल घरेलू अर्थव्यवस्था को सीमेंट, स्टील, अन्य निर्माण सामग्री से लेकर बिजली के सामान से लेकर फर्नीचर जैसे क्षेत्रों तक हर चीज की अतिरिक्त मांग के साथ बढ़ावा दे रहा है।

वर्षों से, चीन ने देश भर में नये कस्बे और शहर बनाये हैं। वास्तव में, जब से चीनी अर्थव्यवस्था खुली है और उसने अपना महत्वाकांक्षी सुधार कार्यक्रम शुरू किया है, तब से अर्थव्यवस्था में तेजी आई है। बढ़ते शहरीकरण और घर की खरीद ने चीन के उद्योग के एक बड़े क्षेत्र के लिए स्नेहक के रूप में काम किया।

लेकिन, नये घर और व्यावसायिक संपत्ति खरीदने की एक सीमा है। नये शहरों से आवासीय मकान खाली पड़े होने की खबरें आ रही हैं। देश में चारों तरफ भुतहा शहर और खाली आवास सम्पदाएं हैं। यह एक ऐसा मामला था जहां एक ही आर्थिक विकास ट्रिगर का वर्षों से अत्यधिक दोहन किया गया है।

ऊंची उड़ान भरने वाले रियल एस्टेट और निर्माण उद्योगों की एक श्रृंखला चल पड़ी है। जैसे-जैसे रियल एस्टेट की कीमतें नीचे गिरीं अतिरिक्त आवास और वाणिज्यिक संपत्ति स्टॉक के दबाव में, सबसे बड़े डेवलपर्स दबाव में आ गये। इनमें से सबसे बड़ी कंपनी, कंट्री गार्डन में भुगतान संबंधी समस्याएं थीं और वह प्रतिबद्धताओं का पालन नहीं कर सकी। कुछ अन्य ने भी इसका अनुसरण किया।

उनकी विफलताओं के परिणामस्वरूप पूरे प्रांतों में व्यापक विरोध प्रदर्शन और धरने हुए। एक तानाशाही शासन के लिए ऐसे तमाशे घृणित थे। इनमें से कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हटा दिया या सार्वजनिक प्रदर्शन से दूर कर दिया। बहरहाल, इन्होंने अपनी छाप छोड़ी और अर्थव्यवस्था में विश्वास को और बढ़ाया। आवास और रियल एस्टेट क्षेत्रों में संकट के कारण बड़े क्षेत्रों में व्यापक क्षति हुई।

चीन में एक विशाल गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र है, जिसे 'शैडो बेकिंग सेक्टर' कहा जाता है। ये भारत की बड़ी एनबीएफसी की तरह, कुछ हद तक अनौपचारिक प्रकृति की हैं और समग्र मिल को गति प्रदान करती हैं। वे उपभोक्ताओं के साथ-साथ अन्य कॉरपोरेट्स को भी वित्त प्रदान करते हैं।

इनमें से कई चीनी एनबीएफसी का रियल एस्टेट और हाउसिंग सेक्टर में बड़ा निवेश है। वे बड़े संपत्ति शेयरों के समग्र खरीदार होने के साथ-साथ संपत्ति क्षेत्र के कॉरपोरेट्स के धन प्रदाता भी हैं। संपत्ति कंपनियों में परेशानी का मतलब एनबीएफसी या बैंकिंग क्षेत्र के लिए परेशानी है। पिछले हफ्ते ही चीन की सबसे बड़ी एनबीएफसी डूब गई थी।

पूरी स्थिति वित्तीय क्षेत्र के संकट के निर्माण में बदल रही है। सच कहें तो वित्तीय क्षेत्र का संकट सबसे बुरा सपना है क्योंकि इन वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं का पूरी अर्थव्यवस्था में जुड़ाव है। यदि वित्तीय क्षेत्र संकट में है, तो ये वास्तविक अर्थव्यवस्था में काफी तेजी से प्रसारित होते हैं।

संकटग्रस्त आवास और रियल एस्टेट क्षेत्रों ने चीनी स्थानीय सरकारों और नगर पालिकाओं से नयी ज़मीनें खरीदना बंद कर दिया है। ये निकाय इन बिल्डरों और नयी टाऊनशिप के प्रमोटरों को भूमि स्टॉक की बिक्री पर बहुत अधिक निर्भर थे। एक बार जब नगर पालिकाओं और स्थानीय निकायों के लिए भूमि की बिक्री से धन का स्रोत समाप्त हो गया, तो उनका वित्त अवरुद्ध हो गया है।

केंद्र सरकार ने संकटग्रस्त रियल एस्टेट कंपनियों के साथ-साथ स्थानीय सरकारों को संकट से उबारने के लिए कई बचाव उपाय प्रस्तावित किये हैं। इसका मतलब है कि सरकार की राजकोषीय स्थिति और अधिक सुदृढ़ हो सकती है।

वास्तव में, मूडीज़ द्वारा आर्थिक दृष्टिकोण को डाऊनग्रेड करने के लिए उद्धृत कारणों में से एक चीनी संघीय सरकार की राजकोषीय स्थिति के लिए संभावित खतरा है। लेकिन फिर, जैसा कि चीनी वित्त मंत्रालय ने दावा किया है, उसके पास एक विशाल खजाना है। यह मौजूदा संकट से निपटने के लिए नये सुधार लाने और रियल एस्टेट कंपनियों को भारी मात्रा में धनराशि जारी करने का वायदा कर रहा है। हो सकता है, ये सच हो।

लेकिन क्षमता के कृत्रिम निर्माण के माध्यम से अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए बढ़ावा देने के इन चीनी अधिकारियों के मौलिक दृष्टिकोण के किसी न किसी समय समस्या में पड़ना तय है। यही कारण है कि चीन की उच्च विकास अवधि फिलहाल खत्म हो गई है, लेकिन भारत से काफी ऊपर अपना स्थान बरकरार रखते हुए दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

## पांच राज्यों के चुनाव परिणाम : नतीजों के निहितार्थ

■ **कुमार प्रशांत**

कभी जादूगर का खेल देखा है? राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जादूगर के बेटे हैं, लेकिन जादू दिखा कोई दूसरा रहा है। पांच राज्यों में हुआ चुनाव ऐसी जादूगरी का नमूना है। अब जब चुनावी धूल बैठ चुकी है, घायल अपने घावों की साज-संभाल में लगे हैं, विजेता अपनी जीती कुर्सियां झाड़-पोंछ रहे हैं, हम जादू के पीछे का हाल देखने-समझने की कोशिश करें।

मोदी-शाह ने जिस नई चुनावी-शैली की नींव 2014 से डाली है उसकी विशेषता यह है कि न उसका आदि है, न अंत ! यह सतत चलती है। चुनाव की तारीख घोषित होने पर चुनावी-मुद्रा में आना, चुनाव की तारीख तक चुनाव लड़ना और फिर जीत-हार के मुताबिक अपना-अपना काम करना-ऐसी आरामवाली राजनीति का अभ्यस्त रहा है यह देश, इसके राजनीतिक दल! मोदी-शाह मार्का राजनीति इसके ठीक विपरीत चलती है। वह तारीखें देखकर नहीं चलती, नई तारीखें गढ़ती है। चुनावी सफलता की तराजू पर तौलकर वह अपना हर काम करती है।

उनके लिए चुनाव वसंत नहीं है कि जिसका एक मौसम आता है; यह बारहमासी झड़ी है। उनके लिए विदेश-नीति भी चुनाव है, यूक्रेन-फिलीस्तीन-गजा-इजरायल भी और पाकिस्तान भी चुनाव है; जी-20 भी चुनाव है; खेल व खिलाड़ी भी चुनाव हैं; चंद्रयान भी चुनाव है; सरकारी तंत्र व धन भी चुनाव के लिए है। उनके लिए जनता भी एक नहीं, कई हैं जिनका अलग-अलग चुनावी इस्तेमाल है।

> **इस बार पांच राज्यों के चुनाव को 2024 के बड़े चुनाव का पूर्वाभ्यास करार दिया गया था। कांग्रेस ने हिसाब लगाया कि कहां-कहां 'लंबी सत्ता का जहर' भाजपा को मार सकता है, कहां-कहां हमारी सरकार का 'अच्छा काम' हमें फायदा दे सकता है। कांग्रेस की नजर इस पर भी थी कि चुनाव का परिणाम ऐसा ही होना चाहिए कि 'इंडिया' में डंडा हमारे हाथ में रहे। यह गणित बुरा भी था, अपर्याप्त भी।**

मार्च 2018 में प्रधानमंत्री ने जनता का एक नया वर्ग पैदा किया था : विकास के लिए प्रतिबद्ध जिले! 112 जिलों की सूची बनी। ये जिले ऐसे थे जिनके विकास की तरफ कभी विशेष ध्यान नहीं दिया गया था। जो बड़े राजनीतिक पहलवान हैं वे अपने व अपने आसपास के चुनाव क्षेत्रों के लिए सारे संसाधन बटोरने में मग्न रहते हैं। नये चुनाव क्षेत्रों का सर्जन किसी के ध्यान में भी नहीं आता। मोदीजी ने अपनी रणनीति में इसे शामिल किया और 112 जिलों की सूची बना दी।

किसी ने नहीं समझा कि यह चुनाव की नई कांस्टीट्यूएंसी तैयार करने की योजना है। इन जिलों में से 26 जिले ऐसे थे जो मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान तथा तेलंगाना के 81 चुनाव-क्षेत्रों में फैले थे। ये सभी अधिकांशत: आदिवासी व अन्य पिछड़े समुदायों के इलाके थे। पहली बार इन इलाकों को लगा कि कोई है जो इनका अस्तित्व मानता ही नहीं, बल्कि उन्हें आगे भी लाना चाहता है।

यहां विकास की क्या कोशिशें हुईं उनकी समीक्षा का यह मौका नहीं है। मौका है यह समझने का कि इन 81 चुनाव क्षेत्रों में भाजपा ने इस बार कांग्रेस को कड़ी टक्कर लगाई। 2018 में जहां इन क्षेत्रों में भाजपा ने बमुश्किल 23 सीटें जीतीं थीं, 2023 में उसने यहां 52 सीटें जीती हैं- पिछले के मुकाबले दोगुने से ज्यादा। यह अपने लिए नये चुनावी आधार गढ़ने की योजना का एक हिस्सा था। 'स्मार्ट सिटी योजना,' अलग-अलग समूहों को नकद सहायता की लगातार घोषणा आदि सब चुनाव के नये कारक हैं जिनके जनक मोदीजी हैं।

इस बार पांच राज्यों के चुनाव को 2024 के बड़े चुनाव का पूर्वाभ्यास करार दिया गया था। कांग्रेस ने हिसाब लगाया कि कहां-कहां 'लंबी सत्ता का जहर' भाजपा को मार सकता है, कहां-कहां हमारी सरकार का 'अच्छा काम' हमें फायदा दे सकता है। कांग्रेस की नजर इस पर भी थी कि चुनाव का परिणाम ऐसा ही होना चाहिए कि 'इंडिया' में डंडा हमारे हाथ में रहे। यह गणित बुरा भी था, अपर्याप्त भी।

जब एक जादूगर अपने हैट से नये-नये खरगोश निकालकर दिखा रहा हो तब मजमा उस नट को कैसे देखता रह सकता है जिसे तनी हुई रस्सी पर संतुलन साधने का एक ही खेल आता है? और वह भी ऐसा कि संतुलन बार-बार डगमगाता भी रहता है! कांग्रेस राष्ट्रीय दल है तो सही, लेकिन उसके पास राष्ट्रीय सत्ता नहीं है; जो सत्ता है उसे भी वह संभाल नहीं पा रही है। उसके पास राष्ट्रीय पहचान व कद का एक ही नेता है जिसका नाम है- राहुल गांधी !

राहुल गांधी की जानी-अनजानी बहुत सारी विशेषताएं होंगी, लेकिन देश जो देख पा रहा है वह यह है कि वे अब तक राजनीतिक भाषा का ककहरा भी नहीं सीख पाए हैं; उनके पास वह राजनीतिक नजर भी नहीं है जो चुनावी विमर्श के मुद्दे खोज लाती है। कांग्रेस में दूसरा कोई पंचायत स्तर का नेता भी नहीं है। कांग्रेस के पास उसका कोई शाह, कोई योगी, कोई शिवराज, कोई हेमंता नहीं है; वह किसी को बनने भी नहीं देती।

दूसरी तरफ भाजपा है। उसके पास भी एक ही 'राहुल' है- नरेंद्र मोदी! उनके पास हर मौसम की भाषा है, गिद्ध-सी वह राजनीतिक नजर है जो हर मुद्दे को अपने हित में इस्तेमाल करने की चातुरी रखती है। उनका कद इतना बड़ा 'बनाया' गया है कि उसे कोई छू नहीं सकता। फिर नीचे कई नेता है जिनका अपना आभा मंडल है। इन सबके साथ है, एक परिपूर्ण प्रचार-तंत्र, एक परिपूर्ण धन-तंत्र तथा एक परिपूर्ण मीडिया-तंत्र। कांग्रेस का सबसे बड़ा नेता कांग्रेसियों की नजर में भी पर्याप्त नहीं है; भाजपा का नेता भाजपाइयों की नजर में राजनीतिक नेता ही नहीं, अवतार भी है। दोनों का मुकाबला बहुत बेमेल हो जाता है।

'इंडिया' के घटक जानते हैं कि कांग्रेस के कारण ही वे 'इंडिया' हैं, लेकिन वे जो जानते हैं, वह मानते नहीं हैं। इसलिए कोई बंगाल को तो कोई उत्तरप्रदेश को तो कोई तमिलनाडु को तो कोई 'बिहार' को 'इंडिया' मानकर चलता है। इस तरह सब बिखरी मानसिकता से एक होने की कोशिश करते हैं। यह असंभव की हद तक कठिन काम है। 2014 से लेकर अब तक भाजपा की रणनीति यह रही है कि वह अपना राजनीतिक आधार बनाने व बढ़ाने के लिए वक्ती नफा-नुकसान का हिसाब नहीं करती।

राजनीति संभव संभावनाओं का खेल है। 2023 फिर से बताता है कि संभव संभावनाओं में असंभव संभावना छिपी होती है। भाजपा वैसी संभावनाओं को पकड़ने की हर संभव कोशिश कर, असंभव को साधती आ रही है। दूसरे संभव को असंभव बनाने के खेल से बाहर ही नहीं आ पाते। क्या 2024 इसी कहानी को दोहराएगा? देखना है कि कौन नये खरगोश बना व दिखा पाता है।

***( लेखक गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष हैं। )***

उल्टा पुल्टा

पत्नी (पति से)- रात को आप शराब पीकर गटर में गिर गए थे।

पति (पत्नी से)- क्या बताऊं, सब गलत संगत का असर है, हम 4 दोस्त 1 बोतल, और वो तीनों कम्बख्त पीते नही।



# राजस्व मामलों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें- कलेक्टर

## राजस्व अधिकारियों की ली बैठक



**बिलासपुर**, 8 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गंभीरता दिखाते हुए समय पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। आम नागरिकों के प्रकरणों पर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि लोगों को परेशान ना होना पड़े। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र शीघ्र बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम अपने संबंधित तहसील क्षेत्र के प्रकरणों की समीक्षा समय-समय पर सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित हर प्रकरण पंजीकृत होने चाहिए। राजस्व संबंधी प्रकरणों को दर्ज कर निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कार्यालयों में राजस्व प्रकरणों के दर्ज होने से निराकरण होने तक की पूरी प्रक्रिया में आने वाले व्यवहारिक समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से निराकरण हेतु विस्तार से जानकारी दी। साथ ही इस संबंध में अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। उन्होंने कहा कि समय पर प्रकरणों के निराकरण होने से आमजनों को राहत मिलती है।

इस हेतु सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण एवं किसानों की समस्याओं का निराकरण निश्चित समयावधि में करें। कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, सीमांकन, विवादित नामांतरण, ई कोर्ट में दर्ज प्रकरण, डायवर्सन, राजस्व वसूली, डिजीटल हस्ताक्षर की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा।

## स्कूली बच्चों को पुलिस ने दी निजात की जानकारी



**बिलासपुर**, 8 दिसंबर (देशबन्धु)। ग्राम महमंद स्कूल में बच्चो को निजात अभियान के तहत नशा मुक्ति के बारे में बताया गया। और अनुशासन साथ ही, यातायात नियमों की जानकारी। साइबर सुरक्षा/ साइबर अपराध की जानकारी, पोक्सो एक्ट, लक्ष्य निर्धारण के बारे में जानकारी देते हुए तोरवा पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं के बीच अपराधों पर रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# 15 तक शादियों की धूम, शहर के होटल, बैंड-डीजे अधिकांश बुक

**बिलासपुर**, 8 दिसंबर (देशबन्धु)। शादी को लेकर अंचल में चारों ओर जबरदस्त माहौल है। होटल, मैरिज हाल, बैंड बाजा, डीजे से लेकर केटरर्स तक सभी बुक हैं। मेकअप व मेंहदी आर्टिस्ट के पास भी समय नहीं है। क्योंकि 16 दिसंबर से खरमास प्रारंभ हो रहा है। सिर्फ 15 तक शहनाईयां गूजेंगी फिर एक माह तक विवाह, मुंडन व सभी मांगलिक कार्य थम जाएंगे। ज्योतिषाचार्य पंडित वासुदेव शर्मा के मुताबिकइस महीने जो आयोजन हो रहे हैं उसके बाद अगले साल जनवरी में 16 जनवरी से शादियों के शुभ मुहूर्त शुरू होंगे। जो कि मार्च तक चलेंगे। लिहाजा इसलिए इस महीने ज्यादा शादियां हो रही हैं। अधिकतर पंडित इस दौरान शादियों में व्यस्त रहेंगे। पंडित बाबूलाल चतुर्वेदी पंचांग के मुताबिक इस माह केवल नौ, 13 और 15 तारीख को ही शादी के लिए मुहुर्त शेष है। बैंड-बाजा, बारात, टेंट और कैटरिंग और डेकोरेशन वालों के पास इतना काम है कि वे अन्य आर्डर नहीं ले पा रहे हैं। होटल संचालकों का कहना है कि प्रथम पखवाड़े में कई होटलों में तो एक दिन में दो से तीन शादियां होंगी। आलम यह है कि न्यायधानी के सभी बड़े होटलों में ठहरने के लिए कमरा तक नहीं मिल रहा। प्रमुख रूप से तोरवा, जगमल चौक, व्यापार विहार, लिंक रोड, तेलीपारा, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, मगरपारा, उसलापुर, तिफरा रायपुर रोड के ज्यादातर होटल बुक हो चुके हैं।

### ये कार्य एक माह नहीं होंगे

ज्योतिषाचार्य पंडित देव कुमार पाठक के अनुसार 16 दिसंबर से खरमास प्रारंभ होकर 15 जनवरी तक प्रभावशील रहेगा। खरमास के दौरान किसी भी तरह के मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, गृह निर्माण, नव प्रतिष्ठान, वधू प्रवेश, मुंडन-छेदन, देव प्रतिमा प्रतिष्ठा से लेकर उपनयन संस्कार तक नहीं होगा।

### फोटो-वीडियो का क्रेज

एक ओर जहां शादियों के लिए चारों ओर खुशियों का माहौल है वहीं इस साल फोटो और वीडियो को लेकर एकतरफा क्रेज देखने को मिल रहा है। वेडिंग फोटो शूट से लेकर प्री वेडिंग को लेकर ज्यादातर फोटोग्राफर व्यस्त रहे। इसके लिए उन्होंने अच्छा खासा बिल भी थमाया। लोकेशन व मिक्सिंग के जरिए काम लिया।

## सार-संक्षेप

### चुनाव में बेहतरीन काम करने वाले कर्मियों का कलेक्टर ने किया सम्मान




**बिलासपुर**, 8 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने विधानसभा चुनाव में बेहतरीन काम करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। उन्होंने निकट भविष्य में होने वाले चुनाव में भी इसी तरह लगनपूर्वक काम करने की सबसे अपेक्षा की है। मंथन सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में निगम आयुक्त कुणाल दुदावत और जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल भी उपस्थित थे।

उन्होंने इस दौरान कहा कि सभी ने कड़ी मेहनत से काम किया है और निर्वाचन प्रक्रिया में पूरी निष्पक्षता व पारदर्शिता से अपनी जिम्मेदारी निभाई। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी विभाग या किसी कर्मचारी की कोई शिकायत नहीं आई, और किसी भी तरह के अनुशासनात्मक कार्यवाही की स्थिति नहीं बनी यह बेहद प्रशंसनीय है। कलेक्टर ने कहा कि सभी ने टीम भावना के साथ आपसी समन्वय से अपने कर्तव्यों को पूरा किया है और जिले में शांतिपूर्ण सफल निर्वाचन में अपनी भूमिका निभाई है।कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा कि प्रशस्ति पत्र प्रतीकात्मक सम्मान है और निर्वाचन में संलग्न सभी कर्मचारी अधिकारी प्रशंसा के पात्र हैं जिन्होंने निर्वाचन जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य में अपनी महती भूमिका निभाई और आयोग के दिशा-निर्देश के अनुकूल जिले में निर्वाचन संपन्न कराया। कार्यक्रम में रिटर्निंग अधिकारियों और जिला निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश ,लगातार समीक्षा, सहजता से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शंकाओं के समाधान से निर्वाचन के कार्यों को समय पर पूरा करने में उन्हें आसानी हुई और उनके मार्गदर्शन और समन्वय से कहीं कोई समस्या नहीं आई।

### कथा वाचक गोपाल कृष्ण ने गौ माता को बताया कामधेनु, जो करती है सभी कामनाएं पूर्ण

**बिलासपुर**, 8 दिसंबर (देशबन्धु)। मां परमेश्वरी माता पूजा समिति के द्वारा डबरीपारा में आयोजन गौ कथा में कथा वाचक श्री गोपाल कृष्ण रामानुज दास ने गौमाता कि महिमा श्रवण करते हुए कहा गौमाता कामधेनु है जो सकल मनोरथ पूर्ण करती है आज गौवंश कि उपेक्षा की मनुष्य के पतन का कारण बन रहा है जब घर में गाय होती थी तब लोग हर प्रकार के रोगो से मुक्त जीवन निर्वाह करते थे।गाय के सानिध्य में रहने से हर प्रकार के लोगों से बचा जा सकता है गाय के गोमूत्र में एंटिबायोटिक्स के रुप में उपयोग किया सभी बीमारी का उपचार कि जा सकता है मनुष्य के जीवन में का का सर्व श्रेष्ठ स्थान होना चाहिए आज लोग गोचर भूमि पर अवैध कब्जा जमाकर गौवंश को अनुपयोगी बना रहे हैं खेतों में गोबर गोमूत्र पड़ने से सात्विक आहार कि प्राप्ति होती है। पर आज जहरीले पदार्थ डाल कर खेतो कि उर्वरा शक्ति को नष्ट कर दिया गया है गाय पशु नहीं भरत कि जननी है बिना गाय के सनातन धर्म का कोई भी संस्कार पूर्ण कर पाना असम्भव है वेद शास्त्र जिस गाय कि महिमा गाते हैं उसी गाय कि हत्या इस भारत भूमि पर लगा हुआ है भगवान श्री राम भी गौसेवा के लिए ही जन्म लेकर आते हैं कृष्ण भी गोकुल कि ब्रज भूमि में गोपाल बन कर गौसेवा गौरक्षा करते हैं मानव जीवन के लिए गाय उपयोगी है हर प्रकार से गौमाता का दूध दही घी गोमूत्र गोबर लाभ प्रदा है। गौ कथा के इस आयोजन में बड़ी संख्या में देवांगन महिला संगठन वह समाज के लोग उपस्थित थे संगीतमय इस आयोजन में गौमाता के मधुर मधुर भजनों में भक्त झूम उठे।


## अजय जामवाल से मिले संजय



**बिलासपुर**, 8 दिसंबर (देशबन्धु)। भाजपा के दो प्रदेश छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के क्षेत्रिय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों प्रदेश के प्रचंड जीत की बधाई देते ,निषाद के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी संजय सिंह राजपूत साथ मे कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सूरज निषाद, रोहित निषाद, राजकुमार निषाद उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय क्रास कंट्री स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ की टीम तैयार

## 15 जनवरी को बिहार के गया में होगा आयोजन



**बिलासपुर**, 8 दिसंबर (देशबन्धु)। 58वीं क्रास कंट्री एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ टीम में चयनित खिलाड़ियों का नाम जारी कर दिया गया है। चयन सूची के साथ ही अब इन खिलाड़ियों को बहतराई स्थित स्टेडियम में कैंप लगाया जाएगा। इस कैंप में उन्हें इतना परिपक्व कर दिया जाएगा कि वह राष्ट्रीय स्पर्धा के दौरान मेडल पर कब्जा कर सके। यह प्रतियोगिता अंडर-16 बालक-बालिका, अंडर-18 बालक-बालिका और सीनियर महिला व पुरुष प्रतिभागियों के लिए होगी छत्तीसगढ़ की टीम में चयनित खिलाड़ियों का चयन 21वीं राज्य स्तरीय क्रास कंट्री एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। छत्तीसगढ़ की अंडर-16 बालक वर्ग में सरगुजा के आशुतोष कुशवाहा, बिलासपुर के समर्थ साहू, सूरजपुर के अभिषेक कुमार राजवाड़े, बालिका वर्ग में दुर्ग की शीतल कुशवाहा, नीलम यादव व रायपुर की इशा रानी सिन्हा शामिल हैं इसी तरह अंडर 18 बालक वर्ग में बिलासपुर के हर्ष निषाद, नैतिक सोनकर व आदित्य वर्मा, बालिका वर्ग में सूरजपुर की सोनिका राजवाड़े, राजनांदगाव की कविता गड़रिया, बिलासपुर की हर्षा साहू टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। अंडर-20 बालक वर्ग में सारंगढ़ के अभय साहू, जांजगीर-चांपा के दिनेश कुमार कश्यप व बिलासपुर के मोहन का चयन किया गया है। बालिका वर्ग में नीता, निशा साहू व साक्षी यादव को टीम में शामिल किया गया है।

इसके अलावा पुरुष वर्ग में युधिष्ठीर कुमार साहू, आशुतोष कुमार व ए कुमार राजवाड़े चयनित किए गए हैं। इसी तरह महिला वर्ग में रूकमणी साहू , बिम्लेश्वरी व सरस्वती सिंह का चयन किया गया। यह जानकारी छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने दी। प्रवक्ता ने यह भी बताया कि टीम में शामिल खिलाड़ी बेहतर है और इनमें से सभी को राष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलने का अनुभव है।

इसलिए उम्मीद है कि यह खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा में अधिक से अधिक पदक अर्जित कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। प्रशिक्षण इसीलिए आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में खिलाड़ियों को जानकारी भी दी गई है।

# स्कूली बच्चें और शिक्षक झण्डा दिवस टिकट खरीदकर करेंगे भावनाएं प्रकट



**बिलासपुर**, 8 दिसंबर (देशबन्धु)। सशस्त्र झंडा दिवस सात दिसंबर को मनाया जाता है। लेकिन गुरुवार को प्रतिकूल मौसम और बारिश के चलते स्कूल में बहुत कम बच्चे पहुंचे। इसके चलते 8 दिसंबर को अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू होते ही हर एक बच्चे को झंडा दिवस की टिकट वितरित की जाएगी। करीब 500 स्कूली बच्चों के साथ 100 अधिकारी शिक्षक कर्मचारी इस टिकट को खरीदकर सेना के लिए अपनी भावनाएं प्रकट करेंगे।सरस्वती शिशु मंदिर तिलकनगर में शिक्षक नवल सिंह ठाकुर, संस्कार श्रीवास्तव और ज्योति साहू ने देश की सेना के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए टिकट की लांचिंग की। छात्र-छात्राओं के व्हाट्सएप ग्रुप में हर एक छात्रा को यह टिकट खरीदने के लिए प्रेरित किया गया है। नवल सिंह ठाकुर ने बताया कि यह उन जांबाज सैनिकों के प्रति एकजुटता दिखाने का अवसर है। जो देश की तरफ आंख उठाकर देखने वालों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए।सेना में रहकर जिन्होंने न केवल सीमाओं की रक्षा की बल्कि आतंकवादी व उग्रवादी से मुकाबला कर शांति स्थापित करने में अपनी जान न्यौछावर कर दी। देश की सीमा की सुरक्षा तीन सेनाएं कर रही हैं। जमीन मार्ग पर थल सेना मुस्तैद है तो वहीं आसमान पर वायु सेना निगरानी करती हैं। भारत के समुद्री मार्गों और सीमा को सुरक्षित रखने के लिए देश की नौसेना तत्पर है।यह खास दिन थलसेना, नौसेना और वायुसेना के जवानों के कल्याण और देश की सेना को सम्मानित करने के लिए मनाए जाते हैं। भारतीय सशस्त्र सेवा झंडा दिवस मनाने का प्रारंभ स्वाधीनता के बाद से यानी 1949 में पहली बार यह दिन मनाया गया। भारत कई दशकों तक अंग्रेजों का गुलाम रहा। हालांकि 15 अगस्त 1947 को देश स्वतंत्र घोषित हो गया। उन्होंने कहा कि हमारे सामने एक बड़ी चुनौती थी देश की सीमाओं का रक्षा करना। इसके लिए सेनाएं अस्तित्व में आईं, जिन्हें मजबूत किया जाने लगा। आजादी के दो साल बाद 28 अगस्त 1949 को भारत सरकार ने भारतीय सेना के जवानों के कल्याण के लिए एक समिति का गठन किया।

# 16 दिसंबर को मनाया जाएगा धनु संक्रांति

**बिलासपुर** , 8 दिसम्बर (देशबन्धु)। न्यायधानी में 16 दिसंबर को धनु संक्रांति मनाया जाएगा इसी दिन वरद चतुर्थी भी है। मान्यता है कि इस दिन गणपति बप्पा के दर्शन करने एवं व्रत रखने से पुण्य फल प्राप्त होता है। रतनपुर के सिद्धिविनायक एवं रेलवे कालोनी के श्री सुमुख गणेश मंदिर में भक्तों की भीड़ जुटेगी। हिंदू धर्म में संक्रांति का बड़ा महत्व है। हर माह सूर्य जिस राशि में प्रवेश करते हैं उस राशि के नाम पर संक्राति मनाई जाती है। मकर संक्रांति के अलावा साल में धनु संक्रांति का भी विशेष महत्व है, क्योंकि धनु संक्रांति के बाद से एक महीने तक कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होता। ज्योतिषाचार्य पंडित रमेश तिवारी के मुताबिक धनु संक्रांति से खरमास लग जाते हैं, हालाकि ये दिन स्नान-दान, पूजा, मंत्र जाप के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। इस साल धनु संक्रांति 16 दिसंबर शनिवार को है। इसी दिन भगवान श्री गणेश जे के पूजन का दिन भी है। इस दिन वरद चतुर्थी मनाई जाएगी। मान्यता है कि श्री गणेश की कृपा जीवन के सभी असंभव कार्य सहजता से पूर्ण हो जाते हैं। इस दिन व्रत रख कर श्री गणेश का पूजन करने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा विधि-विधानपूर्वक श्री गणेश की पूजा-आराधना करने से वे प्रसन्न होकर शुभाशीष देते हैं।

# लहसुन चार सौ रुपए किलो तक बिक रहा, कमजोर आवक ने बढ़ाई अदरक की कीमत



**बिलासपुर**, 8 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सहित आंध्र प्रदेश में हो रही बे मौसम बारिश ने फसल को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। फसल के नुकसान होने की वजह से अब सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। बाजार में सब्जियों की कीमत डबल से भी ज्यादा हो गई है, वही सबसे ज्यादा लहसुन और अदरक ने लोगों को मुश्किल में डाल दिया है। जहां अदरक डेढ़ सौ से 200 रुपए किलो तक बिक रहा है वही लहसुन ने अदरक को पीछे करते हुए ढाई सौ से 400 रुपए किलो के बीच पहुंच गया है, हालांकि लहसुन की कीमत बढ़ने के पीछे सब्जी विक्रेता इसकी कमजोर फसल की बात कह रहे हैं, लेकिन अदरक और बाकी सब्जियों में बे मौसम बारिश की वजह से कीमत बढ़ने की बात कह रहे हैं।

बिलासपुर संभाग में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से सब्जी की आवक होती है, साथ ही छत्तीसगढ़ के लोकल किसान भी सब्जियों की सप्लाई करते हैं लेकिन दोनों प्रदेश में हो रही बारिश की वजह से सब्जियां खराब हो गई है और ग्रीन हाउस की सब्जियां महंगी कीमत में बाजार में बिक रही है।बिलासपुर पश्चिमी तट पर आए तूफान मिचौंग के आंध्र प्रदेश से टकराने के बाद छत्तीसगढ़ में मौसम बिगड़ गया है. तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। आंध्र प्रदेश में भी लगातार बारिश होने की वजह से सब्जी की आवक कम हो गई है, जहां छत्तीसगढ़ के लोकल मार्केट में स्थानीय किसानों के द्वारा सब्जी सप्लाई की जाती थी, वह आवक बाजार में बंद हो गई है। तीन दिनों से हो रही बारिश ने सब्जी की फसल को खराब करना शुरू कर दिया है और यही हाल आंध्र प्रदेश में भी है. दोनों ही जगह से सब्जियां बाजार में आती हैं और बारिश ने पूरा खेल बिगाड़ दिया है। लगातार हो रही बारिश की वजह से जहां आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है वहीं सब्जियों की कीमत आसमान छूने लगी है. बाजार में हरी सब्जी के अलावा लहसुन और अदरक में भी जबरदस्त उछाल देखा गया है।

### लहसुन की फसल कमजोर थी इस लिए बढ़ रही कीमत

लहसुन बाजार में इस समय 250 से लेकर 400 रुपए किलो तक बिक रही है. अलग-अलग साइज और छोटे-बड़े दाने के मुताबिक लहसुन की कीमत तय हो रही है. छोटे दाने का लहसुन ढाई सौ रुपए से लेकर 300 रुपए किलो तक और मीडियम साइज का लहसुन 3 से 350 रुपए किलो तक बिक रहा है इसके अलावा बड़े दाने का लहसुन 400 रुपए किलो खरीदा जा रहा है. बाजार में सब्जियों की आवक कम तो नहीं हुई है लेकिन कीमत अत्यधिक बढ़ गया है. बारिश की वजह से सब्जी की सप्लाई में प्रभाव पड़ा है इसके अलावा फसल खराब होने की वजह से भी कीमतों में उछाल आई है. स्थानीय बाजार के व्यापारी जुगल किशोर साहू ने बताया कि लहसुन की कीमत 1 महीने से ऊपर नीचे हो रही है क्योंकि लहसुन की पिछले साल फसल कमजोर हुई थी और यही वजह है कि अब स्टॉक खत्म होने को है इसलिए लहसुन की कीमतें बढ़ रही है.

यह कीमत लगभग फरवरी माह तक ऊपर नीचे होते रहेगी. फरवरी के बाद लहसुन की नई फसल बाजार में आ जाएगी और इसके बाद इसकी कीमत कम हो सकती है, लेकिन तब तक लहसुन की कीमतों में ऊपर नीचे उछाल होते रहेगा।

## पखवाड़े में 131 पुरुषों ने कराया नसबंदी

**कोरबा,** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। मिशन परिवार विकास अभियान के तहत पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में 21 नवंबर 2023 से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा अयोजित किया जा रहा है, जिसमें कुल 131 पुरूषों ने नसबंदी कराया है। जिसके अंतर्गत मेडिकल कॉलेज में 01, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करतला में 06, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में 31, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली में 12, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोड़ी-उपरोड़ा में 17 तथा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में 64 पुरुषों ने नसबंदी कराकर छोटा परिवार सुखी परिवार का सपना साकार किया है। सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केसरी ने बताया कि जिले में सास-बहु सम्मेलन तथा मोर मितान मोर संगवारी सम्मेलन के माध्यम से %%स्वस्थ्य माँ स्वस्थ्य बच्चा जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा'' थीम के साथ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा पात्र दपतियों को पुरुष नसबंदी कराने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। दंपतियों में प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए पुरुषों की सहभागिता महत्वपूर्ण है पुरुष नसबंदी में हितग्राही को 3000 रूपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। जिले में रविवार को छोड़कर मेडिकल कॉलेज कोरबा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा, कटघोरा, पाली तथा करतला में पुरुष व महिला नसबंदी की सुविधा उपलब्ध है।

# सत्ता बदलते ही महापौर व पालिका अध्यक्ष की कुर्सी खतरे में

### कांग्रेस पार्षदों की निष्ठा डगमगाएगी या स्थिर रहेंगे..?



### महापौर को जाति में घेरा, पालिका अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव

**कोरबा,** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के साथ ही अब उन निकाय अध्यक्षों की कुर्सी खतरे में पड़ गई है जो कांग्रेस समर्थित होने से काबिज हैं। अब इन्हें कुर्सी से उतारने के लिए विपक्ष के भाजपा पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। संख्या बल भले ही कम हो लेकिन भाजपा के पार्षदों को विश्वास है कि वे कांग्रेस और उसके समर्थक पार्षदों को अपने पक्ष में करके कांग्रेस समर्थित निकायों में फेरबदल करा लेंगे। अब देखना है कि कांग्रेस पार्षदों की निष्ठा डगमगाएगी या फिर वे पहले की तरह स्थिर रहेंगी।

नगर पालिक निगम में महापौर राजकिशोर प्रसाद को कुर्सी से हटाने के लिए जाति प्रमाण पत्र को फर्जी बताते हुए इसके आधार पर ओबीसी से महापौर बनने की शिकायत हुई है। जांच के लिए वर्ष-2021 में भाजपा पार्षद सुश्री रितु चौरसिया द्वारा आवेदन दिया गया था। इस मसले पर कार्रवाई लंबित होने से ध्यानाकर्षण बार-बार कराया जाता रहा। महापौर के विरुद्ध एक बार फिर भाजपा पार्षद दल द्वारा कार्यवाही के लिए स्मरण पत्र अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू को सौंपा गया। कहा गया है कि 12 फरवरी 2021 को महापौर राजकिशोर प्रसाद के द्वारा कूटनीतिक तरीके से स्वयं का जाति प्रमाण पत्र बनवाए जाने की शिकायत जिला स्तरीय जाति प्रमाण सत्यापन समिति में की गई थी। उक्त प्रकरण पर स्मरण पत्र दिनांक 27 मार्च 2021, 3 जनवरी 2023, 16 मई 2023, 7 जून 2023 को दिया गया किंतु प्रकरण आज दिनांक तक लंबित है। स्मरण पत्र सौंपने के दौरान नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, पार्षद रितु चौरसिया, नरेंद्र देवांगन, विकास अग्रवाल, कमला बरेठ, धनश्री साहू, कविता नारायण, पुराइन बाई, शैल कुमारी राठौर, विजय साहू, फिरत साहू, बुधवार साय, उर्वशी राठौर, सुफल दास, भानुमति जायसवाल, अनीता सकुंदी यादव, अजय गोंड़, नारायण दास महंत, अमित मिंज आदि उपस्थित रहे।

### पालिका अध्यक्ष से जताई असंतुष्टि

इसी तरह नगर पालिका परिषद दीपका की अध्यक्ष श्रीमती संतोषी दीवान के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने आवेदन दिया गया है। आवेदन देते हुए कहा गया है कि अध्यक्ष का कार्यकाल 3 वर्ष से अधिक हो गया है तथा पार्षदगण अध्यक्ष द्वारा नगर पालिका में कराये गये विकास कार्यों से संतुष्ट नहीं है। अध्यक्ष द्वारा भेदभाव करते हुए अपने स्वयं के वार्ड में विकास कार्य पर अधिक ध्यान देते हुए निर्माण कार्य कराया जाता है, तथा अन्य पार्षदों के वार्डों में विकास कार्य के लिए बार-बार आग्रह करने पर भी ध्यान नहीं दिया जाता जिससे हमारे वार्ड की आम जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है, आम जनमानस में भारी आक्रोश है। जनता की परेशानी को देखकर पार्षदगण भी परेशानी से गुजर रहे हैं इस वजह से पार्षदों के वार्डों में विकास कार्यों की अनदेखा कर कार्य नहीं कराने के कारण पार्षदगण अध्यक्ष संतोषी दीवान के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की मांग कर रहे हैं।



## नागर कुसमुंडा, रूपक दर्री, अभिनव कोतवाली थाना प्रभारी बनाए गए

कोरबा, 08 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से थाना व चौकियों में प्रभारी बदले हैं। कुसमुंडा थाना के भीतर प्रभारी के सामने ही गुरूवार को ठेका कंपनी एमपीटी के कर्मचारी द्वारा भू-विस्थापित के साथ मारपीट के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने यहां के थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा को हटा कर दूरस्थ बांगो थाना पदस्थ किया है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक ने अन्य थाना-चौकी के प्रभारी भी बदले हैं। इनमें चमनलाल सिन्हा दर्री से पाली, धर्मनारायण तिवारी पुलिस लाइन से बांकीमोंगरा थाना प्रभारी, रूपक शर्मा कोतवाली से दर्री प्रभारी, मनीष चंद्र नागर बांगो से कुसमुंडा थाना प्रभारी, अभिनव कांत सिंह पाली से कोतवाली थाना प्रभारी, किरण गुप्ता रक्षित केन्द्र से सिविल लाइन थाना प्रभारी, मंजूषा पाण्डेय रक्षित केन्द्र से महिला सहायता केन्द्र प्रभारी, उषा सोंधिया बांकीमोंगरा से रक्षित केन्द्र भेज गए हैं। उप निरीक्षक विलायत हुसैन रक्षित केन्द्र से मोरगा चौकी प्रभारी, एसआई लक्ष्मण प्रसाद खूंटे बालकोनगर थाना से रजगामार चौकी प्रभारी पदस्थ किए गए हैं।

# थाना में भू-विस्थापित से मारपीट के आरोपियों पर अपराध दर्ज

**कोरबा-कुसमुंडा,** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। कुसमुंडा थाना के भीतर थानेदार के सामने भू-विस्थापित के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इस मामले में थाना प्रभारी की रिपोर्ट पर थाने के भीतर भू-विस्थापित गोविंदा सारथी के साथ मारपीट करने वाले उमेंद्र सिंह तोमर, तेज प्रताप, कमलेश, शैलू सिंह, अभिषेक व अन्य के विरुद्ध धारा 294, 323, 506, 353, 147, 149, 186 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि इन सभी के विरुद्ध कल ही धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी थाना में की गई है।

बता दें कि कुसमुंडा परियोजना खदान में एमपीटी मां पार्वती ट्रांसपोर्ट कंपनी कार्यरत है। इस कंपनी में रोजगार के लिएस्थानीय भू-विस्थापितों के द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान कामकाज बाधित होने से एसईसीएल प्रबंधन के जीएम मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से जानकारी लेकर एमपीटी कंपनी के मैनेजर को मौके पर बुलवाया। प्रदर्शन स्थल पर भू-विस्थापितों के साथ बातचीत में तनातनी हुई और जातिगत दुर्व्यवहार करने पर मैनेजर शैलू के साथ भू-विस्थापितों ने मारपीट कर दी। यहां बात बिगड़ी और कुछ देर बाद प्रबंधन ने इनकी बैठक कराई लेकिन बात नहीं बनी।

### हटाए गए दीपका के तहसीलदार

इस संवेदनशील मामले में कुसमुंडा पुलिस ने आरोपी एमपीटी कंपनी के 4 कर्मचारियों के विरुद्ध धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें कार्यपालिक दण्डाधिकारी न्यायालय तहसीलदार विनय कुमार देवांगन के समक्ष पेश किया। तहसीलदार के द्वारा इस गंभीर मामले में भी आरोपियों को जमानत दे दी गई। इस जमानत के बाद तहसीलदार को तत्काल प्रभाव से हटाकर जिला कार्यालय अटैच कर दिया गया है। उनकी जगह पर हरदीबाजार के तहसीलदार विष्णु पैकरा को संपूर्ण प्रभार सौंपा गया है।

इधर मारपीट के बाद भू-विस्थापित थाना पहुंच गए। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे भू-विस्थापितों के पीछे-पीछे करीब 50 की संख्या में एमपीटी कंपनी के कर्मचारी भी थाना पहुंच गए। यहां तनाव के मध्य थाना प्रभारी के सामने ही एमपीटी कंपनी के लोगों ने मिलकर भू-विस्थापित गोविंदा सारथी के साथ मारपीट किया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान थाना के बाहर बवाल मचा रहा। दर्री सीएसपी रॉबिंसन गुड़िया कुसमुंडा थाना पहुंचे थे, जिन्होंने एसपी जितेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### हाशिए पर जाने लगे कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, महापौर बनाए गए विशिष्ट अतिथि

**कोरबा,** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। छतीसगढ़ में कांग्रेस के हाथ से सत्ता जाते ही इसका असर भी दिखने लगा है। कांग्रेस के जनप्रतिनिधि अब हाशिए पर रखे जाने लगे हैं, जिसका एक उदाहरण सामने आया है। निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल कोसाबाड़ी कोरबा का 48वां वार्षिक



उत्सव का निमंत्रण पत्र महापौर को भी मिला। स्कूल प्रबंधन ने नगर के प्रथम नागरिक महापौर राजकिशोर प्रसाद को अपने समारोह में अतिथि तो बनाया लेकिन दूसरे नम्बर पर रखकर विशिष्ट अतिथि बनाया है। यह प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का असर है या किसी प्रकार की चूक, यह तो स्कूल प्रबंधन जानता है लेकिन इस बात की चर्चा नगर में जरूर है कि सत्ता परिवर्तन होते ही स्कूल प्रबंधन ने महापौर को उचित सम्मान नहीं दिया। 9 दिसम्बर को दोपहर 3-30 बजे होने वाले वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि सुधीर पांडे, अतिरिक्त मुख्य अभियंता(एफ एम) सीएसपजीसीएल कोरबा को बनाया गया है जबकि विशिष्ट अतिथि अवतार सिंह बालको और राजकिशोर प्रसाद महापौर को बनाया गया है। नगर के प्रथम नागरिक को उनके पद के अनुसार सम्मान मिलना था, इस बात की नगर में जम कर चर्चा है। कई लोगो ने तो इसे स्कूल प्रबंधन की घोर लापरवाही करार दिया है।

### सड़क किनारे खड़ी स्कूटी में लगी आग

**कोरबा,** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। दीपका के शक्ति नगर में सड़क किनारे खड़ी एक स्कूटी में एकाएक आग लग गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले स्कूटी जलकर खाक हो गई।

जानकारी के अनुसार आग स्कूटी के पेट्रोल टैंक के हिस्से में लगी



थी। पेट्रोल टैंक के हिस्से में काफी ऊंचाई तक आग की लपटें नजर आ रही थी। वाहन की टंकी फट न जाये इस डर से लोग आसपास से भाग गये। स्कूटी के बगल में एक और वाहन खड़ा था, जिसे वाहन मालिक डर के कारण मौके से हटा नहीं पाया। इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित रही। बताया गया कि स्कूटी की टंकी में लीकेज था, जहां शॉर्ट-सर्किट के चलते आग लगने की घटना होना माना जा रहा है।

### प्रेरणा महिला मंडल ने अपना घर सेवा आश्रय में दिए 70 स्वेटर



**कोरबा,** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती सविता सचदेवा के मार्गदर्शन में मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के पीछे, वार्ड नं.-25, नेहरू नगर में स्थित छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी के प्रमुख राणा मुखर्जी एवं प्रबजोत कौर द्वारा संचालित अपना घर सेवा आश्रय स्थल में बढ़ती हुई ठंड से बचाव हेतु मानसिक रूप से अस्वस्थ, रोगी महिलाओं एवं पुरूषों को 70 नग गर्म स्वेटर प्रदान किये गये। इस अवसर पर अध्यक्षा सविता सचदेवा एवं उपाध्यक्षा अंजना कुजूर, राजेश्वरी रावत, अल्का कंसल, मालती जोशी, विभा कुरनाल, सचिव अनिता टंडन, कोषाध्यक्ष स्मीता शर्मा, एवं महिला मण्डल के पदाधिकारीगण हेमलता गुरूपंच, सुनिता शर्मा, आभा गुप्ता, पदमा जांगड़े व रंजिता कश्यप उपस्थित रही। प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्षा सविता सचदेवा ने पूरी महिला टीम को धन्यवाद दिया।

## ट्रेलर से सायकल सवार की मौत

कोरबा, 08 दिसंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की गेवरा परियोजना खदान में हादसों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार यहां दुर्घटनाएं घट रही है। गेवरा खदान के तीन नंबर कांटा पर एक सायकल सवार व्यक्ति को ट्रेलर ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में मृतक की पहचान धनीराम पटेल 36 वर्ष निवासी ग्राम सिरली बोईदा, हरदीबाजार के रूप में हुई। हादसे की जानकारी उपरांत मौके पर दीपका पुलिस पहुंची। साथ ही कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल भी सूचना उपरांत गंभीरता से लिए और उनके प्रयास से मृतक परिवार को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता एसईसीएल प्रबंधन की ओर से दिलाई गई। कटघोरा विधायक घटनास्थल पर मौजूद रहे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के साथ-साथ अंतिम संस्कार की भी व्यवस्था विधायक ने करवाई।

## क्राइम ब्रांच हूं..कहकर अवैध वसूली

कोरबा-कटघोरा, 08 दिसंबर (देशबन्धु)। फर्जी क्राइम ब्रांच का कर्मी बताकर एक बस एजेंट से वसूली करने वाले फर्जी व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया गया है।

कटघोरा थाना प्रभारी तेज कुमार यादव ने बताया कि प्रार्थी एक बस का एजेंट है और उसके पास पहुंचकर मृत्युंजय मिश्रा पिता सनत मिश्रा 32 वर्ष निवासी सीपत, जिला बिलासपुर के द्वारा एक हजार रुपए की मांग की गई। क्राईम ब्रांच का नाम सुनकर प्रार्थी ने 500 रुपए दे दिया लेकिन मृत्युंजय मिश्रा के द्वारा 500 रुपए और नहीं देने पर बस बंद करवा देने की धमकी दी गई। इस तरह 500 रुपए और ले लिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाना में की जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना स्टाफ एवं सायबर सेल प्रभारी एएसआई अजय सोनवानी के नेतृत्व में सायबर टीम ने आरोपी मृत्युंजय को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया।

## ऑपरेशन मुस्कान को मिली सफलता

कोरबा, 08 दिसंबर (देशबन्धु)। आईजी अजय यादव के मार्गदर्शन व एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन में गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए विशेष ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया गया। जिले में 1 नवम्बर से 6 दिसम्बर तकखोजबीन शुरू की गई। 3 बालक, 12 बालिका, 12 परूष, 35 महिला सहित कुल 62 गुम इंसान को बरामद कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया। एसपी एवं अभिषेक वर्मा नोडल अधिकारी गुम इंसान के मार्गदर्शन में गुम बालक/बालिकाओं के लिये विशेष अभियान चलाकर जिले के विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्र के कुल 22 नाबालिग बच्चों को बरामद किया गया है। गुम बच्चों के कुछ प्रकरणों में आरोपियों द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने के फलस्वरूप उनके कब्जे से बच्चों को छुड़ाकर आरोपियों को जेल भी भेजा गया है। भविष्य में भी जिला पुलिस द्वारा गुम बच्चों के बरामदगी हेतु अभियान निरंतर चलाया जावेगा।

## कोटपा अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही

**कोरबा,** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय तंबाकू अधिनियम कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग, नगर निगम व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा कटघोरा थाना क्षेत्र के बस स्टैण्ड तहसील चौक न्यायालय के पास महाविद्यालय, स्कूल क्षेत्र में कोटपा एक्ट के अंतर्गत कुल 21 प्रकरणों में 4600 रूपए का चालान किया गया। सीएमएचओ ने बताया कि संबंधित प्रकरणों में विक्रेताओं को तंबाकू उत्पाद बेचने पर प्रतिबंधित करने वाले पोस्टर दुकानों में चस्पा किया गया। इसके साथ ही उनको तंबाकू उत्पाद नहीं बेचने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि कोटपा एक्ट की धारा 04 एवं 06 के तहत 200 रूपए तक जुर्माना का प्रावधान है।

## विधायक लखन को दौलत व समर्थकों ने दी बधाई



**कोरबा,** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। नव निर्वाचित कोरबा विधायक लखन लाल देवांगन के निवास कोहड़िया पहुंचकर दौलत ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महामाला पहना कर जीत की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान आतिशबाजी की व मिठाई बांट खुशी जताई। इस अवसर पर विधायक देवांगन ने कहा कि कोरबा विधानसभा में जन-बल की जीत हुई है, धन बल की हार हुई है। मेरे जैसे सामान्य जीवन यापन करने वाले व्यक्ति पर क्षेत्र की जनता ने भरोसा जताकर आर्शीवाद दिया है, मैं आप सबका आभारी हूं। श्री देवांगन ने कहा कि सरकार के शपथ पत्र ग्रहण के पश्चात पूरे वार्डों में जाकर वार्ड की समस्या को दूर करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंटू मिश्रा, मितेश सिंह सोनी, अनिकेत सिंह, ओंकार यादव, कालीदास, हर्ष साहू, प्रकाश देवांगन, श्रीमती लालिमा जायसवाल, गीता ठाकुर, गायत्री ठाकुर, वंदना यादव, सुषमा तिवारी, इंदू भारती, दुर्गावती साहू, दुर्गा खन्ना, प्रिया सौर, शुभ लक्ष्मी, शशिलता चन्द्रा, बालको के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क समस्या का समाधान कराने सक्रिय हुए विधायक प्रेमचंद

### दीपका जीएम से मिलकर की चर्चा, एक माह का समय

**कोरबा,** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। कटघोरा के नवनिर्वाचित विधायक प्रेमचंद पटेल अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराने सक्रिय हो गये हैं। ट्रकों की लंबी कतार और जर्जर सड़कों की हालात को देखते हुए दीपका महाप्रबंधक से मुलाकात कर चर्चा उपरांत एक माह का समय सड़क समस्या के निराकरण के लिए दिया है।



हरदीबाजार-दीपका सड़क मार्ग पर रोज लगने वाली ट्रकों की लंबी कतार और जर्जर सड़कों की हालात को देखते हुए विधायक प्रेमचंद पटेल ने दीपका महाप्रबंधक अमित कुमार सक्सेना से मुलाकात की। महाप्रबंधक कार्यालय में उन्होंने बैठक में प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि एक महीने के भीतर सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो वह सड़क पर खाट बिछाकर बैठ जाएंगे, जिसका जिम्मेदार स्वयं प्रबंधन होगा। जनता को होने वाली परेशानी को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रबंधन ने अपना विधायक को बताया कि हरदीबाजार से दीपका सड़क निर्माण का 17 करोड़ का टेंडर हो चुका है।

इसका पार्ट वन खुल चुका है और प्राइस बीट खुलना बाकी है। एक माह के भीतर टेंडर ठेकेदार को जारी कर दिया जाएगा, जिसके बाद काम शुरू होगा। भू-विस्थापितों के लंबित प्रकरणों पर भी जल्द ही निपटारा करने की बात प्रबंधन ने कही।

# मनरेगा निर्मित तालाब को खेत बना दिया, कार्रवाई की मांग

### पहले दान में दिया जमीन, बाद में पाट दिया

कोरबा-पाली, 08 दिसंबर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत पाली के अंतर्गत मनरेगा योजना से निर्मित सरकारी तालाब को पाट कर निजी खेत बनाने का मामला सामने आया है। इसकी पूर्व में की गई शिकायत पर जांच तो हुई लेकिन मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। ग्रामीणों ने तालाब की जरूरत बताते हुए इस मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग जिला प्रशासन/कलेक्टर से की है।

जिला मुख्यालय पहुंचे ग्रामवासियों ने बताया कि पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुटेलामुड़ा में मनरेगा योजना के अंतर्गत (उपका) नया तालाब निर्माण में कमल साय पाटले द्वारा प्राप्त पंचायत कुटेलामुड़ा को 50 रुपए के स्टाम्प पेपर में दान पत्र विलेख किया गया था। भूमि खसरा नंबर 696/1 रकबा 1 एकड़ को उसने दान में दिया, जिसकी लिखा-पढ़ी 4 दिसंबर 2021 को हुई नोटरी से सत्यापित कराया गया। दान में मिली जमीन पर पंचायत द्वारा मनरेगा



योजना में 9 लाख 93 हजार 654 रूपये की लागत से नया तालाब का निर्माण कराया गया है। तालाब निर्माण के एक माह पश्चात कमल साय पाटले द्वारा तालाब को जेसीबी मशीन लगाकर दो खण्डों में विभाजित कर पाटकर खेत बना दिया एवं धान बुआई कर रहा है। आवेदक ग्रामीणों रामविलास, संजय कुमार, जमुना प्रसाद, मैना, मिट्ठू राम यादव, ईश्वर प्रसाद आदि ने बताया कि मनरेगा को ताक पर रखकर मिलीभगत से यह कार्य कराया गया है इसलिए उचित कार्यवाही करते हुए नवनिर्मित तालाब को पुनः स्थापित कराने की आवश्यकता है ताकि आम जनता को शासन की योजना का लाभ मिल सके व व्यवस्था पर भरोसा बना रहे। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले 20 अप्रैल 2022 को पाली जनपद सीईओ से दर्जनों ग्रामीणों ने शिकायत किया था और इसकी जांच भी हुई किन्तु उस समय कमल साय पाटले ने फिर से तालाब बनाने का आश्वासन दिया लेकिन इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया, अब इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस पर प्रशासन संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करे।

### तालाब को राखड़ से पटवाया

गौरतलब है कि कोरबा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरीडीह में भी कुछ ऐसा ही मामला पिछले साल सामने आया जिसमें मनरेगा के लगभग 13 लाख रुपए की लागत से निर्मित तालाब को राखड़ से पटवा दिया गया। इस मामले में जनपद पंचायत और जिला पंचायत से टीम भेजकर जांच कराई गई लेकिन इसके बाद आज तक इस मामले में किसी तरह की कार्रवाई संबंधित लोगों पर न तो हुई है और न ही कोई रिकवरी का आदेश हुआ है। यह मामला कोरबा प्रवास पर आए



केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री गिरीराज सिंह के समक्ष भी प्रमुखता से लाया गया था और उन्होंने संज्ञान लेने की बात कही थी किन्तु आज तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इस मामले में प्रमुख बात यह है कि जिस तालाब को राखड़ से पाटा गया है, वो कुछ पहुंच वाले लोगों के लिए अवैध रेत खनन का ठिकाना था। गड्ढों में पानी भर जाने से तीन बच्चों की मौत के बाद गड्ढों को पाटने के लिए ली गई अनुमति के आधार पर दुरूपयोग करते हुए मनरेगा निर्मित तालाब को भी पाट दिया गया। बताया जा रहा है कि इसमें बड़ा खेल हुआ है कि मनरेगा से कोई तालाब खोदा ही नहीं गया और उसके नाम से राशि निकाल कर उक्त अवैध रेत खनन वाले क्षेत्र को ही तालाब दर्शाकर राशि की बंदरबांट कर ली गई और बाद में राख पटवा कर इसके एवज में भी कमीशनखोरी की गई। अब इस मामले में जिला प्रशासन गंभीरता से जांच कराए तो सारा सच सामने आएगा। अधिकारी भी इस पूरे मामले में कहने व जानकारी देने से बचते रहे हैं।

# सार-संक्षेप

## ठंड को देखते हुए शाला संचालन के समय में किया गया परिवर्तन

**बलरामपुर** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। शीतलहर और कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है, जारी आदेश के अनुसार दो पालियों में संचालित होने वाली कक्षाएं प्रथम पाली में सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 9:00 बजे से 12:30 बजे तक तथा शनिवार को दोपहर 12:45 से 4:15 बजे तक, इसी क्रम में द्वितीय पाली में संचालित होने वाली कक्षाएं सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 12:45 बजे से 4:15 बजे तक व शनिवार को सुबह 9:00 बजे से 12:30 बजे तक संचालित होंगी। इसी प्रकार एक पाली में संचालित होने वाली कक्षाएं सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 9:45 बजे से 4:00 बजे तक तथा शनिवार को सुबह 9:00 बजे से 12:30 बजे तक संचालित की जायेंगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश आगामी 15 जनवरी 2024 तक प्रभावशील होगा।

## डेल्टा रैंकिंग की वृद्धि के लिए कलेक्टर ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश




**कोरिया** 08 दिसंबर (देशबन्धु)।आकांक्षी ब्लॉकों और आकांक्षी जिलों की डेल्टा रैंकिंग के संबंध में नीति आयोग द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन हुआ। बता दें की नीति आयोग द्वारा एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) की पहली डेल्टा रैंकिंग जारी की गई है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, जल संसाधन वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास आदि सूचकांक के आधार पर जिलों की रैंकिंग होती है। वीडियो कांफ्रेंस के पश्चात कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा बैठक की समीक्षा भी की गई जिस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को जिले के डेल्टा रैंकिंग में वृद्धि करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिसके साथ उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को विभागवार जानकारी नीति आयोग की एमआईएस पोर्टल पर अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। जिला सांख्यिकी अधिकारी श्री अलेक्जेंडर केरकेट्टा ने बताया कि आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम 2023 का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ब्लॉक स्तर पर में सुधार करना और बेहतर बनाना है, इस कार्यक्रम को देश के 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में लागू किया जा रहा है।

## कृषि व खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

**अम्बिकापुर** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास एवं मौजूदा सूक्ष्म खाद्य उद्यमों के वित्तिय, तकनिकी एवं कारोबार सहायता हेतु प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएम एफएमई) के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, अम्बिकापुर (सरगुजा) में आवेदन पत्र आमंत्रीत किया जा रहा है। योजना के तहत नवीन सूक्ष्म खाद्य उद्योग स्थापित करने एवं पूर्व स्थापित खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को विस्तार करने हेतु राष्ट्रीयकृत बैकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है। योजना के तहत प्रत्येक उद्योग हेतु सभी वर्गा में 35 प्रतिशत अनुदान (छूट) का प्रावधान है। योजनांतर्गत लाभार्थी का योगदान न्यूनतम 10 प्रतिशत होना चाहिए। शेष बैंक से ऋण के रूप में मिलेगा। आवेदक योजना के तहत ऑनलाईन माध्यम से पीएम एफएमई की वेब पोर्टल ूण्चउिउमण्उवचिपण्हवअण्पदध् पर जाकर आवेदन कर सकते है या योजना के तहत क्षेत्र स्तरीय सहायता के लिए नियोजन जिला रिसोर्स पर्सन (डी.आर.पी.) श्री संतोष सिंह मो.नं. 9826442950 एवं श्री धर्मेंद्र कुमार गुप्ता मो. नं. 6264006545 से संपर्क कर आवेदन हेतु सहायता प्राप्त कर सकते है। साथ ही योजना के तहत विस्तृत जानकारी एवं आवेदन हेतु कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र,अम्बिकापुर में भी सम्पर्क कर सकते हैं।

## महापौर व सभापति के वार्ड में भी पीछे रही कांग्रेस

**रायगढ़** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। हाल ही में प्रदेश में विधान सभा चुनाव 2023 का परिणाम सामने आने के बाद कांग्रेस पार्टी की सत्ता से विदाई होने के साथसाथ कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं का गुस्सा अपनी ही पार्टी के जिला कमेटी पर फुट पड़ा है।

रायगढ़ के कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने तो छ ग प्रभारी कुमारी शैलजा के नाम लिखित पत्र देकर जिला कांग्रेस कमिटी (शहर) को भंग करने की मांग तक कर डाली है। इस पत्र में उन्होंने यह भी सपष्ट किया है कि यद्यपि छ.ग. के रायगढ़ जिला में 4 में से 3 सीट में कांग्रेस की जीत हुई है। परंतु रायगढ़ विधान सभा में हुई बहुत बड़ी और शर्मनाक हार को लेकर कई बिंदुवार कारण बताते हुए उनसे जिला कांग्रेस कमिटी शहर को भंग करके नई कमेटी बनाने की मांग की गई हैं। उल्लेखनीय रहे कि इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के महापौर और सभापति के वार्ड तक में कांग्रेस पीछे रही।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर एनटीपीसी लारा में डॉ. आंबेडकर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**रायगढ़** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराओ आंबेडकर जी के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस एनटीपीसी लारा में एससी एसटी असोशिएशन के तवाधान में केलो भवन परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक दिवाकर कौशिक द्वारा आंबेडकर जी की फोटो प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

इस अवसर लोगों को संबोधित करते हुए श्री कौशिक ने आंबेडकर के जीवन आदर्श पर प्रकाश डालते हुए उसका अनुपालन करने की आग्रह किया। बाबा साहेब न सिर्फ संविधान निर्माता बल्कि एक विद्वान राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री और न्यायविद भी थे. उनका जीवन आदर्श मानवता पर केन्द्रित था। उन्होंने जीवन भर जातिवाद, सामाजिक अन्याय को समाज से मिटाते हुए दलित एवं बंचीत वर्ग को समाज के मुख्य धारा में सामील करते हुए समतामूलक राष्ट्र निर्माण के अग्रदूत थे।

इस अवसर पर अखिलेश सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), राजीव रंजन, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), समरेन्द्र कुमार रॉय, महाप्रबंधक (प्रचालन), एससी एसटी असोशिएशन के पदाधिकारीगण एवं कर्मचारिगण डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव मनोज कुमार चैहान ने किया।

# कलेक्टर के निर्देश पर जारी है निगम प्रशासन का अभियान

### सड़क किनारे अतिक्रमण कर अवैध संचालित ठेले और गुमटी हटाई गई





**अम्बिकापुर** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के निर्देश पर नगर निगम, राजस्व एवं पुलिस अमला द्वारा शहर के सड़कों पर अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में शहरी व्यवस्था को सुधारने प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। शुक्रवार को भी नगर निगम की उड़न दस्ता टीम ने अतिक्रमण को लेकर सख्त कार्रवाई की। अम्बिकापुर जिला चिकित्सालय के सामने अतिक्रमण कर अवैध संचालित ठेले को हटाने की प्रभावी कार्रवाई की गई है। इसी कड़ी में आकाशवाणी चौक, रिंग रोड आदि में भी जरूरी कार्रवाई की गई।

नगर निगम की टीम द्वारा दुकानदारों को बार बार समझाइश दी जा रही है कि सड़कों पर अतिक्रमण न करें। अतिक्रमण करने पर कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि बीते दिनों कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने सुबह शहरी व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पैदल दौरा कर शहरी व्यवस्था का जायज़ा लिया। वहीं कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को अतिक्रमण पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद नगर निगम अमला एक्शन मोड़ में आ गया।

### तैनात है उड़नदस्ता टीम

बाजार की सड़कों पर अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बनती है, जिसकी वजह से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस तरह की समस्याओं को देखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। शहर के अम्बिकावाणी चौक और मेडिकल कॉलेज अस्पताल और दुकानों के आगे अतिक्रमण किया गया था। जिस पर नगर निगम की उड़न दस्ता टीम ने कार्रवाई करते हुए कई अवैध ठेले और गुमटियां को हटाया। वहीं नगर निगम की उड़न दस्ता टीम लगातार शहर का भ्रमण कर अवैध ठेले गुमटियों का संचालन कर रहे लोगों को समझाइश भी दे रही है।

## क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अम्बिकापुर** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। कैडेटों के मानसिक और चारित्रिक विकास के साथ शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में अन्तर्सदन क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रॉस कंट्री को सब जूनियर, जूनियर और सीनियर तीन वर्गों में बांटा गया था। कक्षा 6 एवं 7 को सब जूनियर, 8 एव 9 को जूनियर तथा 10, 11 एवं 12 को सीनियर वर्ग में रखा गया। इस क्रॉस कंट्री दौड़ में सब जूनियर वर्ग के लिए 6 किलोमीटर, जूनियर वर्ग के लिए 8 किलोमीटर तथा सीनियर वर्ग के लिए 10 किलोमीटर की दूरी निर्धारित की गई थी। स्कूल द्वारा इस आयोजन की व्यापक तैयारियां की गईं। कैडेटों को उचित दिशा निर्देशों तथा सावधानियों के साथ प्रतिदिन इस दौड़ का अभ्यास कराया गया।

सैनिक स्कूल अंबिकापुर की प्राचार्य कर्नल मिताली मुधुमिता, सेना मेडल ने बताया कि क्रॉस कंट्री दौड़ केवल एक शारीरिक गतिविधि नहीं है बल्कि कैडेटों की मानसिक दृढ़ता, धैर्य, क्षमता तथा दमखम की भी एक परीक्षा है।

खेल प्रशिक्षक हवलदार वाई.एस. जानी ने बताया कि प्रतियोगिता के सुचारु संचालन तथा विजेता कैडेटों के निर्धारण के लिए नौ एनक्लोजर बनाए गए थे, जिनमें पहले आने वाले कैडेटों को ही प्रवेश मिला।

# 67 हाथियों की मौजूदगी के बीच दंपति का किया गया रेस्क्यू



**रायगढ़** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में हाथियों की संख्या बढ़ने के साथ किसानों की परेशानियों में भी इजाफा होता जा रहा है। छाल रेंज में विचरण कर रहे हाथियों के बड़े समूह के कारण वहां के ग्रामीणों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। जहा बीती रात बरभौना से लगे गुर्दा गांव के करीब पहुँच किसान के फसल के साथ बाड़ी में लगे केला के फल को छति पहुचाने के साथ बुधवार के दोपहर दो बजे खेदापाली रिहायसी इलाके के करीब खेत मे हाथियों का झुंड के आ पहुचने से एक बार फिर जान माल का खतरा बना हुआ है।

इन सब के बीच छाल रेंज के खेदापाली गांव में हाथियों की मौजूदगी वहां बस्ती से थोड़ी दूर रहने वाले एक दंपति के लिए खासी परेशानी का सबब बन गई है। इस संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक बीते बुधवार को वहां हालात ऐसे बन गए कि 'महराज' के नाम से पहचाने जाने वाले एक ग्रामीण के घर के पास करीब 67 हाथियों का दल पहुंच गया। जिसके बाद आननफानन में वन विभाग व ग्रामीणों की सहायता से उस व्यक्ति व उसकी पत्नी को ट्रैक्टर से खेदापाली बस्ती में सुरक्षित लाया गया।

बताया जा रहा है कि यह दंपति फिलहाल दिन में अपने घर पर समय गुजार रहा है और रात होते ही सुरक्षा के लिहाज से उन्हें गांव में लाया जा रहा है। ऐसे में दिन में प्रभावित दंपति का सहारा उनका आशियाना है और रात का नहीं कोई ठिकाना है। बीते कुछ समय से 67 हाथियों का झुंड छाल रेंज के खेदापाली, एड्डु, पुसलदा, नवापारा क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। वहीं, हाथी प्रभावित क्षेत्रों में वन विभाग द्वारा सुरक्षा को लेकर किये जा सकने वाले सभी उपाय किए जा रहे हैं।

# छातामुड़ा चौक बड़ी दुर्घटना को दे रहा निमंत्रण- गोपाल बापोड़िया

- **आए दिन हो रही छोटी मोटी घटनाएं, अव्यवस्था सुधारने नहीं होता है कोई जवान**

**रायगढ़** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। शहर के बाहरी रास्तों का हाल किसी से छिपा नहीं है। बदहाल यातायात व्यवस्था के कारण हर दिन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे खराब स्थिति छातामुड़ा चैक की है। यहां भारी वाहनों को आवाजाही होती है और इसके कारण बड़ी दुर्घटनाओं का डर बना रहता है। आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल बापोड़िया का कहना है कि व्यस्ततम छातामुड़ा चैक में नो एंट्री खुलते ही भारी वाहन की आवाजाही चारों तरफ से होने लगती है। जिससे किसी होने वाली बड़ी दुर्घटना को इंकार नहीं किया जा सकता। उनका कहना है कि आए दिन छोटी मोटी दुर्घटनाएं यहां देखी जा सकती है। सिग्नल लगे होने के बावजूद उसे चालू नहीं किया गया है। ऐसे में एक साथ चारों ओर वाहन गुजरते हैं। इससे अव्यवस्था तो फैलती है साथ ही बड़ी घटना का डर लगा रहता है। उनका यह भी कहना है कि छातामुड़ा चैक में चैराहे का निर्माण नहीं है ऐसे में कोई भी किसी भी ओर से यहां से गुजरता है और ऐसी स्थिति के बाद भी न तो यहां यातायात के जवान होते हैं और न ही अन्य किसी तरीके से अव्यवस्था को सुधारा जा रहा है।

# चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। थाना छाल में रिपोर्टकर्ता रामकुमार चन्द्रा पिता स्व. रेशम लाल चन्द्रा निवासी ग्राम नवापारा छाल द्वारा उसके मकान में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि इसका घर नवापारा बाजार के पास है। इसकी भतीजा का शादी हमारे पुराने घर में हो रहा था। 29 नवंबर की रात्रि अपने घर में ताला बंद कर अपने भतीजा के शादी में शामिल होने सभी बस्ती के घर में गये थे, चोरी की रिपोर्ट पर थाना छाल में अज्ञात आरोपी पर धारा 457, 380 ताहि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस को पता चला कि गौतम महंत को जांजगीर पुलिस 7-8 चोरियों में चालान की थी, बिलासपुर जेल से छूटने के बाद गौतम महंत 2 साल से छाल थाना क्षेत्र में किराया मकान लेकर रह रहा था। गौतम महंत क्षेत्र में पोताई पुट्टी का काम करता और अकेला रहता था किंतु इसके यहां काफी लकड़े बाइक से आते-जाते रहते थे। पुलिस टीम महत्वपूर्ण सूचना पर गौतम महंत को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर अपने साथी बरपाली के भगत लाल यादव, बाराद्वार के विनोद रविदास, सुनील भैना उर्फ बेदम के साथ मिलकर छाल के नवापारा बाजारपारा में चोरी (छाल अप.क्र. 310҆21) करना और खरसिया के ग्राम केनाभांठा के एक मकान (खरसिया अप.क्र. 719҆21) में चोरी करना कबूल किया है । आरोपी गौतम महंत और आरोपी भगत लाल यादव निवासी बरपाली थाना नगरदा को गिरफ्तार कर आरोपियों सोने के जेवरात 53 ग्राम, चांदी के जेवरात 610 ग्राम एवं नकदी रकम 60,000 की जप्ती की गई और दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। छाल पुलिस द्वारा फरार दोनों आरोपी विनोद रविदास, सुनील भैना उर्फ बेदम की पतासाजी का काफी प्रयास किया गया दोनों के फरार होने पर उनकी चल अचल संपत्ति की जानकारी लेकर धारा 173(8) के तहत चालान पेश किया गया था।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने कलेक्टर ने दिए निर्देश




**कोरिया** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर ग्रामीण और शहरी इलाकों में पहुंचाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु भारत सरकार द्वारा 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की शुरुआत की गई है।

इसी संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने बैठक लेकर उन्होंने बताया कि ऐसे लोग जो भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र है उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही इस 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का मुख्य उद्देश्य है। इस अभियान में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान न्याय योजना, जल जीवन मिशन जैसी भारत सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से वंचित लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर श्री लंगेह ने बैठक में अधिकारियों को इस अभियान में बढ़ चढकर अपनी भूमिका निभाने को कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपने विभागीय बैठक लेकर मैदानी स्तर के अधिकारी/कर्मचारियों को अभियान के सफल आयोजन के लिए सभी आवष्यक तैयारी करने हेतु निर्देषित करने को कहा। उन्होंने बताया कि जिले के हर ग्राम पंचायत में आईईसी वैन में लगे एलईडी और विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को भारत सरकार की योजनाओं से अवगत कराया जायेगा, ज्ञात हो कि कोरिया जिले को 4 आईईसी वैन दी गई है। यह वैन प्रतिदिन 2 विभिन्न ग्राम पंचायतों का कवरेज करेगी। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के बेहतर क्रियान्वयन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री नीलम टोप्पो, एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# रासेयो महिला इकाई का जन जागरूकता अभियान जारी




**मनेन्द्रगढ़** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीयविवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेद्रगढ़ ,एम. सी. बी. की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर, मांगलिक भवन वेस्ट जे के डी शिविर के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी सह प्राचार्य डॉ. सरोज बाला शायग विश्नोई के संयोजन एवं सह प्रभारी अनुपा तिग्गा शिविर नायिका स्वस्तिका जायसवाल सह शिविर नायिका आसमां बेगम सहित रासेयो छात्राओं द्वारा ग्राम संपर्क करते हुए एवम बौद्धिक परिचर्चा में कहा कि ह्दय की पवित्रता और विचारों की शुद्धता के लिए नशा मुक्त समाज का होना आवश्यक है। नशा नाश का जड़ है।नशा सर्व प्रथम इंसान को शैतान बनाता है फिर शरीर चरित्र धर्म को नष्ट करता है।भावी पीढ़ी के उज्वल भविष्य के लिए नशामुक्त समाज बनाना आवश्यक है एवम अनमोल जीवन को शराब पीने में बर्बाद करने से बचाने की आवश्कता है।सुपोषण के तहत लोगों को पोषण के बारे में जानकारी दी एवम पौष्टिक आहार का महत्व बताया गया।साथ ही इस बात पर भी प्रकाश डालते हुए कहा गया की पर्यावरण संरक्षण से वायु जल और भूमि प्रदूषण कम होता है। जैव विविधता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण का बहुत महत्व है।सभी के सतत विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण महत्वपूर्ण है ।हमारे ग्रह को ग्लोबल वार्मिग जैसे हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए भी पर्यावरण संरक्षण महत्वपूर्ण है।ग्राम संपर्क के तहत ही महिलाओं को रोजगार के अवसर कैसे प्राप्त किया जा सकता है इस संबंध में अवगत कराया गया ।रासेयो छात्राओं ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर नशा मुक्त कुपोषणमुक्त समाज एवम पर्यावरण संरक्षण करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ.विश्नोई ने सोलर एनर्जी पर व्याख्यान दिया ।कहा कि सौर ऊर्जा भविष्य की ऊर्जा है तथा इसका इस्तेमाल करके आप पर्यावरण को होने वाले नुकसान से रोक सकते हैं ।बिजली के भारी बिल से छुटकारा भी पा सकते हैं।सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं का भी भरपूर लाभ उठा सकते हैं ।

क्रमशः महिला एवम बाल विकास जिला अधिकारी राजकुमार खाती द्वारा ग्रामीण विकास में युवा की भूमिका पर अपने विचार रखते हुए सुपोषण ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ किशोरी योजना एवम स्व सहायता समूह के बारे में शिविरार्थी ग्रामवासियों के साथ जानकारी साझा की। छात्राओं ने एवम ग्रामवासियों ने खाती के उद्बोधन के उपरांत उनसे कई प्रश्न किए जिनका उन्होंने समाधान प्रस्तुत किया । नशा उन्मूलन के लिए भी गृह लक्ष्मी के योगदान ,भूमिका को चिन्हांकित रेखांकित करते हुए सारगर्भित उद्बोधन दिया ।

ग्रामवासियों के समक्ष रासेयो छात्राओं ने नशाखोरी सूदखोरी बालविवाह पर्दाप्रथा अंधविश्वास दूर करने संबंधी रोचक एवम उत्कृष्ठ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जेकेडी खदान में भी श्रमिक भाइयों को राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई द्वारा नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक किया इस अवसर पर डॉ बिश्नोई ने अपने उद्बोधन के माध्यम से नशे से होने वाली हानियो के बारे में जानकारी देते हुए संकल्प दिलाया कि नशा मुक्त भारत बनाने में योगदान देंगें। सब एरिया मैनेजर मिथिलेश मेहतो, कॉलरी मैनेजर विनोद बी एक्का, डी के जायसवाल, आर पी कुर्रे,पी के त्रिपाठी, सुभाष झा, सरबजीत सिंह, एन के सिंह सहित सभी अधिकारी का योगदान कार्यक्रम को सफल बनाने में मिला।

## सार-संक्षेप

### कोसीर व गाताडीह के बाद अब उलखर और बरदुला के सहायक समिति प्रबंधक पद से पृथक

**सारंगढ़** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले में धान खरीदी के फर्जी पंजीयन के मामले में निरंतर सख्त कार्यवाही करते हुए सारंगढ़ विकासखंड के



सेवा सहकारी समिति मर्यादित उलखर और बरदुका के सहायक समिति प्रबंधक को पद से पृथक किया है। फर्जी पंजीयन की शिकायत पर कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने एसडीएम राजस्व सारंगढ़ मोनिका वर्मा को पंजीकृत कृषकों के रकबा का सत्यापन के लिए निर्देशित किया था। सहायक पंजीयक व्यास नारायण साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति मर्यादित उलखर पंजीयन क्रमांक 393 के हल्का पटवारी के द्वारा रकबा जांच के दौरान पंजीकृत किसानों के फर्जी रकबा वृद्धि जैसे गंभीर अनियमितता पाये जाने के कारण सहायक समिति प्रबंधक चुम्मन सिंह वर्मा को पद से पृथक किया गया है। उलखर के समिति का संचालन आगामी आदेश तक नौरंगपुर के सहायक समिति प्रबंधक ललित कुमार बरेठ को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

इसी प्रकार धान उपार्जन केन्द्र बरदुला पंजीयन क्रमांक 1565 में पंजीकृत किसानों के रकबे में फर्जी रकबा वृद्धि करने और अन्य का बैंक खाता क्रमांक प्रविष्टि करने पर, गंभीर अनियमितता के कारण सहायक समिति प्रबंधक नरेंद्र कुमार चंद्रा को पद से पृथक किया गया है। बरदुला समिति का संचालन अब छिंद के सहायक समिति प्रबंधक लखनलाल साहू को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ सिद्दीकी द्वारा पिछले दिनों सारंगढ़ विकासखंड के कोसीर और गाताडीह के सहायक समिति प्रबंधक को पद से पृथक किया गया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा की सभी विभाग तैयारी करें -कलेक्टर

**सारंगढ़** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने विधानसभा निर्वाचन कार्य और आदर्श आचरण संहिता समाप्ति के बाद कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक की शुरुआत में, जिले के प्रथम विधानसभा निर्वाचन में अधिकारियों द्वारा सौंपे गए कार्यों को बेहतरीन तरीके से पूरा करने और उनके योगदान के लिए डॉ सिद्दीकी ने सभी अधिकारियों को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी निर्वाचन कार्य समाप्त होने पर अब अपने विभाग से जुड़े सभी कार्यों को नियमित रूप से करें। डॉ सिद्दीकी ने कहा कि जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा की वाहन रथ के माध्यम से जिले के दूरस्थ इलाकों तक सरकार की गतिविधियों, योजनाओं को लाभार्थी तक पहुंच चुके और पहुंचाने के उद्देश्य के लिए आयोजित किया गया है। सभी विभाग इस यात्रा से जुड़े अपने विभाग की तैयारी करें। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, बी एक्का, सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, खाद्य जिला प्रबंधक सूर्यकांत शुक्ला, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बनर्जी, सीईओ सारंगढ़ जनपद संजू पटेल, समाज कल्याण अधिकारी विनय तिवारी, विद्युत कार्यपालन अभियंता नरेंद्र नायक, बीईओ बरमकेला नरेश चौहान, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अभियंता बी के खांडेकर, सीएमओ मधुलिका सिंह, मनीष गायकवाड, एसडीओ पीएचई कमल कंवर, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विग्नेश कुमार, ईडीएम चिप्स रोहित सिंह ठाकुर, सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आकस्मिक मृत्यु के 4 प्रकरणों में 16 लाख रुपए की सहायता

जांजगीर, 08 दिसम्बर (देशबन्धु)। आपदा मृत्यु के 04 प्रकरणों में 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है।

जिले की तहसील बलौदा के ग्राम खैजा निवासी श्रीमती ममता यादव की अग्निदुर्घटना से मृत्यु होने पर उनके पति उमेंद राम अहीर, तहसील शिवरीनारायण के ग्राम मिसदा के पीला बाबू यादव की अकाशिय बिजली (गाज) गिरने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती अनिता बाई, तहसील पामगढ़ के ग्राम चण्डीपारा के रामलाल यादव की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती कुमारी बाई और तहसील बम्हनीडीह के ग्राम कपिस्दा के रामचरण धीवर की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती सरिता धीवर को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्रत्येक प्रकरण में चार-चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### 3 दिनों की बारिश ने किसानों की बढ़ाई परेशानी

**रायगढ़** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले में पिछले 3 दिनों से हो रही बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। बारिश की वजह से जहां खेतों में धान की फसल खराब हो रही है तो वहीं खलिहान में भी धान भीग रहा है। अचानक शुरू हुई बारिश की वजह से किसानों को धान सहेजने का मौका भी नहीं मिल पाया है।

किसानों का कहना है कि बारिश की वजह से धान में नमी आ रही है ऐसे में वे धान समर्थन पर नहीं बेच पाएंगे। रायगढ़ जिले में इस साल जहां धान की अच्छी पैदावार होने से किसान काफी खुश थे, तो वहीं पिछले 3 दिनों से हो रही बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। बारिश की वजह से किसानों की फसल खराब हो रही है। जिन किसानों ने धान की कटाई कर ली थी और खलिहानों में धान को जमा किया था उनकी फसल भी बारिश में खराब हो रही है। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश का अंदेशा नहीं था। अचानक हुई बारिश की वजह से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर गया है। अगर दो तीन दिन यही स्थिति रही तो पूरी की पूरी फसल चैपट हो जाएगी। बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। हालांकि धान की आवक अभी अधिक नहीं होने की वजह से खरीदी केंद्र में धान भीगने की शिकायतें नहीं मिली है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि खराब मौसम को देखते हुए सभी समितियों को पर्याप्त तिरपाल की व्यवस्था करने और धान को ढंक कर रखने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक जिले के किसी भी केंद्र में धान भीगने की शिकायत नहीं मिली है। सभी केंद्रों की मॉनिटरिंग की जा रही है।

### जनपद अम्बिकापुर में सामान्य सभा की बैठक 13 को

**अम्बिकापुर** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बिकापुर ने बताया कि जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 13 दिसम्बर, बुधवार को दोपहर 1.00 बजे से जनपद पंचायत अम्बिकापुर के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। बैठक में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ यांत्रिकी, वन, उद्यानिकी, विद्युत, सिंचाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों सहित प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, एनआरएलएम, 15वां वित्त आयोग, पेंशन एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता, एवं सहित जनपद संबंधी अन्य विषयों की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने संबंधितों को समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# जिला जेल खोखरा और उपजेल सक्ती का किया गया निरीक्षण



**जांजगीर,** 08 दिसम्बर (देशबन्धु)। जेलों में निरुद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए जिला जेल खोखरा एवं उपजेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिये गये, जहां विधि के उल्लंघन करने वाले किशोर नही पाये गये। कुछ बंदियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके निवास स्थान में बच्चों का पालन-पोषण एवं देखरेख करने हेतु कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। वह स्वयं व उसकी परिवार जेल में निरुद्ध है। ऐसे बंदियों के बच्चों की सूची तैयार की गई, जिसे बाल कल्याण समिति के माध्यम से संस्थागत संरक्षण प्रदान किया जावेगा।

जेल के कर्मचारियों को निरीक्षण समिति द्वारा बताया गया कि जेलों में प्रवेश देते समय यदि बंदी 18 वर्ष से कम के प्रतीत होने की स्थिति में या उम्र के प्रति संदेहास्पद होने के स्थिति में समिति के सदस्यों को तत्काल सूचना दी जावे ताकि समिति द्वारा उम्र सत्यापन के पश्चात किशोरों को संप्रेषण गृह में संरक्षण की प्रारंभिक कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला जेल निरीक्षण समिति के सदस्य जिला बाल संरक्षण इकाई जिला जांजगीर-चाम्पा से जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल, संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) श्रीमती पूजा तिवारी, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी सम्मेसिंह कंवर, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती संतोषी वैष्णव, अधिवक्ता दीपक बरेठ तथा जेल अधीक्षक, टोडर एवं सतीश चन्द्र भार्गव एवं जेलों के कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिक्षक हुआ उठाईगिरी का शिकार




### डिक्की में 1 लाख 60 हजार रुपए ले गए चोर

**जांजगीर,** 08 दिसम्बर (देशबन्धु)। शिक्षक से 1.60 लाख की उठाईगिरी हो गयी। मामला अकलतरा का है, जहां शिक्षक की स्कूटी की डिक्की से बदमाशों ने 01 लाख 60 हजार रुपये निकाल लिये। इस मामले में थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है। शिक्षक का नाम श्रवण सिंह पोर्ते है।

प्रार्थी शिक्षक ने बताया कि उसने अकलतरा के बैंक से जरूरी काम से रकम निकाली थी। तथा रुपये से भरा थैला स्कूटी की डिक्की में रखा और फिर कुछ दूर चलने के बाद सब्जी खरीदने लगे। सब्जी खरीदकर वो सीधे घर पहुंच गये। इस दौरान उन्हें उठाईगिरी के शिकार होने की भनक तक नहीं लगी। घर पहुंचने पर जब उसने रुपये से भरे थैले को निकाने के लिए डिक्की में झांका, तो रकम गायब मिली। अब इस मामले में शिक्षक श्रवण सिंह पोर्ते ने अकलतरा थाने में शिकायत दर्ज करायी है। शिक्षक की शिकायत पर पुलिस की पड़ताल में कुछ अहम सुराग मिले हैं। सीसीटीव्ही में ये दिखा है कि शिक्षक की स्कूटी का दो बाइक सवार युवक पीछा कर रहे हैं। आशंका है कि उन्हीं बाइक सवार ने वारदात को अंजाम दिया होगा।

# गांजा व नशीली टेबलेट बेचने वाला युवक पकड़ाया




**जांजगीर**, 08 दिसम्बर (देशबन्धु)। अवैध रूप से गांजा एवं नशीली टेबलेट बिक्री करने वाले आरोपी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मामले पर पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री पर अंकुश लाने के लिए सायबर टीम/जांजगीर पुलिस द्वारा थाना स्तर से टीम गठित किया गया था। इसी क्रम में 07 दिसम्बर को सूचना मिला की भीमा तालाब जांजगीर के पास में एक व्यक्ति मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु अपने कब्जे में रखा हुआ है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया जहां मौके आरोपी मोनू कहरा उम्र 27 वर्ष निवासी कहरापारा जांजगीर को पकड़े जिसके कब्जे से 1.700 किलो ग्राम गांजा कीमती 10,000 रु एवं 585 नग नशीली टेबलेट कीमती 1248 रु एवं 170 रु नगदी बिक्री रकम को बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध धारा 20(बी), 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध घटित करना पाए जाने से थाना जाजंगीर में अपराध कायम किया जाकर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सायबर टीम से निरी. प्रवीण द्विवेदी, थाना जांजगीर से निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी जांजगीर, उप निरीक्षक भवानी सिंह चौहान एवम् स्‍ढ मुकेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक बलबीर सिंह, आरक्षक गिरीश कश्यप सायबर टीम जांजगीर का योगदान रहा।

### 35 पाव शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर, 08 दिसम्बर (देशबन्धु)। 35 पाव अवैध देशी प्लेन शराब के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही गया न्यायिक रिमांड पर कर भेजा गया। जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। कल सूचना मिला की कहरापारा जांजगीर निवासी राजू कहरा काफी मात्रा में शराब बिक्री हेतु अपने कब्जे में रखा हुआ है की सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी कब्जे से एक झोला के अंदर 35 पाव बरामद उसके विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

### शराब के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट

**जांजगीर,** 08 दिसम्बर (देशबन्धु)। शराब पीने के लिऐ पैसों की मांग कर मारपीट करने वाला फरार आरोपी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 327, 34 भादवि. के तहत की गई कार्यवाही करन्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



पुलिस ने बताया कि प्राथी भुनेश्वर राठौर ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 03जून 22 को पुटपुरा फर्नीचर फैक्ट्री में कामप्रेशर बनाने गया था जो गांव पुटपुरा का लवकेश राठौर शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा मना करने पर हाथ मुक्का डंडा से मारपीट करने लगा प्रार्थी द्वारा अपने परिजनों को बुलाया तो आरोपी के अन्य साथी भी आ गए और उनसे मारपीट करने लगे। प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 506, 323, 327, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी लवकेश राठौर घटना घटित कर फरार था जिसकी पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी जिसे आज उसके सकुनत से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

## हत्या का प्रयास करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर**, 08 दिसम्बर (देशबन्धु)। हत्या का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को बाराद्वार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वारदात फटाका फोड़ने से मना करने पर हुई थी।

मामला थाना बाराद्वार जिला सक्ती में 03 दिसम्बर को मनीष चौरसिया, नारायण ऊर्फ राजुकमार यादव एवं धनीराम मारकण्डै तीनों जिला सहकारी बैंक बाराद्वार के पास झालमुडी खा रहे थे, मुक्ताराजा निवासी राहुल गोंड ऊर्फ इल्ली जिला सहकारी बैंक बाराद्वार के पास फटाखा फोड रहा था। फटाखा फोडने से ककंड धनीराम मारकण्डे के चेहरे में पडा चेहरे में पडने से धनीराम मारकण्डे, राहुल गोंड ऊर्फ इल्ली को फटाखा फोडने से मना किया तो राहुल गोंड ऊर्फ इल्ली धनीराम मारकण्डे से वाद विवाद किया फिर मनीष चौरसिया तथा नारायण ऊर्फ राजुकमार यादव, धनीराम मारकण्डै तीनों बाराद्वार मंगल भवन गार्डन के सामने वाले सीढी में बैठ कर बातचीत कर रहे थे, समय लगभग 08.20 बजे रात्रि राहुल गोंड ऊर्फ इल्ली, गौतम महंत एक अन्य लड़का भउ तीनों मोटर सायकल से आये और राहुल गोंड ऊर्फ इल्ली ने धनीराम मारकण्डे का कालर पकड कर व एक अन्य लडका धनीराम मारकण्डे के दोनों हाथ को पकडा फिर गौतम महंत पीछे से अपने हाथ में रखे टांगी से धनीराम मारकण्डे को हत्या करने के नियत से सिर में प्राण घातक हमला कर टांगी से मारकर चोंट पहुंचाया, जिससे धनीराम जमीन पर गिर गया, मनीष चौरसिया बीच बचाव करने लगा तो उसे भी राहुल ऊर्फ इल्ली वहीं पर पडे ईंट के टुकडे से मारा जिससे दाहिनें आंख के भौं में चोंट आई है प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तथा फरार आरोपियो की पतासाजी मे मुखबीर सूचना पर नवतम दास महंत ऊर्फ गौतम दास महंत, राहू सिंह गोंड ऊर्फ इल्ली को हिरासत लिया एवं मेमोंरण्डम कथन के आधार पर घटना कारित टांगी को आरोपी नवतम दास महंत ऊर्फ गौतम से जप्त किया गया। आरोपीगण के विरुद्ध सबूत पाये जाने पर गिरफ्तार कर रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया, उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक गगन बाजपेयी, उप निरी. शिवचरण चौहान, प्रआर. राजेष पैकरा, प्रआर. विजय पटेल, आर. अलेक्सियुस मिंज, आर. फारुख खान, आर. अनिल रात्रे, आर. योगेष राठौर, आर. टकेषवर कटकवार, आर. दिलीप सिदार, आर. महेश यादव, आर. अजय नेताम का योगदान रहा।

# अवैध चखना सेन्टर पर चला प्रशासन का बुलडोजर





**जांजगीर**, 08 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भले ही नई सरकार का गठन होने में समय है परंतु परिवर्तन का असर प्रशासनिक अमले में देखा जा सकता है। राजधानी से लेकर अधिकांश जिलों में बुलडोजर की धमक देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में जिले में सरकारी शराब दुकानों के सामने अवैध रूप से चखना सेंटर चला रहे ठिकानों पर राजस्व एवं पुलिस के अमले द्वारा हटाने की कार्रवाई की गई।

जांजगीर- नैला नगरपालिका के केरा रोड स्थित बस स्टैंड के पास से अवैध अतिक्रमण हटाया गया है। शुक्रवार को नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम ने सड़क किनारे से अवैध निर्माण, अवैध दुकानों और अवैध चखना सेंटरों पर कार्रवाई की। नगरपालिका की टीम को देखकर कई दुकानदारों ने खुद से अपनी अपनी दुकानें हटा लीं। कल शाम को ही सभी अवैध अधिक्रमण करने वाले को शुक्रवार 11 बजे तक का समय दिया गया था जिस पर कई लोगों ने स्वयं से अतिक्रमण हटा लिया और कुछ ठेला गुमठी नहीं हटाने के कारण जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने जेसीबी से दुकान को हटाया एवं सड़क किनारे मलबा को हटाने की कार्यवाही पूरी की। तहसीलदार ने बताया की अवैध अतिक्रमण पर लगातार कार्यवाही चलेगी। जिला मुख्यालय में संचालित सरकारी शराब भट्टी के सामने अवैध चखना दुकान सहित शहर में हुए अतिक्रमण पर कार्यवाही होगी आज केरा रोड स्थित सरकारी शराब दुकान नया बस स्टैंड के सामने अवैध रूप से हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही किया गया। इस बाबत जिला प्रशासन ने गुरुवार की शाम 5 बजे केरा रोड स्थित बस स्टैंड के पास सड़क किनारे अतिक्रमण कर रखे दुकानदारों को समझाइश भी दी थी। उन्हें बताया गया था कि अगर उन्होंने दुकान नहीं हटाई, तो शुक्रवार को तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक व्यास कश्यप को केले व सिक्के के साथ तौला गया

जांजगीर, 08 दिसम्बर (देशबन्धु)। चुनाव जीतने के बाद नए विधायक व्यास कश्यप का गांवों से लेकर शहरों तक अभूतपूर्व स्वागत किया जा रहा है। आज नवागढ़ पहुंचने पर लोगों ने विधायक व्यास कश्यप का आत्मीय स्वागत किया। लोगों के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके स्वागत में व्यास कश्यप को लोगों ने केले के साथ ही सिक्के में तौला। इस दौरान व्यास कश्यप ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने उन्हें सेवा करने का अवसर दिया है, जिसके लिए वो कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जांजगीर चांपा क्षेत्र का अपेक्षित विकास कराने हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मतगणना में पहले ही राउंड से पीछे चल रहे कांग्रेस के व्यास कश्यप 13 वें राउंड से ऐसे आगे बढ़े कि उन्होंने जीतकर ही दम ली। हाईप्रोफाइल जांजगीर चांपा सीट को उन्होंने आखिरकार 6 हजार 971 वोटों से जीत ली। नवनिर्वाचित विधायक व्यास कश्यप को ग्रामीण क्षेत्रों से अपेक्षित वोट मिला है, जिसके चलते उन्होंने भाजपा के नारायण चंदेल को करारी शिकस्त दी है।



# आंगनबाड़ी बना कूड़ादान- बच्चों के स्वास्थ्य को खुली चुनौती!




### साप्ताहिक बाजार से निकलने वाले कचरे से गांव हो रहा प्रदूषित

**सारंगढ़** 08 दिसंबर (देशबन्धु)। सारंगढ़ विधानसभा अंतर्गत अर्थात नवगठित जिला मुख्यालय से महज कुछ ही दूरी में बसता लगभग 3 हजार जनसंख्या वाला एक सभ्य ग्राम पंचायत सिंघनपुर - अ, जो कि बीडीसी क्षेत्र क्रमांक 7 अन्तर्गत आता है। उक्त स्थान में चर्चो का विषय ऐसा है कि स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार वहाँ के आंगनबाड़ी केन्द्र-अ के बाहर पिछले वर्ष या शायद् उससे भी अधिक पूर्व समय से कचरों का ढेर आज पर्यंत तक पाँव पसारे बैठा है। हैरानी की बात ये है कि वहाँ सुध लेने के लिए किसी कर्मठ, योग्य, जागरूक जनप्रतिनिधि की नजर नहीं पड़ रही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस जगह पर साप्ताहिक बाजार का चलन भी है जहाँ का कचरा उसी जगह फेक दिया जाता है जिससे निकलने वाली दुर्गन्ध से राहगीरों का गुजरना तक दूभर हो जाता है वहीं आंगनबाड़ी के नन्हे बच्चों के स्वास्थ्य पर कैसा असर छोड़ता होगा। यह चिंता का विषय है। गौरतलब है कि आसपास पंचायत भवन, राशन वितरण केन्द्र और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित है। गांव में स्वच्छता को जनप्रतिनिधि गंभीर नहीं है। जनहित में जनस्वास्थ्य की दृष्टिकोण से सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने की सख्त आवश्यकता है।



# देश विदेश

## वानुअतु द्वीप समूह में 5.8 तीव्रता का भूकंप

**पोर्ट-विला,** 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप राष्ट्र वानू आतू में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किये गये। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने आज यह जानकारी दी। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 आंकी गयी। भूकंप से जान-माल के नुकसान की फलहाल कोई सूचना नहीं है। भूकंप का केंद्र 20.42 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 169.27 डिग्री पूर्वी देशांतर में जमीन की सतह से 10 किमी की गहराई में स्थित था।

## श्रीलंका अगले वर्ष एफएओ सम्मेलन की मेजबानी करेगा

**कोलंबो,** 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। श्रीलंका फरवरी, 2024 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के एशिया प्रशांत क्षेत्रीय



सम्मेलन (एपीआरसी) के 37वें सत्र की मेजबानी करेगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने एफएओ के हवाले से बताया कि यह सम्मेलन एशिया प्रशांत क्षेत्र के 46 सदस्य देशों के कृषि मंत्रियों और उच्च अधिकारियों को खाद्य और कृषि से संबंधित चुनौतियों और प्राथमिकताओं पर चर्चा करने और क्षेत्रीय सामंजस्य को बढ़ावा देने में सक्षम बनाएगा। श्रीलंका के कृषि मंत्री महिंदा अमरवीरा ने कहा कि यह सभा क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी, जिससे श्रीलंका के कृषि परिदृश्य, मत्स्य पालन क्षेत्र और पर्यावरण के साथ-साथ भाग लेने वाले सदस्य देशों को लाभ होगा। एफएओ के अनुसार, इस आयोजन की मेजबानी कर श्रीलंका न केवल घर पर बल्कि पूरे क्षेत्र में कृषि के टिकाऊ विकास के प्रति देश के समर्पण को प्रदर्शित करता है, और टिकाऊ कृषि विकास में भागीदार बनने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# गाजा पट्टी में 36 में से 14 अस्पताल ही चालू

**गाजा,** 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में 36 अस्पतालों में से सीमित सेवाएं के साथ केवल 14 अस्पतालों में ही मरीजों का उपचार किया जा रहा है, अन्य अस्पतालों में मरीजों के उपचार के लिए साधन उपलब्ध नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वयक कार्यालय (ओसीएचए) ने गुरुवार को अपनी ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इससे पहले सोमवार को कहा था कि गाजा पट्टी में 36 में से आधा यानी 18 अस्पतालों ने 60 दिनों से कम में काम बंद कर दिया है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस ने कहा कि गाजा पट्टी में ज्यादातर स्वास्थ्य प्रणाली का परिसर पूरी तरह ढह गए हैं।




ओसीएचए ने अपनी रिपोर्ट में कहा, 'गाजा पट्टी में वर्तमान में 36 में से मात्र 14 अस्पताल ही काम कर रहे है और इन अस्पतालों में केवल सीमित सेवाएं उपलब्ध हैं,

**गाजा पट्टी में ज्यादातर स्वास्थ्य प्रणाली का परिसर पूरी तरह ढह गए :-टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस, महानिदेशक डब्ल्यूएचओ**

उनमें से उत्तर में दो छोटे अस्पताल और दक्षिण में 12 अस्पताल ही नये मरीज भर्ती करने में सक्षम है।' उल्लेखनीय है कि 07 अक्टूबर को फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने गाजा पट्टी से बड़े स्तर पर इजरायल पर रॉकटों से हमला किया। इसके जवाब में इजरायल ने गाजा को पूरी तरह बंद करने का आदेश दिया और पानी, खाने और ईंधन की आपूर्ति को काट दिया। गत 27 अक्टूबर को इजरायल ने हमास के लड़ाकों का खात्मा करने और बंधकों को छुड़ाने के लिए गाजा पट्टी में घुसकर जमीनी कार्रवाई की।

गत 24 नवंबर को कतर की मध्यस्थता से इजरायल और हमास के बीच अस्थायी रूप से युद्ध विराम करने और कुछ कैदियों और बंधकों की अदला बदली की गयी और गाजा पट्टी में मानवीय सहायता की आपूर्ति की गयी। संघर्ष विराम कुछ समय के लिए आगे बढ़ा और गत शुक्रवार को खत्म हो गया।

## वेस्ट बैंक में इजरायली सेना के हमले में 6 फिलिस्तीनियों की मौत

**रामल्लाह।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि शुक्रवार को वेस्ट बैंक के तुबास में एक शरणार्थी शिविर पर इजरायली बलों के हमले में कम से कम छह फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 'दक्षिणी तुबास में अल-फर' शरणार्थी शिविर पर इजरायली सैनिकों के हमले के दौरान फिलिस्तीनी मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हो गए।' स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि शिविर में फिलिस्तीनियों और इजरायली सैनिकों के बीच हिंसक टकराव हुआ, जिसके दौरान भारी गोलीबारी और विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। इज़रायली सेना ने घटना पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की और कहा कि वह रिपोर्ट की जांच कर रही है।



## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 9 दिसम्बर , 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 12**

### राशिफल

मेष - आज आप पर भाग्य मेहरबान रहेगा। दिन भर मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखी रहेगा। साथ में प्रवास का और सुरुचिपूर्ण भोजन का भी योग है। कोई खोई हुई वस्तु आज मिलने की संभावना अधिक है।

वृषभ - आज दिनभर आप आनंदित रहेंगे। अपने काम में व्यवस्थित रूप से आप आगे बढ़ पाएंगे और योजना के अनुसार काम भी कर सकेंगे। अधूरे कामों सफलतापूर्वक पूरा कर पाएंगे।

मिथुन - आज का दिन मध्यम रहेगा। नए काम की शुरूआत न करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी और संतान के विषय में चिंता रहेगी। इस कारण मन में चिंता बनी रहेगी। अपच के कारण स्वास्थ्य भी कुछ नरम-गरम रहेगा।

कर्क - आज आप संभलकर चलें। शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक प्रसन्नता बनाए रखने में आज कष्ट का अनुभव होगा। छाती में पीड़ा अथवा अन्य विकार से भी कष्ट की अनुभूति होगी।

सिंह - आज तन-मन से स्वस्थ और खुश रहेंगे। पड़ोसी और भाई-बंधुओं के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। निर्धारित काम समय पर पूरे होंगे। छोटी यात्रा होगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

कन्या - किसी बात को लेकर मन उलझन में रहेगा। नकारात्मक विचारों से मानसिक अस्वस्थता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। अनावश्यक खर्च होगा। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन नहीं लगेगा।

तुला - अभी आप आर्थिक आयोजन बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगे। आज आपकी कलात्मक और सृजनात्मक शक्ति श्रेष्ठ रहेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। दृढ़ विचार और आत्मविश्वास से काम पूरे कर सकेंगे।

वृश्चिक - आज आमोद-प्रमोद तथा मनोरंजन के पीछे पैसे खर्च होंगे। मानसिक चिंता और शारीरिक तकलीफ से परेशानी होगी। असंयमित वाणी या व्यवहार झगड़े का कारण बन सकता है। परिजनों और स्नेहियों के साथ अनबन रहेगी।

धनु - प्रेम का सुखद अनुभव प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आर्थिक, सामाजिक और कुटुंबजनों के साथ बातचीत के लिए आज का दिन लाभदायी है। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा।

मकर - व्यवसाय के क्षेत्र में धन, मान एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में भी आपका परिश्रम रंग लाएगा। घर, परिवार और संतान के मामले में आनंद और संतोष की भावना का अनुभव होगा।

कुंभ - आज आप अपने आपको अस्वस्थ महसूस करेंगे, परंतु मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। काम करने में उत्साह का अभाव रहेगा। ऑफिस में उच्च अधिकारियों से बचकर रहें। विरोधियों के साथ दलीलों में उतरना उचित नहीं है।

मीन - आज का दिन ईश्वरभक्ति और आध्यात्मिकता में गुजरेगा। आज के दिन आपको थोड़ी बहुत प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थ्य के विषय में विशेष ध्यान रखना पडेगा। बीमारी के कारण अधिक खर्च होने की भी संभावना है

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## पुतिन 2024 में राष्ट्रपति चुनाव फिर से लड़ेंगे

**मॉस्को,** 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह 2024 में अपने लगातार तीसरे और कुल मिलाकर छठे कार्यकाल के लिए फिर से चुनाव लड़ेंगे। मीडिया रिपोर्ट में ये कहा गया है। रसिया टूडे की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने क्रेमलिन में एक समारोह में यह घोषणा की, जहां उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ विशेष सैन्य अभियान में भाग लेने वाले सैनिकों को हीरो ऑफ रशिया पदक से सम्मानित किया। पुतिन ने डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के हीरो अर्टिओम ज़ोगा के एक सवाल के जवाब में चुनाव लड़ने के अपने फैसले की रूपरेखा दी। 2020 में रूसी संविधान में किए गए संशोधन के तहत, एक व्यक्ति केवल दो कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद पर रह सकता है। हालांकि, यह प्रावधान पहले से लागू नहीं होगी। यह पुतिन को चुनाव लड़ने में सक्षम बनाता है, जो 2000 में पहली बार राष्ट्रपति चुने गए थे और 2012 में प्रधानमंत्री के रूप में लौटने से पहले 2008 तक इस पद पर थे।



**छठे कार्यकाल के लिए फिर से चुनाव लड़ेंगे**

## किशिदा ने धन घोटाले पर सत्तारुढ़ पार्टी के कोच्चिकाई गुट के नेता पद से दिया इस्तीफा

**टोक्यो,** 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। जापान के प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि उन्होंने धन संचय कार्यक्रमों के लिए टिकट बिक्री से आय और व्यय को वर्षों तक छिपाने के घोटाले के कारण सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के कोचिकई गुट के नेता के रूप में पद छोड़ने का फैसला किया है। जापानी प्रसारक एनएचके ने गुरुवार को किशिदा के हवाले से कहा, 'मैं पहल करना चाहता हूं और पार्टी की राजनीति में विश्वास बहाल करने के लिए कड़ी मेहनत करना चाहता हूं। यही कारण है कि मैंने प्रधान पर रहते एलडीपी गुट के अध्यक्ष के पद को छोड़ने का फैसला किया है।' इस बीच, जापानी संसद के एक प्रसारण के अनुसार, जापान की विपक्षी संवैधानिक डेमोक्रेटिक पार्टी ने धन घोटाले पर मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाज़ु मात्सुनो और अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्री यासुतोशी निशिमुरा के इस्तीफे की मांग की है।



किशिदा ने निचले सदन सत्र के दौरान अपने सम्बोधन में कहा, 'विस्तृत उत्तर जांच को नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी बयान देने से बचना जरूरी है।

मुख्य कैबिनेट सचिव अलग-अलग कर्तव्य निभाते हैं। जहां तक आपके द्वारा पूछे गए सवालों का सवाल है, तो जवाब देने से बचना जरूरी है, लेकिन अन्यथा मैं चाहता हूं कि वह ऐसा करते रहें।' अपने कर्तव्यों को पूरा करें।'

## अमेरिका में मानव तस्करी के आरोप में भारतीय मोटल मैनेजर को जेल

**न्यूयॉर्क,** 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य जॉर्जिया में 71 साल के एक भारतीय मोटल प्रबंधक को एक महिला की तस्करी करने के जुर्म में 57 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। भारतीय नागरिक और कानूनी तौर पर अमेरिका के स्थायी निवासी श्रीश तिवारी को 42,648 डॉलर का भुगतान करने का आदेश भी दिया गया है। न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के सहायक अटॉर्नी जनरल क्रिस्टन क्लार्क ने कहा, 'मानव तस्करी कहीं भी हो सकती है। तस्कर कमजोरियों की पहचान करने में माहिर होते हैं। कमजोरी पहचान कर व्यक्ति को उम्मीद देते हैं और उनका फायदा उठाते हैं।' क्लार्क ने कहा, 'यह सजा और इस जघन्य श्रम तस्करी योजना से बचे लोगों के लिए सुरक्षित मुआवजा यह स्पष्ट



करता है कि न्याय विभाग किसी भी व्यक्ति पर मुकदमा चलाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो अपनी सत्ता की स्थिति का खुलेआम शोषण करता है।' न्याय विभाग की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, श्रीश तिवारी ने 2020 में कार्टर्सविले में बजटेल मोटल का काम शुरू किया था। इसके तुरंत बाद, उसने पीड़िता को मोटल में नौकरानी के रूप में काम पर रख लिया और उसे एक कमरा दिया, जिसमें वह रह सकती थी। तिवारी को पता था कि पीड़िता पहले ही बेघर हो चुकी है। वह नशे की लत से जूझ रही थी और अपने छोटे बच्चे की कस्टडी खो चुकी थी। उसने पीड़िता से वादा किया कि वह उसे वेतन, एक अपार्टमेंट और एक वकील प्रदान कर उसके बच्चे की कस्टडी वापस पाने में मदद करेगा। लेकिन अपने वादों पर अमल करने के बजाय, तिवारी ने मोटल के मेहमानों और कर्मचारियों के साथ पीड़िता की बातचीत पर नजर रखी और उसे उनसे बात करने से मना किया। उसने पीड़िता का अपने घरवालों से बात करना बंद करवा दिया, इसके लिए उसे बरगलाया कि उसके घरवाले उसकी परवाह नहीं करते हैं और पीड़िता को कई यौन प्रस्ताव भी दिए।

दस्तावेजों में कहा गया है कि जब तिवारी को पीड़िता पर गुस्सा आया, तो उसने उसे मोटल में कमरे से निकालने की धमकी दी, यह जानते हुए कि वह बेघर हो जाएगी।

## म्यांमार में आग लगने से 11 घर जलकर खाक

**यांगून,** 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। म्यांमार के मांडले क्षेत्र के मदाया टाउनशिप में आग लगने से 11 घर जलकर खाक हो गए। यहां की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह खबर दी। यह हादसा तब हुआ जब पांच साल का एक बच्चा माचिस से खेल रहा था और बिस्तर में आग लग गई। बचाव दल के एक अधिकारी ने शुक्रवार को सिन्हुआ न्यूज एजेंसी को बताया कि बाद में आग उस घर से दूसरे घरों तक फैल गई और 11 घर जल गए। म्यांमा एलिन्न अखबार ने कहा कि मांडले क्षेत्र के मडाया टाउनशिप के ताउंगप्योन ग्यी गांव में गुरुवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 11.30 बजे आग लग गई और लगभग एक घंटे बाद इसे बुझा दिया गया। बचाव दल ने कहा, 'हमने लोगों को मलबे से बाहर निकाला और आग बुझा दी।' अधिकारी ने बताया कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ।

## आज का इतिहास

1484 -महान कवि एवं संत सूरदास का जन्म।
1625 -हालैंड और इंग्लैंड के बीच सैन्य संधि पर हस्ताक्षर।
1761 -शिवाजी की पुत्री ताराबाई का पुणे में निधन।
1762 -ब्रिटिश संसद ने पेरिस संधि को स्वीकार किया।
1825... सिपाही विद्रोह के एक प्रमुख नायक राव तुला राम का हरियाणा के रेवाड़ी जिले में जन्म।
1870 -डा. आई एस श्रुधर का वेल्लोर के अस्पताल में जन्म।
1898 -बेलूर मठ की स्थापना।
1910 -फ्रांसीसी सेनाओं ने मोरक्को के बंदरगाह शहर अगादीर पर कब्जा किया।
1917 -जनरल अलेनबाय के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने यरुशलम पर कब्जा किया।
1924 -हालैंड और हंगरी के बीच व्यापार संधि पर हस्ताक्षर।
1931 -जापानी सेना ने चीन के जेहोल प्रांत पर हमला किया।
1941 -चीन ने जापान, जर्मनी और इटली के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1946 -संविधान सभा की पहली बैठक नयी दिल्ली के कांस्टीट्यूनल हॉल में हुई।
1946 -कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्म।
1992 -प्रिंस चार्ल्स और प्रिंसेस डायना ने अलग होने की औपचारिक रूप से घोषणा की।
2003 -रूस में मास्को के मध्य भाग में विस्फोट से छह लोगों की मौत और कई घायल।

**परेशानी** कनाडा के फैसले से भारत के छात्रों पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ेगा

## वीजा के लिए धन की आवश्यकता दोगुनी करने से भारतीय छात्रों को होगी परेशानी

**टोरंटो, 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय छात्रों को अध्ययन वीजा प्राप्त करने के लिए आवश्यक रिजर्व धनराशि को दोगुना करने के कनाडा के फैसले से भारत के छात्रों पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि वे उत्तर अमेरिकी देश में अंतरराष्ट्रीय छात्रों का लगभग 4 प्रतिशत भारतीय हैं। कनाडा के लिए अध्ययन वीज़ा प्राप्त करने के लिए एक छात्र को वहाँ जीवन यापन लागत को कवर करने के लिए अपने खाते में 1 हजार कनाडाई डॉलर दिखाने की आवश्यकता होती है।**

लेकिन 2024 से, उन्हें अपनी एक साल की ट्यूशन फीस के अलावा कम से कम 20,635 कनाडाई डॉलर अपने खाते में दिखाने होंगे। यदि छात्र अपने साथ परिवार के एक सदस्य को लाते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त चार हजार कनाडाई डॉलर दिखाने होंगे। वर्तमान में कनाडा में पढ़ रहे लगभग आठ लाख अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से तीन लाख 20 हजार भारत से हैं। पंजाब के छात्रों की संख्या मोटे तौर पर उनमें से लगभग 70 प्रतिशत है। कनाडा के आप्रवासन मंत्री मार्क मिलर ने गुरुवार को कहा, 'सितंबर 2024 से पहले, हम वीजा को महत्वपूर्ण रूप से सीमित करने सहित आवश्यक उपाय करने के लिए तैयार हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नामित शिक्षण संस्थान पर्याप्त छात्र सहायता प्रदान करें।' चूंकि अंतरराष्ट्रीय छात्रों की भारी आमद ने आवास संकट पैदा कर दिया है, मंत्री ने कहा, 'आवास संकट के लिए अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दोषी ठहराना एक गलती होगी। लेकिन उन्हें बिना किसी समर्थन के कनाडा आने के लिए आमंत्रित करना भी एक गलती होगी। इसमें यह भी शामिल है कि उनके सिर पर छत कैसे उपलब्ध कराई जाए। इसीलिए हम शिक्षण संस्थानों से अपेक्षा करते हैं कि वे केवल उन्हीं छात्रों को स्वीकार करें जिन्हें वे घर देने में या परिसर से बाहर आवास खोजने में सहायता करने में सक्षम हैं। अंतरराष्ट्रीय छात्रों को लुभाने के लिए कनाडा भर में फैले फर्जी कॉलेजों को बंद करने का वादा करते हुए, मंत्री ने कहा, 'प्रांतों में, पिल्ला मिलों के बराबर डिप्लोमा हैं जो सिर्फ डिप्लोमा तैयार कर रहे हैं, और यह एक वैध छात्र अनुभव नहीं है। ?



- **उत्तर अमेरिकी देश में अंतरराष्ट्रीय छात्रों का लगभग 40 प्रतिशत भारतीय हैं**
- **2024 से, उन्हें अपनी एक साल की ट्यूशन फीस के अलावा कम से कम 20,635 कनाडाई डॉलर अपने खाते में दिखाने होंगे**

## सुडोकू 6400


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | 4 | | | 3 | | | 5 |
| | | 3 | 5 | | | 2 | 6 | |
| | | | | | 2 | 9 | 4 | |
| | | | 8 | 4 | 7 | | | |
| | 8 | 6 | 3 | | | | | |
| | 2 | 5 | | | 8 | 1 | | |
| 6 | | | 7 | | | 5 | | |
| 1 | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**


## वर्ग पहेली 6400



**बायें से दायें:-**
१. अतृप्त, अप्रसन्न
३. कोषागा, खजाना
५. पागल, विक्षिप्त
६. किसी वस्तु के बनाने में होने वाला खर्च
७. क्षतिपूर्ति, क्षतिपूर्ति की राशि (उर्दू)
९. अंजन
१०. वह कल्पित पर्वत जिसके पीछे सूर्य का डूबना माना जाता है
१२. किसी गीत के मुखड़े के अन्य अतिरिक्त पद,
१३. प्रारब्ध, भाग्य
१४. किसी व्यक्ति या संस्था को दिया जाने वाला राजकीय पत्र (चार्टर)
१६. अंत:करण, चित्त
१८. कांटा
२०. रामचंद्र
२१. पत्र प्रसिद्ध रूसी उपन्यास लेखक तथा समाज सुधारक
२३. सोने का कमरा

**ऊपर से नीचे:-**
१. मुनाफाखोरी
२. फौरन
३. शोरगुल
४. बोलने का ढंग, बोलचाल (उर्दू)
५. बचपन
८. जिसकी कामनाएं पूरी न हुई हो (उर्दू)
१०. बड़ा भाई
११. आचरण, स्वभाव, शील
१२. आखिरी
१३. बिलकुल, पूरी तरह
१४. जिसका शासनकाल सुखमय और खुशहाली का हो (उपमा)
१५. दूसरे के अधीन, पराधीन
१७. जिसकी नाक कटी हुई हो
१८. स्त्रियों के हाथ में पहनने का एक गहना
१९. व्यंग्य, ताना
२२. अगर

### वर्ग पहेली-6399



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6400 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 2 | 6 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 6 |

## दुनिया को जानें

## नानयिन संगीत: चीनी संगीत के इतिहास में जीवित जीवाश्म

**बीजिंग,** 8 दिसम्बर (एजेंसियां)। 14वें चीन छ्वानचो अंतर्राष्ट्रीय नानयिन संगीत महासभा का उद्घाटन समारोह 7 दिसंबर की रात को दक्षिण चीन के फूच्येन प्रांत के छ्व्यानचो शहर में आयोजित किया गया, जो 5वें समुद्री सिल्क रोड अंतरराष्ट्रीय कला महोत्सव की शुरुआत है। नानयिन संगीत महासभा के दौरान, फिलीपींस, मलेशिया, सिंगापुर आदि देशों के साथ-साथ चीन के थाईवान, हांगकांग और मकाओ आदि क्षेत्रों से 38 घरेलू और विदेशी नानयिन सोसायटी एक साथ एकत्र होकर शानदार और मधुर संगीत पेश करेंगे। बता दें कि नानयिन संगीत की उत्पत्ति थांग राजवंश में हुई और इसका विकास सोंग राजवंश में हुआ। इसकी उत्पत्ति छ्व्यनचो में हुई और इसका इतिहास हजारों साल पुराना है।

थांग और सोंग राजवंशों के दौरान भीतरी इलाके के अप्रवासियों ने संगीत संस्कृति को दक्षिणी फूच्येन क्षेत्र में लाया और स्थानीय लोक संगीत के साथ एकीकृत करके नानयिन संगीत का गठन किया।

# खेल जगत

## बीबीएल में ग्लेन मैक्सवेल चोटिल होकर अगले मुकाबले से हुए बाहर

**मेलबर्न** 8 दिसंबर (एजेंसियां)। मेलबर्न स्टार्स को बिग बैश लीग (बीबीएल) में खराब शुरुआत से वापसी करने की उनकी उम्मीदों को उस समय बड़ा झटका लगा उसके बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल बांह में चोट लगने के कारण पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ होने वाले अगले मैच से बाहर हो गए हैं। प्रतियोगिता की शुरूआती रात में ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय मैक्सवेल को अपनी बांह में चोट लग गई। इस दौरान मैक्सवेल ने 14 गेंदों में 23 रन बनाये थे। इस मुकाबले में स्टार्स को 103 रनों की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मैक्सवेल की अनुपस्थिति से मार्कस स्टोइनिस पर बल्लेबाजी लाइन-अप का नेतृत्व करने की अधिक जिम्मेदारी होगी। स्टार्स का अगला मुकाबला बुधवार को एमसीजी में स्कॉर्चर्स से होगा। फिर उनके अगले मैच तक 10 दिन का अंतराल होगा, 23 दिसंबर को एल्बरी में सिडनी थंडर से मुकाबला है। इस दौरान मैक्सवेल को ठीक होने का समय मिल जायेगा और उन्हें केवल एक मैच से बाहर रहना पड़ेगा।



# खिताबी मुकाबले में भिड़ेंगे सुरेश रैना और हरभजन



**सूरत,** 8 दिसंबर (एजेंसियां)। 21 दिनों की तमाम आतिशबाजी के बाद, लीजेंड्स लीग क्रिकेट सूरत में अंतिम मुकाबले में पहुंच गया है, क्योंकि नवोदित अर्बनराइजर्स हैदराबाद और मणिपाल टाइगर्स फाइनल में पहुंच गए हैं। कप्तान सुरेश रैना और हरभजन सिंह आज फाइनल से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में काफी सहज दिखे और उन्होंने ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और फाइनल के लिए अपनी राह पर चर्चा की। दोनों कप्तानों ने इस बारे में बात की कि अपने पहले सीज़न में लीजेंड्स लीग क्रिकेट का हिस्सा बनने और फाइनल में पहुंचने का टीम के लिए क्या मतलब है, जैसा कि उन्होंने कई बार किया है, यहां तक ??कि भारतीय क्रिकेट टीम में टीम के साथी के रूप में और अन्य लीग में अपनी-अपनी टीमों के साथ। दोनों टीमों के लिए फाइनल की राह लीग चरण और क्वालीफायर में विस्फोटक क्रिकेट से भरी थी क्योंकि अर्बनराइजर्स हैदराबाद फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम थी क्योंकि उन्होंने क्वालीफायर 1 में मणिपाल को हराया था। मणिपाल को कड़ी मेहनत से गुजरना पड़ा और इंतजार करना पड़ा इंडिया कैपिटल्स के खिलाफ सेमीफाइनल में उनकी बारी एक करीबी जीत की थी, जिससे फाइनल में अर्बनराइजर्स के खिलाफ मुकाबला तय हो गया। फाइनल से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुरेश रैना ने कहा, लीजेंड्स लीग क्रिकेट हमारे द्वारा खेले गए किसी भी क्रिकेट की तरह ही प्रतिस्पर्धी रहा है और हम फाइनल में भी उतने ही अच्छे क्रिकेट मैच की उम्मीद कर रहे हैं। हम दोनों ने एक साथ और एक-दूसरे के खिलाफ कई फाइनल खेले हैं और मुझे पता है कि यह अनुभव भी दूसरों की तरह ही अच्छा होगा।

हरभजन सिंह ने कहा, फाइनल के लिए यह एक अच्छी राह थी और हम अपने पदार्पण में भी इसे बनाकर बहुत खुश हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट एक बहुत ही मजेदार अनुभव रहा है और इसमें समान रूप से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट भी देखा गया है। रांची, देहरादून, जम्मू, विजाग और अंतत: अब सूरत सहित चार शहरों में खेलना इन शहरों में खेल को बढ़ावा देने के लिए बहुत अच्छा रहा है, जहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पारंपरिक रूप से नहीं खेला गया है और हम हर जगह खेल की स्थिति से भी बहुत खुश हैं।

लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सीईओ रमन रहेजा ने कहा, हम उन सभी को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने लीजेंड्स लीग क्रिकेट को देखा, समर्थन किया और आनंद लिया। हर शहर के लोगों ने हमारी लीग का स्वागत किया है और अपने पसंदीदा क्रिकेटरों और क्रिकेट जगत के दिग्गजों को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्टेडियम आए हैं। हम शनिवार को लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में फाइनल का इंतजार कर रहे हैं। फाइनल 9 दिसंबर को सूरत के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में मणिपाल टाइगर्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा और इसमें हरभजन सिंह, सुरेश रैना, मार्टिन गुप्टिल, मोहम्मद कैफ सहित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े नाम शामिल होंगे। अन्य दिग्गजों में प्रवीण कुमार और असगर अघन शामिल हैं।दोनों कप्तानों ने कहा, कल जो भी जीतेगा, हम जानते हैं कि इस लीग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अंत में क्रिकेट और क्रिकेट प्रेमी जीतें।

## श्रीसंत के खिलाफ एलएलसी ने जारी किया नोटिस : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को एलिमिनेटर मैच के दौरान मैदान पर गौतम गंभीर के साथ हुई बहस के बाद लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) कमिश्नर ने कैफ को बयानबाजी करने के लिए कानूनी नोटिस भेजा है। बुधवार को लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में इंडिया कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच एलएलसी सीज़न 2 एलिमिनेटर मैच के दौरान गंभीर और श्रीसंत के बीच तीखी नोकझोंक हुई जिसके बाद अंपायरों को स्थिति पर काबू पाने के लिए बीच-बचाव करना पड़ा। मैच के अगले दिन श्रीसंत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर लाइव हुए और गंभीर पर अभद्र शब्द कहने का आरोप लगाया। केरल के तेज गेंदबाज ने यह भी कहा कि गंभीर ने 2 1 3 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) स्पॉट फिक्सिंग कांड का जिक्र करते हुए उन्हें फिक्सर कहा था। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, एलसीसी के कानूनी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि श्रीसंत टी2 टूर्नामेंट में खेलते समय अपने अनुबंध का उल्लंघन करने के दोषी थे। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि तेज गेंदबाज के साथ बातचीत तभी शुरू की जाएगी जब वह लीग के पूर्वावलोकन के दौरान खिलाड़ी की आलोचना करने वाले वीडियो हटा देंगे। इससे पहले, एलसीसी ने एक बयान जारी कर कहा था कि वह भारत के पूर्व साथियों गंभीर और श्रीसंत से जुड़ी घटना में आचार संहिता के उल्लंघन की आंतरिक जांच करेगी। एलसीसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, यह घटना जो क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय रही है। आचार संहिता का उल्लंघन है और लीग की आचार संहिता और आचार समिति द्वारा बताए गए स्पष्ट नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भारत ने अफगानिस्तान को सात विकेट से हराया

अंडर-19 एशियाकप



**दुबई** 8 दिसंबर (एजेंसियां)। अर्शिन कुलकर्णी की नाबाद 70 रन की अर्धशतकीय पारी और मुशीर खान के 48 रनों की धैर्य पूर्ण पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां अंडर 19 एशियाकप के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को सात विकेट से हरा कर टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया।

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने अपना पहला विकेट तीसरे ओवर में आदर्श सिंह 14 रन के रूप में गंवा दिया था। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये रूद्र पटेल भी पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गये। कप्तान उदय सहारन भी अधिक देर तक नहीं टिक सके और बीसवें ओवर में 20 रन पर जदरान की गेंद पर नुमान शाह को कैच थमा बैठे। लेकिन कुलकर्णी एक छोर पर डटे रहे और उन्होंने मुशीर खान के साथ विजयी साझेदारी की। मुशीद 48 और कुलकर्णी 70 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों बल्लेबाजों के संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए 37.3 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। अफगानिस्तान की ओर से बशीर अहमद, वहीदुल्लाह जादरान और खलील अहमद को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले राज लिम्बानी और अर्शिन कुलकर्णी के तीन-तीन विकेटों की घातक गेंदबाजों की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान को 173 रनों पर ढ़ेर कर दिया था। भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगनिस्तान शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ओवर की तीसरी गेंद पर वफीउल्लाह तराखिल 15 रन का विकेट खो दिया। तराखिल को लिम्बानी ने बोल्ड आउट किया। जमशेद जदरान और सोहिल खान ने संभल कर खेलते हुए टीम के स्कोर को 75 रन तक पहुंचा। लेकिन 19 ओवर में सोहिल खान 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उसके बाद जदरान 43 रन को 23वें ओवर में अभिषेक ने बोल्ड कर अफगानिस्तान को तीसरा झटका दिया। अकरम मोहम्मदजई 20 रन, नुमान शाह 25 रन, मोहम्मद यूनुस ने 26 रन बनाये। कप्तान नसीर खान मारूफखिल पांच रन ही बना सके और खलील अहमद नौ रन बनाकर नाबाद रहे। रहीमुल्लाह जुर्मती, वहीदुल्लाह जादरान और बशीर अहमद शून्य पर आउट हुये। अफगानिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 173 के स्कोर पर ऑलआउट हो गयी।

भारत की ओर से राज लिम्बनी और अर्शिन कुलकर्णी ने तीन-तीन विकेट चटकाये। नमन तिवारी ने दो बल्लेबाजों को आउट किया तथा मुरुगन अभिषेक और मुशीर खान को एक-एक विकेट मिला।

# भारत दौरे के लिए तैयार हैं एलिसा हीली



सिडनी, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया की विकेटकीपर-बल्लेबाज एलिसा हीली का मानना है कि वह भारत दौरे से पहले प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी को लेकर आश्वस्त हैं, जो 21 दिसंबर से मुंबई में एकमात्र टेस्ट के साथ शुरू होगा। एलिसा की आखिरी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट उपस्थिति इस साल अक्टूबर में महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में हुई थी। इससे पहले वह अपने पालतु कुत्तों के बीच लड़ाई को रोकने की कोशिश करते समय चोटिल हो गईं थी जिसके बाद उन्हें बाकी टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा।

आईसीसी ने कायो समर ऑफ क्रिकेट में एलिसा के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि मैं वहां मुंबई में पहले टेस्ट के लिए रहूंगी। उन्हें मुझे वहां जाने और पहली गेंद पकड़ने से रोकने के लिए बहुत कुछ करना होगा। सब कुछ सचमुच बहुत अच्छा चल रहा है। मैंने पिछले डेढ़ सप्ताह से नेट्स पर वापसी शुरू कर दी है, इसलिए मैं बुधवार को एक बड़ी श्रृंखला के लिए भारत जाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।

मेग लैनिंग के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने के बाद एलिसा का ऑस्ट्रेलिया का नया कप्तान बनना लगभग तय हो गया है। एलिसा पिछले डेढ़ साल से मेग की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी कर रही थीं, जिसमें इस साल इंग्लैंड में एशेज भी शामिल थी।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में चार दिवसीय टेस्ट मैच पहला टेस्ट होगा जो ऑस्ट्रेलिया 1984 के बाद भारत में खेलेगा। उसी स्थान पर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और नवी मुम्बई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला होगी।

# लांस मॉरिस काफी हद तक युवा पैट कमिंस की याद दिलाते हैं : ब्रेट ली



**सिडनी,** 8 दिसंबर (आईएएनएस) ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि युवा तेज गेंदबाज लांस मॉरिस उन्हें उस समय की याद दिलाते हैं जब ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा कप्तान पैट कमिंस युवा थे। पिछले साल, मॉरिस ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कारों में ब्रैडमैन यंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था और अब उन्हें 14 दिसंबर से पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वह वास्तव में काफी हद तक युवा पैट कमिंस की याद दिलाता है। यह एक बहुत बड़ा रैप है क्योंकि कम्मो पहली बार तब सामने आया जब वह लगभग 17 साल का था, पेनरिथ के बड़ी नीली आंखों वाले लड़के के रूप में जो तेज गेंदबाजी करने के लिए उत्साहित था। वह एक स्पंज की तरह था। वास्तव में सीमित समय में मुझे लांस से बात करने का मौका मिला, यह सिर्फ इतना है कि वह क्रिकेट को लेकर उत्साहित है, वह अपने खेल को समझता है। मैं जोड़ सकता हूं कि उसका दिमाग बहुत सक्रिय है, जैसा कि अधिकांश तेज गेंदबाजों का होता है। ली ने फॉक्स क्रिकेट के सीज़न लॉन्च इवेंट में कहा, मैं बहुत प्रभावित हूं, उसके सामने एक बड़ा करियर है। हालाँकि इस साल क्या होने वाला है? मुझे यकीन नहीं है, क्योंकि उससे आगे तीन लोग हैं जो बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। हालांकि मॉरिस बेहद प्रतिभाशाली हैं, लेकिन ली को लगता है कि उन्हें अपना समय बर्बाद करना होगा क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में आगामी अंतरराष्ट्रीय पुरुष समर में मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्डस के लिए कमिंस, जोश हेज़लवुड और मिशेल स्टार्क पहली पसंद के तेज गेंदबाज हैं।

पेस एक ऐसी चीज़ है जिसे मैं इन छोटे बच्चों के साथ देखना पसंद करता हूँ। लेकिन निश्चित रूप से, जब आप उस 140 किमी/घंटा की बाधा को पार कर लेते हैं, तो उसके एक्शन, उसके स्वभाव, उसकी तकनीक का कोई कारण नहीं होता है, वह युवा है और वह उत्साहित है कि वह उस 150 किमी/घंटा की सीमा तक नहीं जा सकता है। उसे बस विकेट लेते रहने की जरूरत है। सिक्के के दूसरी तरफ हालांकि आपको स्टार्क, कमिंस और हेज़लवुड के रूप में तीन अनुभवी प्रचारक मिले हैं जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए लम्बे समय से खेला है। आपको अपने समय का इंतजार करना होगा. यह ऐसा था जैसे जब मैं ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रहा था, तो आपको विकेट लेने होते थे और तेज गेंदबाजी करनी होती थी। यह युवावस्था का विषय है, लेकिन अनुभव भी बहुत महत्वपूर्ण है। मिचेल स्टार्क - जब वह चालू होता है, तो वह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ होता है और वह गेंद को वापस स्विंग कराता है। पैट कमिंस डेविड बेकहम की तरह सुनहरे बच्चे हैं, उनके हाथ में गेंद है और वह मौके बनाते हैं। फिर हेज़लवुड मैकग्रा की तरह है, वह मानव मेट्रोनोम। ली ने निष्कर्ष निकाला, तीन लोग हैं जो शीर्ष पर हैं और उन्हें पछाड़ना काफी कठिन होगा।

## सार संक्षेप

### जमशेदपुर एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच मुकाबला ड्रा रहा

**जमशेदपुर।** पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद जमशेदपुर एफसी ने मुकाबले में वापसी करते हुए चेन्नईयिन एफसी को 2-2 से ड्रा पर रोक दिया। गुरुवार रात यहां जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गये इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले के नौवें मिनट में फारुख चौधरी ने पहला और उसके बाद निन्थोइंगनबा मीतेई ने 4वें मिनट में दूसरा गोलकर चेन्नईयिन एफसी की बढ़त दोगुनी कर दिया। वहीं जमशेदपुर एफसी के लिए पचुआउ लालडिनपुइया ने 45वें मिनट और डेनियल चीमा ने 9वें मिनट में एक-एक गोल दागकर मुकाबले को 2-2 से बराबरी पर लाकर ड्रा करा दिया। चेन्नईयिन एफसी बुधवार को घरेलू मैदान पर बेंगलुरु एफसी से भिड़ेगी तथा शनिवार को जमशेदपुर एफसी का भी बेंगलुरु एफसी से मुकाबला होगा।

### स्पेन में पांच देशों के टूर्नामेंट के लिये भारतीय टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** स्पेन के वालेंसिया में 15 दिसंबर से खेली जाने वाली पांच देशों की प्रतियोगिता के लिये सविता के नेतृत्व में भारतीय टीम की घोषणा शुक्रवार को कर दी गयी। भारत के अलावा टूर्नामेंट में आयरलैंड, जर्मनी, स्पेन और बेल्जियम की टीमें हिस्सा लेंगी। अगले साल 13 जनवरी से शुरु होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 224 से पहले यह टूर्नामेंट तैयारी के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। वंदना कटारिया को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में गोलकीपर के रूप में सविता के साथ बिचू देवी खारीबाम को शामिल किया गया है, जबकि बैकलाइन में गुरजीत कौर के साथ-साथ डिफेंडरों की सूची में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी और अक्षता अबासो ढेकाले की वापसी होगी। मिडफील्ड में निशा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, ज्योति और बलजीत कौर शामिल हैं। फॉरवर्ड पंक्ति में ज्योति छत्री, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया, ब्यूटी डुंगडुंग और शर्मिला देवी को शामिल किया गया है। टीम चयन पर बोलते हुए, भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, हम एक अच्छी तरह से संतुलित, मजबूत टीम के साथ जा रहे हैं। टूर्नामेंट खिलाड़ियों को हालिया प्रदर्शन को आगे बढ़ाने और खुद को सही फ्रेम में रखने के लिए एक आदर्श मंच देता है। शीर्ष यूरोपीय टीमों के खिलाफ मैच से हमें उन क्षेत्रों की पहचान करने में भी मदद मिलेगी जिनमें टूर्नामेंट से पहले सुधार की जरूरत है और हम इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की उम्मीद कर रहे हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स टीम की गहराई में सुधार करना चाहती है : जोनाथन बैटी



मुंबई, 9 दिसंबर (एजेंसियां)। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की शनिवार को मुंबई में होने वाली नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने कहा कि टीम की रणनीति टीम की गहराई में सुधार करने की होगी। दिल्ली, जो डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सत्र में उपविजेता रही थी, अब उनके पास 2.25 करोड़ रुपये का पर्स उपलब्ध है और उसे भरने के लिए तीन स्लॉट हैं। उन्होंने जसिया अख्तर, अपर्णा मंडल और यूएसए की तेज गेंदबाज तारा नॉरिस को रिलीज़ कर दिया जिन्होंने टूर्नामेंट में पहली बार पांच विकेट लिए थे।

फ्रैंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में जोनाथन बैटी ने कहा, हम टीम की गहराई में सुधार करना चाहते हैं। हमने पिछले साल की नीलामी में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया था और 18 खिलाड़ियों की एक अच्छी टीम तैयार की थी। हम आगामी नीलामी में अपनी वर्तमान टीम को थोड़ा बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। हम जो टीम चाहते हैं उस पर कुछ चर्चाएं हुई हैं और हम नीलामी में जाने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस साल मार्च में आयोजित डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सत्र ने दुनिया के अन्य सभी टी20 फ्रेंचाइजी महिला टूर्नामेंटों के लिए मानक स्थापित किया है।

हमने महिला प्रीमियर लीग के पिछले संस्करण में क्रिकेट की बेहतरीन गुणवत्ता देखी। टूर्नामेंट में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थीं। हमने कुछ बेहतरीन मैच और स्कोर देखे। यह टूर्नामेंट दुनिया के अन्य सभी महिला टूर्नामेंटों के लिए बेंचमार्क है। सोशल मीडिया के जरिए पता चला कि डब्ल्यूपीएल का उद्घाटन सीज़न समाप्त होने के बाद दिल्ली ने अपने खिलाड़ियों के लिए शहर और बेंगलुरु में ऑफ-सीज़न कैंप लगाए थे।

डब्ल्यूपीएल के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर, भारत की पूर्व महिला मुख्य चयनकर्ता, सहायक कोच हेमलता काला ने कहा, महिला प्रीमियर लीग के आगमन के बाद महिला क्रिकेटरों में बहुत उत्साह है। सभी खिलाड़ी टूर्नामेंट का हिस्सा बनना चाहती हैं। डब्ल्यूपीएल के पहले सीज़न का महिला क्रिकेट पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। हम देख सकते हैं कि भारतीय टीम ने हाल के महीनों में टी20 में अच्छा प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों ने भी अपने प्रदर्शन में सुधार किया है।

# 'अगर आप एक महान खिलाड़ी के रूप में याद किया जाना चाहते हैं तो टेस्ट क्रिकेट खेलें'

**नई दिल्ली,** 8 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के दिग्गज वसीम अकरम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से बाहर होने के पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ के फैसले पर चिंता व्यक्त की और तेज गेंदबाज को चेतावनी दी कि अगर उनका लक्ष्य खुद को आधुनिक समय के महान खिलाड़ियों के रूप में स्थापित करना है, तो उन्हें खेल के सबसे लंबे प्रारूप की मांगों को अपनाना होगा। रऊफ ने तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए नामित टीम से नाम वापस ले लिया, जिसके परिणामस्वरूप 18 सदस्यीय दल में तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों-- बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज सईम अयूब, तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद और ऑलराउंडर आमिर जमाल-को शामिल किया गया। . अकरम ने एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, यह उनका फैसला है। वह एक अनुबंधित खिलाड़ी हैं, इसलिए घर पर बहुत सारे विवाद हैं। तो यह उसकी कॉल है। रऊफ ने 2022 में रावलपिंडी में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। पाकिस्तान की सफेद गेंद वाली टीम, खासकर टी20 में लगातार उपस्थिति के बावजूद, उन्होंने अब तक केवल एक टेस्ट मैच में भाग लिया है। उनकी सीमित भागीदारी - पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ मैच में केवल 13 ओवर फेंकना - तब से लंबे प्रारूप में खेलने के प्रति उनके झुकाव की कमी को दर्शाता है।

अकरम ने कहा, दिन के अंत में टेस्ट एक बड़ा खेल है। आपको आठ ओवर के स्पैल फेंकने होते हैं। टी20 में आप चार ओवर फेंकते हैं और फाइन लेग पर खड़े होते हैं।

# कैबरे व रफी के दो-दो गोल से स्पेन ने भारत को हरा जू. हॉकी पुरुष हॉकी विश्व कप में लगातार दूसरी जीत दर्ज की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ स्पेन के गोलरक्षक कैपलडेस ने आधा दर्जन बचाव कर भारत को बराबरी से रोका

नई दिल्ली, 8 दिसंबर (देशबन्धु)। स्ट्राइकर वेरदिल पॉल कैबरे और कप्तान आंद्रियाज रफी के दो-दो गोल तथा गोलरक्षक गोलरक्षक जन कैपलडेस के पेनल्टी कॉर्नर के लगभग आधा दर्जन बेहतरीन बचाव बदौलत स्पेन ने भारत को क्वालालंपुर में 13 वें जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में पूल सी के मैच में 4-1 से हरा कर लगातार दूसरी जीत के साथ क्वॉर्टर फाइनल में अपना स्थान लगभग पक्का कर लिया। स्पेन ने अपने चार में दो गोल पेनल्टी कॉर्नर, एक पेनल्टी स्ट्रोक पर तथा एक मैदानी गोल किया। भारत के लिए अकेला गोल रोहित ने तीसरे क्वॉर्टर के शुरू में पेनल्टी कॉर्नर पर दागा। भारत की दो मैचों में पहले हार रही। भारत को अंतिम आठ में पहुंचने के लिए अब कनाडा से अपना पूल मैच जीतने के साथ यह भी उम्मीद करनी होगी कि स्पेन अपने अंतिम पूल में दक्षिण कोरिया को शिकस्त दी । स्पेन को मैच में आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले और उसने दो गोल में बदला जबकि भारत अपने साथ में मात्र एक को ही गोल में बदल पाया।

भारत ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से पांच मिनट बाद पहले मैच पर अपनी पकड़ जरूर बनाई लेकिन मैन ऑफ द' मैच स्पेन के गोलरक्षक गोलरक्षक जन कैपलडेस ने दूसरे क्वॉर्टर के ठीक पहले सुदीप चिरिमाको और चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में बॉबी सिंह धामी के खतरनाक शॉट को रोका ही पेनल्टी ड्रैग फ्लिकर के रोहित के तीन फ्लिक को रोक कर भारत को बराबरी पाने से रोक अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। भारत के बॉबी सिंह धामी ने बेवजह चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के पाचवें मिनट में बेवजह रफ टैकल कर पीला कार्ड होकर पांच मिनट के लिए मैदान से बाहर जाना महंगा पड़ा। इससे भारत को गोल



उतारने के लिए आक्रामक की बजाए अपने ही गोल की हिफाजत करने पर लगाना पड़ा। भारत के गोलरक्षक मोहित के बेवजह स्ट्राइकर वेरदिल पॉल कैबरे को खतरनाक ढंग से रोका और इस पर मिले पेनल्टी स्ट्रोक को कप्तान रफी ने गोल में स्पेन को 4-1 से जीत दिलाई। वेरदिल पॉल कैबरे के मैच के पहले ही मिनट में बाएं से डी में पहुंच दागे बेहतरीन मैदानी गोल की बदौलत स्पेन ने 1-0 की बढ़त हासिल की। कप्तान आंद्रियाज रफी के दूसरे क्वॉर्टर के तीसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोली कर स्पेन को 2-0 से आगे कर दिया। तेज तर्रार स्ट्राइकर सुदीप चिरिमाको ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से तीन मिनट पहले रिवर्स हिट से लगाई लेकिन स्पेन के गोलरक्षक जन कैपलडेस ने बेहतरीन बचाव कर भारत को बढ़त कम करने से रोक दिया। अग्रिम पंक्ति सुदीप चिरिमाको , विष्णुकांत सिंह और कप्तान उत्तम सिंह ने तीसरे क्वॉर्टर के शुरू में बेहतर तालमेल दिखाते हुए स्पेन के गोल पर दबाव शुरू के पांच मिनट में भारत को तीन पेनल्टी कॉर्नर दिलाए। भारत के ड्रैग फ्लिकर रोहित ने तीसरे पेनल्टी पर अचूक जमीनी ड्रैग फ्लिक से गोल कर स्कोर 1-2 दिया। वेरदिल पॉल कैबरे ने तीसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर बेहतरीन ड्रैग फ्लिक से मैच का अपना दूसरा गोल कर स्पेन को 3-1 से आगे कर दिया। विष्णुकांत के बेहतरीन प्रयास पर मिले मैच के चौथै पेनल्टी कॉर्नर पर रोहित के तेज ड्रैग फ्लिक पर स्पेन के गोलरक्षक जन कैपलडेस ने दूसरा बेहतरीन बचाव कर भारत को दूसरा गोल करने से रोका।

देशबन्धु

# अर्थ जगत

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 2.69 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.44 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.67 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.38 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.17 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 1.95 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.48 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.00 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.73 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.62 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली,** 8 दिसंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## रेपो दर स्थिर रहने से रियल एस्टेट गदगद

**नई दिल्ली,** 8 दिसंबर (एजेंसियां)। आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने के बीच महंगाई के जोखिम को देखते हुये भारतीय रिजर्व बैंक के आज नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर को यथावत बनाये रखने का रियल एस्टेट उद्योग से स्वागत करते हुये कहा है कि इससे घर खरीददारों को राहत मिली है और घरों की मांग भी बढ़ाने में मदद मिलेगी।




रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय लिया है। यह लगातार तीसरी तिमाही है जिसमें रेपो दर को यथावत रखा गया है। इससे पहले रिजर्व बैंक ने चरणबद्ध तरीके से इसमें 2.50 प्रतिशत की बढोतरी कर चुका है। नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा, रेपो दर को अपरिवर्तित रखने का निर्णय देश के आर्थिक और बुनियादी विकास की संभावनाओं में विश्वास को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2024 में जीडीपी के 7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद के साथ की गई घोषणा नए साल के लिए एक आशावादी माहौल का निर्माण करती है। अपरिवर्तित रेपो दर रियल एस्टेट बाजार में निरंतर वृद्धि के लिए अनुकूल माहौल का भी प्रतीक है, जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के हमारे सामूहिक प्रयासों के अनुरूप है और आवासीय एवं वाणिज्यिक दोनों क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। हम आरबीआई की मौद्रिक नीति घोषणा में दिए गए सकारात्मक संकेतकों से उत्साहित होकर, रियल एस्टेट क्षेत्र की मजबूत वृद्धि में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, विशेष रूप से किफायती आवास में। हालाँकि, विराम के बावजूद, मौजूदा ब्याज दर पिछले चार वर्षों में सबसे अधिक है। हम आरबीआई से अपील करते हैं कि वह अपनी अगली समीक्षा बैठक में इस पर विचार करे।

क्रेडाई एनसीआर के अध्यक्ष और गौड़ ग्रुप के सीएमडी मनोज गौड़ ने कहा कि बीते दो साल से रेजीडेंशियल रियल एस्?टेट बेहद सकारात्मक रहा है। आरबीआई के फैसले से इसे और बढ़ावा मिलेगा। बाजार मौजूदा 6.5 प्रतिशत रेपो दर को स्वीकार कर रहा है। बीते कुछ समय में प्रमुख डेवलपर्स द्वारा किए गए नए लॉन्च को उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं मिली हैं। इन्वेंट्री अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। प्रीमियम और लक्जरी परियोजनाओं की मांग अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई है। 2023 रियल एस्टेट सेक्टर के लिए शानदार साल रहा है। आरबीआई द्वारा लगातार सातवीं बार रेपो रेट को अपरिवर्तित रखने से स्थिरता का संकेत मिलता है, जिससे सेक्टर को फायदा होगा। गंगा रियल्टी के संयुक्त प्रबंध निदेशक विकास गर्ग ने कहा, आरबीआई ने मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य पर कम करने के लिए रेपो दर की यथास्थिति बनाए रखते हुए सहूलियत दिया है। उद्योग के दिग्गजों को इस फैसले की काफी उम्मीद थी, क्योंकि मुद्रास्फीति लंबे समय से चली आ रही परेशानी बनी हुई है, जिसे ठोस नीति-निर्माण निर्णयों द्वारा कम करने की आवश्यकता है। हालाँकि रियल एस्टेट क्षेत्र को रेपो दरों में मामूली कटौती से लाभ हो सकता था, लेकिन वर्तमान रेपो दर को बनाए रखने से भी कोई नुकसान नहीं होता है क्योंकि बाजार की भावनाएँ अत्यधिक सकारात्मक हैं, जिससे रेपो दर अपरिवर्तित रहने के कारण मार्केट पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

त्रेहान ग्रुप के प्रबंध निदेशक सारांश त्रेहन ने कहा, हममें से अधिकांश को यह अंदाजा था कि आरबीआई वर्तमान रेपो दर को बरकरार रखा है, इसलिए निर्णय अचंभित नही लगा। कहने की जरूरत नहीं है, अगर आरबीआई ने कुछ क्षेत्रों में बाजार की सुस्ती को पुनर्जीवित करने के लिए रेपो दरों को कम करने पर विचार किया होता तो हम इसकी सराहना करते। लेकिन संपत्ति बाजारों में लगातार पुनरोद्धार हुआ है, इसलिए जो गिरावट हुई है उसे सुचारू रुप से संचालन की स्थिति बनाने में भी मदद मिलेगी।

## उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अदाणी ने निवेश के लिए खोला पिटारा



**नई दिल्ली,** 8 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड में दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आगाज हो गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस दौरान सबसे पहले अदाणी ग्रुप ने उत्तराखंड में बड़े निवेश का ऐलान किया। सम्मेलन में पहुंचे अदाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अदाणी ने आमंत्रित करने के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देहरादून मेरे दिल में एक खास जगह रखता है। उन्होंने देहरादून ही नहीं, पूरे उत्तराखंड को भौतिक और आध्यात्मिक अनुभवों का खजाना बताया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर कोई और स्थान इतने सारे पवित्र स्थलों का प्रवेश द्वार होने का दावा नहीं कर सकता है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि लोग उत्तराखंड को देवभूमि कहते हैं। उत्तराखंड अब निजी क्षेत्र के निवेश के लिए भारत के सबसे आकर्षक प्रवेश द्वारों में से एक बन गया है। क्योंकि, पिछले पांच सालों के विकास और राज्य की स्थिति के दृष्टिकोण से तेजी से बदलाव देखा गया है। उन्होंने इसके लिए सिंगल पॉइंट क्लियरेंस, जमीन की वाजिब कीमतें, सस्ती बिजली और बेहतर डिस्ट्रिब्यूशन, कुशल कामगार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से करीबी और बेहतरीन कानून-व्यवस्था के माहौल को कारण बताया। उनके मुताबिक वर्तमान में अदाणी समूह उत्तराखंड में गैस डिस्ट्रिब्यूशन और सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग तक फैली हुई है। प्रणव अदानी के मुताबिक इंडियन ऑयल और अदाणी टोटल गैस के जॉइंट वेंचर, आईओएजीपीएल, के माध्यम से अदाणी डॉमेस्टिक, कमर्शियल और इंडस्ट्रियल सभी ग्राहकों को प्राकृतिक गैस पहुंचा रहे हैं। इसके अलावा स्वच्छ ईंधन को सर्वसुलभ बनाने के लिए अदाणी समूह 200 स्टेट ट्रांसपोर्ट बसों को पर्यावरण-अनुकूल सीएनजी बसों में बदलने में योगदान दे रहा है। इसके साथ ही उत्तराखंड में अदाणी समूह अंबुजा सीमेंट्स की मौजूदा क्षमता को बढ़ाने के लिए 1,700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा, इसके अलावा रूड़की प्लांट की क्षमता को मौजूदा 1.2 मिलियन टन प्रति वर्ष से अगले साल के आखिर तक 3 मिलियन टन प्रति वर्ष तक ले जाने के लिए 300 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। साथ ही 4 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता वाली ग्राइंडिंग यूनिट बनाने के लिए लगभग 1,400 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इस बड़े निवेश से उम्मीद की जा रही है कि ऋषिकेश-देहरादून क्षेत्र में करीब 6 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.1 अरब डॉलर बढ़कर 604.04 अरब डॉलर पर

मुंबई 8 दिसंबर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से`1 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 6.1 अरब डॉलर बढ़कर 64`.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 597.94 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार,`1 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5`.8 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 533.6 अरब डॉलर हो गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 99.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 47.33 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 3.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.25 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 5 लाख डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.85 अरब डॉलर हो गई।

## देश के विकास में इलेक्ट्रानिक्स उद्योग की भूमिका महत्वपूर्ण : गोयल

**नई दिल्ली,** 8 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत के विकास की गाथा में उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।



उन्होंने इस क्षेत्र के हितधारकों से राष्ट्र के लिए एक उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए नवाचार, गुणवत्ता और टिकाऊ प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। श्री गोयल ने इस दिशा में भारत में उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के योगदान की सराहना की।

श्री गोयल ने गुरुवार शाम यहां उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण निर्माता संघ (सीईएएमए) के 44वें वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए, मंत्री ने सामूहिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए उद्योग और सरकार के बीच सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री गोयल ने आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने में इस उद्योग के प्रयासों की सराहना की और इसे और आगे बढ़ाने के लिए सरकार के समर्थन को दोहराया।

उन्होंने 2014 के बाद से भारतीय विनिर्माण क्षमताओं में देखे गए परिवर्तन पर टिप्पणी की और कहा कि भविष्य अच्छा है क्यों कि आज भारत में कंपनियां स्वस्थ विनिर्माण प्रथाओं की ओर बढ़ रही हैं और उच्च गुणवत्ता वाले सामान का उत्पादन कर रही हैं।

मंत्री ने कहा कि सरकार महिला नेतृत्व वाले विकास की दिशा में काम कर रही है. श्री गोयल ने भारत की विकास यात्रा में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और मान्यता की भी वकालत की।

उन्होंने घरों और औपचारिक कार्यबल दोनों में महिलाओं के आर्थिक योगदान को भी रेखांकित किया महिलाओं के काम को पूरी मान्यता दिए जाने और उसका महत्व देने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने %डिजिटल इंडिया% पहल की सफलताक का उल्लेख भी किया। मंत्री ने देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में तेजी से वृद्धि, विशेष रूप से स्मार्टफोन के उपयोग के माध्यम से, और ग्रामीण क्षेत्रों पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन बदलाओं से पिछड़े इलाकों को ताकत मिल रही है।

### सार संक्षेप

#### जिंदल स्टेनल कार्बन उत्सर्जन में 5 प्रतिशत कटौती के लक्ष्य के लिए तैयार


**नई दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने कहा है कि वह 235 के लक्ष्य वर्ष से पहले 5 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन कटौती के अपने मध्यावधि लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयार है। कंपनी ने पहली बार संयुक्त राष्ट्र के जलवायु शिखर सम्मेलन कॉन्फेडरेशन ऑफ पार्टीज़ (सीओपी 28) में हिस्सा लिया। कंपनी को भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय द्वारा दुबई में इंडिया पवेलियन में आयोजित एक कार्यक्रम में कार्बन उत्सर्जन मुक्त पहलों के बारे में जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया था। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) को छठे दिन %कार्बन-मुक्त भविष्य का निर्माण- भारतीय इस्पात क्षेत्र में परिवर्तन% कार्यक्रम के लिए नोडल मंत्रालय नियुक्त किया गया था। इस दौरान संयोग से 'ऊर्जा, उद्योग/अनुकूल हस्तांतरण/मूल निवासी' विषय पर कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कंपनी के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, भारत सरकार द्वारा सीओपी28 कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया जाना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हमें अपने कार्बन मुक्ति प्रयासों पर गर्व है, और इस स्तर का आयोजन हमारी वैश्विक प्रतिबद्धताओं की पुष्टि करने का एक उपयुक्त अवसर है। हम हर साल 15 लाख टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थिरता परियोजनाओं में 7 करोड़ रुपये का निवेश करने वाले हैं । हम उच्च श्रेणी के स्टेनलेस स्टील समाधान पेश करके ग्राहकों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीनतम तकनीक के साथ तालमेल बनाकर सर्वोत्तम श्रेणी की तकनीक, नवाचार, अनुसंधान एवं विकास में निवेश और एक आधुनिक, स्थिर दुनिया के निर्माण में मदद कर रहे हैं।

#### एयरबस हेलिकॉप्टर्स और इंडमर ने हेलिकॉप्टर के रखरखाव के लिए मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** एयरबस हेलिकॉप्टर्स और इंडमर ने भारत में हेलिकॉप्टर्स के बेहतरीन ऑफ्टर-मार्केट सेवाओं के लिए हाथ मिलाया है। इससे देश में रोटरी-विंग मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल (एमआरओ) ईकोसिस्टम को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इंडमर मुंबई, नई दिल्ली और नागपुर में अपने संयंत्रों में एयरबस हेलिकॉप्टर्स के लिए एमआरओ सेवाएं उपलब्ध कराएगी। नागपुर संयंत्र का महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज शुभारंभ किया।एयरबस हिलेकाप्टर्स के कस्टमर सपोर्ट एवं सर्विसेज के कार्यकारी उपाध्यक्ष रोमेन ट्राप, और इंडमर के निदेशक प्रजय पटेल भी इस मौके पर उपस्थिति थे। श्री ट्राप ने कहा भारत में स्थायी एंड-टू-एंड रोटरी-विंग एविएशन इकोसिस्टम बनाना और उसे सपोर्ट करना एयरबस हेलिकॉप्टर्स के लिए महत्वपूर्ण है। इंडमर के साथ हमारा उद्देश्य भारत में अपने बढ़ते बेड़े और आने वाली संभावनाओं के लिए सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ ऐसी तकनीकी क्षमता विकसित करना है जिससे भारत की एमआरओ महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेग।

## आरबीआई के आर्थिक विकास अनुमान बढ़ाने से शेयर बाजार झूमा

**मुंबई** 8 दिसंबर (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चालू वित्त वर्ष के आर्थिक विकास अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत करने के साथ ही महंगाई पर लगाम लगाए रखने के लिए नीतिगत दरों को एक बार फिर से यथावत रखने के निर्णय से उत्साहित निवेशकों की वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग, आईटी और टेक समेत नौ समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार झूम उठा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 303.91अंक की तेजी के साथ 69825.60 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 68.25 अंक चढ़कर 20969.40 अंक हो गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के उलट मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई, जिसका दबाव बाजार पर रहा। बीएसई का मिडकैप 0.16 प्रतिशत उतरकर 35,290.91 अंक और स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत की गिरावट लेकर 41,104.37 अंक पर रहा।




इस दौरान बीएसई में कुल 3880 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1749 में लिवाली जबकि 2002 में बिकवाली हुई वहीं 129 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 23 कंपनियां हरे जबकि शेष 27 लाल निशान पर रही। बीएसई के नौ समूहों में तेजी जबकि शेष 11 में गिरावट रही। इस दौरान वित्तीय सेवाएं 0.64, आईटी 1.08, बैंकिंग 0.89, कैपिटल गुड्स 0.27, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.41, धातु 0.27, रियल्टी 0.67, टेक 0.97 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.18 प्रतिशत चढ़ गया वहीं एफएमसीजी 1.13, यूटिलिटीज 1.72, तेल एवं गैस 1.08 और पावर समूह के शेयर गिर गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.46, जर्मनी का डैक्स 0.38 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.11 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जापान का निक्केई 1.68 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.07 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 145अंक की तेजी के साथ 69,666.38 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद 69,506.12 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 69,893.80 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 69,521.69 अंक के मुकाबले 0.44 प्रतिशत मजबूत होकर 69825.60 अंक हो गया। निफ्टी भी 33 अंक बढ़कर 20,934.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,862.70 अंक के निचले जबकि 21,006.10 अंक सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 20,901.15 अंक की तुलना में 0.33 प्रतिशत चढ़कर 20,969.40 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एचसीएल टेक 2.69, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.44, इंफोसिस 1.67, एचडीएफसी बैंक 1.38, एक्सिस बैंक 1.17, आईसीआईसीआई बैंक 1.16, विप्रो 0.91, एलटी 0.54, एनटीपीसी 0.42, एसबीआई 0.35, टीसीएस 0.27, टेक महिंद्रा 0.19, भारती एयरटेल 0.08 और हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.05 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, आईटीसी 1.95, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.48, टाटा मोटर्स 1.00, नेस्ले इंडिया 0.73, टाटा स्टील 0.62, पावरग्रिड 0.57, एशियन पेंट 0.56, मारुति 0.56, सन फार्मा 0.34 और रिलायंस के शेयर 0.06 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## एप्पल भारत में प्रति वर्ष 50 मिलियन से अधिक आईफोन का निर्माण करने को तैयार : रिपोर्ट

नई दिल्ली, 8 दिसंबर (एजेंसियां)। एप्पल का लक्ष्य भारत में प्रति वर्ष 50 मिलियन से अधिक आईफोन निर्माण करने का है। उसका फोकस कुछ प्रोडक्शन चीन से बाहर शिफ्ट करना है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में घटनाक्रम से जुड़े लोगों का हवाला देते हुए कहा गया है कि टेक दिग्गज का लक्ष्य अगले दो से तीन वर्षों के भीतर लक्ष्य हासिल करना है, जिसके बाद अतिरिक्त दसियों लाख इकाइयों की योजना बनाई जाएगी।



अगर एप्पल इस लक्ष्य को हासिल कर लेता है तो विश्व में आईफोन उत्पादन (प्रोडक्शन) में भारत की हिस्सेदारी एक चौथाई हो जाएगी। शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन अभी भी सबसे बड़ा आईफोन निर्माता बना रहेगा।

एप्पल को एक कठिन लड़ाई का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि वह अपना प्रोडक्शन चीन से बाहर शिफ्ट करने की योजना बना रहा है। इसका मुख्य आपूर्तिकर्ता फॉक्सकॉन भारत में और अधिक कारखाने बनाने की योजना बना रहा है, क्योंकि टाटा समूह अब भारत के सबसे बड़े आईफोन असेंबली प्लांटों में से एक का निर्माण करने के लिए तैयार है। सरकार और उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-अगस्त की अवधि में भारत में 5.5 बिलियन डॉलर (45,000 करोड़ रुपये से अधिक) का मोबाइल फोन निर्यात हुआ। वाणिज्य विभाग और इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के अनुमान के अनुसार, अप्रैल-अगस्त की अवधि में 5.5 अरब डॉलर का मोबाइल फोन निर्यात हुआ, जबकि वित्त वर्ष 22-23 की समान अवधि में यह 3 अरब डॉलर (लगभग 25,000 करोड़ रुपये) था।

## खाद्य तेलों में टिकाव, चना व मसूर दाल सस्ती

**नई दिल्ली,** 8 दिसंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में चना, चना दाल और मसूर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल तक की गिरावट को छोड़कर खाद्य तेल समेत शेष सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 52 रिंगिट उबालकर 3630 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.20 सेंट की तेजी के साथ 51.33 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 50 रुपये, दाल चना 50 रुपये और मसूर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। वहीं, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9450-9550, उड़द दाल 10300-10400, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा बयान, 2024 को लेकर की बड़ी घोषणा

**देहरादून,** 8 दिसंबर (एजेंसियां)। डेस्टिनेशन उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपना संबोधन दिया। इस बार प्रधानमंत्री मोदी पहाड़ी टोपी में नजर आए। अभी हाल ही में हुए 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में बीजेपी सरकार बनने से खुश और उत्साहित पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव पर बहुत बड़ा बयान दिया। देहरादून में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने केंद्र में अपनी सरकार के तीसरे टर्म में आने की घोषणा कर दी। उन्होंने देश में लगातार विकास और पॉलिसी लेवल पर सुधार पर बोलते हुए सभी निवेशकों का आह्वान किया कि उत्तराखंड में अधिक से अधिक निवेश करें।




इस दौरान पीएम मोदी ने ऐलान किया कि उनके तीसरे टर्म में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसका मतलब साफ है कि पीएम मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव को जीतने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त और कॉन्फिडेंट हैं। प्रधानमंत्री ने संबोधन में अपनी लिखी कविता पढ़ी, जहां अंजुली में गंगाजल हो, जहां हर एक मन बस निश्छल हो, जहां गांव-गांव में देशभक्त, जहां नारी में सच्चा बल हो, इस देशभूमि का आशीर्वाद लिए मैं चलता जाता हूं, इस देवभूमि के ध्यान में सदा धन्य हो जाता हूं, हे भाग्य मेरा सौभाग्य मेरा, मैं तुमको शीष नवाता हूं।

इस कविता के बाद प्रधानमंत्री ने हाल ही में हुए उत्तरकाशी सिलक्यारा टनल हादसे का जिक्र किया। उन्होंने उत्तरकाशी टनल के सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए राज्य सरकार समेत सभी का अभिनंदन किया और कहा कि उत्तराखंड राज्य में डिविनिटी और डेवलपमेंट का अनुभव एक साथ होता है। उन्होंने भावनाओं और संभावनाओं को निकट से देखा है, अनुभव किया है। उन्होंने आगे कहा कि कुछ साल पहले वो बाबा केदार के दर्शन के लिए निकले थे, तभी अचानक उनके मुंह से निकला था कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा और ऐसा हो भी रहा है। आज हर से गांव, कस्बा, शहरों को जोड़ने का काम राज्य सरकार तेजी के साथ कर रही है। राज्य में छोटी सड़कों से लेकर चारधाम मार्ग पर तेजी से काम चल रहा है।

उन्होंने जिक्र किया कि देहरादून और पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार से एयर कनेक्टिविटी सशक्त होगी। सरकार हेली टैक्सी सेवाओं को विस्तार दे रही है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन से रेल कनेक्टिविटी भी सशक्त होगी। ये आधुनिक कनेक्टिविटी जीवन को आसान बनाने के साथ ही बिजनेस को भी आसान बना रही है। इस दौरान पीएम मोदी ने उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में आए उद्योगपतियों से बात की। पीएम मोदी ने उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने काम का स्वाट (एसडब्लूओटी) एनालिसिस करते हैं। एक राष्ट्र के रूप में भारत को लेकर आज हमें ऐसी एनालिसिस करनी होगी तो हमें चारों तरफ एस्पिरेशन, होप, इनोवेशन, सेल्फ कॉन्फिडेंस और अपॉर्चुनिटी ही दिखेगी।

# संकल्प पत्र के अनुरूप काम करने प्रशासन ने शुरू की तैयारी

## कलेक्टर ने बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश




**बिलासपुर,** 8 दिसम्बर (देशबन्धु)।भाजपा के संकल्प पत्र के अनुरूप काम करने की तैयारी जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है। कलेक्टर अवनीश शरण ने जिला अधिकारियों की बैठक लेकर घोषणा पत्र के प्रमुख बिन्दुओं की उन्हें जानकारी दी। उन्होंने संबंधित अफसरों से संकल्प पत्र का अवलोकन कर इसके पालन के लिए जिला स्तरीय कार्य-योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल सहित प्रमुख योजनाओं से जुड़े जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री शरण ने कहा कि राज्य में नई सरकार जल्द गठित होने वाली है। उन्होंने संकल्प पत्र के रूप में जनता से काम करने के कुछ वादे किये हैं। जिला प्रशासन ने राज्य सरकार के नये वादों के अनुरूप काम करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। कलेक्टर ने संकल्प पत्र की प्रमुख घोषणाएं जैसे 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी एवं इसका एक मुश्त भुगतान, रमन सरकार के पिछले दो साल का धान का बोनस, तीन पंचायतों में एक धान खरीदी केन्द्र, महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को 12 हजार रूपये सालाना भुगतान, गरीब परिवार की महिलाओं को 500 रूपये में गैस सिलेण्डर, 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास, 2 साल में हर घर में पीने का पानी, आयुष्मान भारत योजना, रानी दुर्गावती योजना, कॉलेज छात्रों को मासिक ट्रेवल योजना सहित संकल्प पत्र में किये गये अन्य वादों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिकारी हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत प्रारंभिक जानकारी, सर्वे एवं आकलन अभी से कर लें। उन्होंने कुल हितग्राहियों के साथ ही एपीएल एवं बीपीएल की अलग-अलग जानकारी तैयार रखने कहा ताकि विभाग से जानकारी मांगे जाने पर तत्काल उपलब्ध कराया जा सके। योजनाओं के पालन करने के लिए जरूरी बजट का प्रारंभिक आकलन भी प्रारंभिक रूप से कर लिया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि संकल्प पत्र का अच्छी तरह से अवलोकन कर लें और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इसकी जानकारी दें।

# कोटा विधायक अटल ने विधानसभा पहुंचकर औपचारिकता पूरी की

**बिलासपुर** , 8 दिसम्बर (देशबन्धु)। कोटा के नव निर्वाचित विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा पहुंचकर कागजी कार्यवाही एवं विधानसभा के औपचारिकता पूरी की। विधानसभा पहुंचने पर नवनिर्वाचित विधायकों को उपलब्ध कराई जा रही जानकारी से उन्हें अवगत कराया गया। विधानसभा के अधिकारियों ने विधानसभा के मुख्य द्वार पर उनका स्वागत किया और ससम्मान विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा के कक्ष तक ले गए। उसके पश्चात् पहली बार के निर्वाचित विधायकों के लिए बनाए गए हेल्प डेस्क द्वारा पूरी जानकारी प्रदान की गई। विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा कागजी कार्यवाही पूरी की गई। निर्वाचन प्रमाण पत्र एवं व्यक्तिगत डाटा उपलब्ध कराया गया। अटल ने इस अवसर पर कहा कि विधानसभा पहुंचना सुखद अनुभव हैं, मैं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के हमारे नेता सोनिया जी, राहुल जी, प्रियंका जी, खरगे जी, कुमारी सैलजा जी सहित प्रदेश के हमारे मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का आभार प्रकट करता हूं। मुझ जैसे कार्यकर्ता पर विश्वास प्रकट कर कोटा का कांग्रेस प्रत्याशी बनाया। कोटा के मतदाताओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अपने सभी शुभचिंतकों का जिन्होंने इस चुनाव में लगन एवं मेहनत से काम किया और मुझे विधायक निर्वाचित होने में मदद की, उन सबका बहुत-बहुत आभार। कोटा के मतदाताओं द्वारा प्राप्त इस सम्मान की रक्षा करते हुए कोटा विधानसभा के विकास के लिए काम करता रहूंगा। विधानसभा पहुंचना मेरे लिए सुखद अनुभूति हैं।



# अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दी दबिश, पैथोलॉजी लैब सील



**बिलासपुर** ,8 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बिलासपुर शहर के विभिन्न अस्पतालों एवं नर्सिंग होम का औचक निरीक्षण कर दस्तावेजों की जांच की गई। टीम द्वारा मिशन अस्पताल, यूनिटी अस्पताल, मॉडर्न सोनोग्राफी सेंटर, ओम नर्सिंग होम सरकंडा, साई बाबा अस्पताल जरहाभाठा का निरीक्षण किया गया। सिम्स अस्पताल के सामने स्थित मॉडर्न पैथोलैब द्वारा लैब संचालन हेतु वैध दस्तावेज निरीक्षण के दौरान प्रस्तुत नही किये जाने पर सीलबंद की कार्यवाही की गई।

अनुपलब्ध दस्तावेज 03 दिवस के भीतर जमा करने के निर्देश संस्थानों के संचालक को दिए गए है।

गौरतलब है कि आयुष विभाग की संचालक श्रीमती नम्रता गांधी ने बिलासपुर भ्रमण के दौरान जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अस्पतालों एवं नर्सिंग होम का सतत निरीक्षण करने के निर्देश विभाग को दिए है। इसी कड़ी में तहसीलदार शशिभूषण सोनी, मुकेश देवांगन व आकाश गुप्ता के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीन अलग-अलग टीम का गठन कर निरीक्षण किया जा रहा है।

# अवैध खनिज उत्खनन पर कार्रवाई, परिवहन के 11 मामले दर्ज

**बिलासपुर,** 8 दिसम्बर (देशबन्धु)। खनिज अमला बिलासपुर द्वारा विगत 10 दिनों में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही कर रहा है। मस्तूरी एवं चकरभाटा क्षेत्र में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध मुरूम उत्खनन के 02 प्रकरण दर्ज कर अर्थदण्ड/समझौता राशि 2 लाख 92 हजार 620 जमा कराया गया है।

इसके साथ ही मस्तूरी, बिल्हा, तखतपुर, बिलासपुर क्षेत्रों में सतत निरीक्षण कर अवैध खनिज परिवहन कर रहे कुल 8 वाहनों को जप्त कर खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जप्त वाहनों में 02 वाहनों में मिट्टी (ईट), 03 वाहनों में चूनापत्थर (गिट्टी) तथा 03 वाहनों में रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा था। उक्त सभी वाहनों को थाना चकरभाटा, थाना हिर्री, थाना कोनी एवं खनिज जांच नाका लावर (मस्तूरी) में सुरक्षार्थ रखा गया है। जप्त खनिजमय वाहनों पर खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत



कार्यवाही की जा रही है। खनिज अमला द्वारा रेत उत्खनन हेतु प्रतिबंधित क्षेत्रों का भी सतत निरीक्षण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र से यदि अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के मामले दर्ज होने पर पुनः एफआईआर अथवा न्यायालय में परिवाद दर्ज कराया जाएगा। उक्त कार्यवाही के अतिरिक्त 2 दिसम्बर को शिकायत के आधार पर ग्राम मोहतराई क्षेत्र स्थित कोल डिपो में खनिज कोयला का अवैध परिवहन किये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर जांच की गई जिस पर शिकायतकर्ता द्वारा मौका जांच के समय पुलिस ने भी कोयला चोरी का मामला दर्ज कराये जाने की जानकारी दी गई तथा पुलिस के द्वारा भी जांच किया जाना बताया गया।

जांच स्थल के पास ही खड़े कोयला से भरे वाहन के वाहन चालक से रॉयल्टी पर्ची की मांग किये जाने पर रॉयल्टी पची प्रस्तुत नहीं किया गया जिस पर खनि निरीक्षक के द्वारा उक्त वाहन को जप्त कर पुलिस थाना रतनपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। प्रकरण में पुलिस एवं खनिज विभाग से जांच जारी है, जांच उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी।

# एडीआरएम के बेटे ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## रेलवे ऑफीसर्स कॉलोनी में रहता था

**बिलासपुर** ,8 दिसम्बर (देशबन्धु)। बिलासपुर के रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी में रहने वाले एडीआरएम के बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात में खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया।

सुबह जब उसकी मां स्कूल जाने के लिए उसे उठाने कमरे में गई, तब उसकी लाश फंदे पर झूलती मिली। मृतक कक्षा ग्यारहवीं का छात्र था। सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना



तारबाहर थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे के एडीआरएम पद पर पदस्थ श्यामसुंदर वर्तमान में प्रतिनियुक्ति पर हैं। वे सह परिवार रेलवे क्षेत्र स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी में रहते हैं। गुरुवार की रात उनके घर में पत्नी और दो बेटे थे। सभी लोग खाना खाने के बाद कमरे में सोने के लिए चले गए। उनका बड़ा बेटा भी अपने कमरे में गया और सुबह की मां जब कमरे में गई तो वह फाँसी पर लटका मिला। फिलहाल पुलिस को कमरे की तलाशी के दौरान किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला, मृतक के मोबाइल को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दिए। इस हादसे के बाद बच्चों के माता-पिता दोनों ही सब में में है इसी वजह से पुलिस उनका बयान नहीं ले पाई है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजन के हवाले कर दिया है।

**NECC**

| 09.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 560 | 75 | 145 |
| चिल्हर | 650 | 90 | 175 |

डिलीवरी 575 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188